य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 20 | अंक 123 | पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 | नई दिल्ली, शनिवार, 23 नवंबर, 2024 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत् 2081

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

आज के अंक के साथ me.next... आपके उज्ज्वल भविष्य का भरोसेमंद साथी



पर्थ में पहले दिन गिरे 17 विकेट, बुमराह ने कराई टीम इंडिया की वापसी @स्पोर्ट्स &गेमिंग



बैकफुट पर ट्रूडो सरकार ताबड़तोड़ यू-टर्न, मानी गलती @इंडिया&वर्ल्ड



सुकमा के जंगलों में 10 नक्सली ढेर 21 लाख के इनामी 6 की हुई शिनाख्त @छत्तीसगढ़

## न्यूज विंडो

### फ्लाइट में देरी तो मिलेगा नाश्ता-भोजन

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** एयरलाइंस को अब दो से चार घंटे की देरी होने पर यात्रियों को पेय पदार्थ-नाश्ता और चार घंटे से अधिक देरी होने पर भोजन देना होगा। डीजीसीए ने उत्तर भारत में कोहरे के कारण उड़ानों में देरी हो रही है, ऐसे में यात्रियों के लिए सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

### सजा निलंबित करें, आसाराम की गुहार

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** आसाराम ने रेप मामले में उम्रकैद की सजा निलंबित करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। पीठ ने कहा कि मामले पर चिकित्सा शर्तों के आधार पर विचार होगा। अब 13 दिसंबर को सुनवाई होगी।

### आतिशी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक



**नई दिल्ली@ पत्रिका.** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली की सीएम आतिशी के खिलाफ मानहानि मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी। भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की मानहानि की शिकायत पर मजिस्ट्रेट कोर्ट के समन के खिलाफ आतिशी ने कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### खाद कारखाने में रिसी गैस, तीन मरे

**मुंबई@ पत्रिका.** महाराष्ट्र के सांगली जिले के शालगांव में एक खाद कारखाने में गैस रिसाव से दो महिलाओं और एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई। नौ लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि कारखाने के एक रिएक्टर में रासायनिक धुआं छोड़ने के दौरान धमाके के बाद गैस रिसाव हुआ।



'शरीर ही ब्रह्माण्ड' में आज **पिता ही परमपिता** पढ़ें@पत्रिकायन

## झरोखा




---

**लोकतंत्र का उत्सव :** नतीजों पर टिकी इंडिया ब्लॉक की एकता, भाजपा भी चौकस

# किसके सिर ताज, फैसला आज

## प्रियंका का भी तय होगा सियासी सफर

**शादाब अहमद**
patrika.com

**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव का जनादेश शनिवार को आएगा। इसी के साथ 15 राज्य की 48 विधानसभा सीट और दो लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे भी सामने आएंगे। वायनाड लोकसभा सीट के नतीजे से पहली बार चुनाव लड़ रही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का सियासी सफर भी तय होगा।

मतगणना से पहले जीत-हार को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें तो तेज हो गई हैं, पार्टियों में हलचल भी बढ़ गई है। नतीजों के बाद की रणनीति के लिए पार्टियों ने शुक्रवार को खूब माथापच्ची की। कांग्रेस ने दोनों राज यों में कड़े मुकाबले के मद्देनजर संभावित उठापटक से निपटने के लिए वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाया है।

दोनों राज्यों में पार्टियों ने जीते हुए विधायकों को एक साथ, एक जगह रखने की रणनीति बनाई है। दोनों पक्ष जीतने वाले विधायकों को तुरंत 'सेफ हाउस' पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर और चार्टर्ड विमान तैयार हैं। अपने विधायकों को एकजुट रखना कांग्रेस समेत अन्य दलों के लिए चुनौती होगी। नतीजों पर इंडिया ब्लॉक की एकता भी निर्भर करेगी। एग्जिट पोल से कांग्रेस समेत सभी दल सतर्क हो गए हैं। शेष@पेज03

**सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना...**

- पहले आधे घंटे पोस्टल वोट गिने जाएंगे, नौ बजे तक आने लगेंगे रुझान
- महाराष्ट्र में 66% और झारखंड में 67.74 फीसदी वोट डाले गए

15 राज्य की 48 विधानसभा सीट और दो लोकसभा सीट के नतीजे भी आएंगे




### महायुति या एमवीए

**महाराष्ट्र** में शिंदे की शिवसेना, भाजपा व राकांपा-एपी के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का मुकाबला महाविकास अघाड़ी से है, जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और राकांपा (शरद) शामिल हैं।

**विधानसभा में स्थिति**




### इंडिया या एनडीए

**झारखंड** में जेएमएम के इंडिया गठबंधन की सत्ता दांव पर है, जिसमें कांग्रेस और राजद भी शामिल हैं। दूसरी तरफ भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए है। राज्य के पहले सीएम बाबूलाल मरांडी नेतृत्व कर रहे हैं।

**विधानसभा में स्थिति**




### बहुमत से हुए दूर तो बिगड़ेगी बात

**इंडिया** ब्लॉक के तीन में से किसी भी दल की स्ट्राइक रेट बिगड़ी और बहुमत नहीं मिला तो परेशानी हो सकती है। हार का ठीकरा खराब स्ट्राइक रेट वाले दल पर फूटेगा। कांग्रेस, शिवसेना उद्धव और एनसीपी शरद ने अपने अपने हिस्से की सीटों पर जीत की स्ट्राइक रेट अच्छी रखी तो इंडिया ब्लॉक के लिए परेशानी नहीं होगी।

## ईवीएम खुलने से पहले ही शुरू हुई खटपट

**दौलतसिंह चौहान**
patrika.com

**मुंबई.** महाराष्ट्र महायुति और एमवीए दोनों गठबंधनों ने ईवीएम खुलने से पहले ही अपनी-अपनी जीत के दावों के साथ सरकार बनाने के लिए घेराबंदी और बाड़ाबंदी की तैयारियां कर ली हैं। मुख्यमंत्री पद को लेकर भी दोनों ही तरफ खटपट सुनाई देने लगी है। रिजल्ट तो दोपहर बाद ही पता चलेगा लेकिन सरकार बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। सरकार का गठन 26 नवंबर से पहले होना है।

**शिव कुमार सक्रिय, बाड़ेबंदी की तैयारी :** इधर, महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस ने कर्नाटक के डिप्टी मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार को सरकार बनाने के प्रयासों में सक्रिय कर दिया है। खरीद-फरोख्त के प्रयासों में अपने विधायकों को सबसे बड़ा खतरा मानते हुए कांग्रेस ने एक कदम और आगे जाकर प्रत्याशियों की बाड़ाबंदी की तैयारी कर ली है। शेष@पेज03

### फडणवीस व तावड़े को संयुक्त जिम्मा

भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने संघ प्रमुख मोहन भागवत और पूर्व महासचिव भैयाजी जोशी से मंत्रणा की। भाजपा ने फडणवीस और विनोद तावड़े को सरकार बनाने का जिम्मा सौंप दिया। फडणवीस और तावड़े अन्य दलों के नेताओं और निर्दलीयों से सम्पर्क कर रहे हैं।

---

**मौसम :** पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद और गिरेगा पारा

## उत्तर भारत में दो दिन छाया रहेगा घना कोहरा, दृश्यता में भी गिरावट

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** उत्तर भारत के कई राज्यों में तापमान में गिरावट से सर्दी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इन राज्यों में कोहरे का प्रकोप भी दिखाई देने लगा है। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने अगले दो दिन नई दिल्ली, एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश समेत कई इलाकों में घना कोहरा छाए रहने के आसार जताए हैं। दृश्यता भी कम रहेगी। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

आइएमडी के अनुसार 23 नवंबर से 24 नवंबर की सुबह तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, नई दिल्ली और एनसीआर के कुछ इलाकों, जबकि 23 नवंबर की देर रात से 26 नवंबर की सुबह तक हिमाचल प्रदेश में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। पूर्वी राज्यों के कुछ इलाकों में भी हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों के तापमान में और गिरावट आ सकती है। आइएमडी के मुताबिक 25 नवंबर को तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और केरल, 26 नवंबर को तमिलनाडु और 26 से 27 नवंबर को आंध्र प्रदेश में भारी बारिश के आसार हैं। दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भागों और दक्षिणी अंडमान सागर में तेज हवाएं चल सकती हैं।



**नई दिल्ली** में शुक्रवार को पानी छिड़कती स्मॉग गन।

**सुप्रीम कोर्ट**

### ट्रकों की एंट्री की निगरानी के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त

**नई दिल्ली.** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, हम दिल्ली सरकार की कोशिशों से संतुष्ट नहीं हैं। उसने ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए कुछ नहीं किया। दिल्ली में ग्रैप-4 के प्रतिबंध जारी रहेंगे। अब 25 नवंबर को सुनवाई होगी। पीठ ने कहा, 113 एंट्री पॉइंट में से सिर्फ 13 सीसीटीवी क्यों हैं? केंद्र सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे। कोर्ट ने 13 वकीलों को एंट्री पॉइंट्स पर कोर्ट कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया। इससे पता लगाया जा सकेगा कि ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंधों को लागू किया गया है या नहीं?

---

**विवाद :** निवेशकों को गुमराह करने का आरोप

## अदाणी मामले में एक्सचेंजों को सेबी के जांच के निर्देश

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**मुंबई.** अमरीका की अदालत में रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों के बाद उद्योगपति गौतम अदाणी और अदाणी समूह की परेशानियां बढ़ गई हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अदाणी समूह पर गलत जानकारी देने और निवेशकों को गुमराह करने के मामले में जांच शुरू कर दी है। सेबी ने स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई को निर्देश दिए हैं कि इस बात की जांच करें कि समूह ने बाजार में होने वाली एक्टिविटीज की जानकारी के डिस्क्लोजर के लिए अनिवार्य नियमों का उल्लंघन किया है या नहीं। एक्सचेंजों ने कंपनियों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है।

बताया जाता है कि सेबी ने स्टॉक एक्सचेंजों के अधिकारियों से पूछा है कि क्या अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड रिश्वतखोरी के आरोपों में अमरीकी न्याय विभाग की जांच का उचित रूप से खुलासा करने में विफल रही है? क्या अमरीका में जांच के संबंध में कोई देरी या चूक हुई थी? इस कारण गौतम अदाणी व भतीजे सागर अदाणी को आरोपी बनाया गया? अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में चूक या देरी साबित हो जाती है तो सेबी कार्रवाई कर सकती है और सलाह भी दे सकती है। जांच में दो सप्ताह लग सकते हैं।

### यह है मामला

**गौतम** अदाणी पर अमरीकी अभियोजकों ने भारत में सोलर पावर कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 2,200 करोड़ रुपए की घूस देने का आरोप लगाया है। अमरीकी न्याय विभाग ने अदाणी तथा उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया है। हालांकि इसमें अधिकारियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया। इन परियोजनाओं से समूह को 20 साल से अधिक समय में दो अरब डॉलर से अधिक लाभ होने का अनुमान है।

---

**डिजिटल स्ट्राइक :** साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर सख्ती

## 17,000 से ज्यादा वॉट्सऐप खाते ब्लॉक

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में साइबर धोखाधड़ी व डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर लगाम कसते हुए गृह मंत्रालय ने 17,000 से ज्यादा वॉट्सऐप खाते ब्लॉक कर दिए। ये खाते साइबर ठगी से जुड़े थे। मंत्रालय के साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की। पता चला कि धोखाधड़ी से जुटाया धन दुबई व वियतनाम में निकाला जाता है। कंबोडिया, म्यांमार व वियतनाम में बैठे अपराधी भारतीय सिम कार्ड मंगवाते हैं। करीब 45,000 सिम कार्ड कंबोडिया और म्यांमार भेजे गए थे।

मैं सीजीआइ खन्ना बोल रहा हूं... बुजुर्ग से ठगे 23 लाख @पेज03

### रोज 6 करोड़ की ठगी

सूत्रों के मुताबिक साइबर अपराधी धोखाधड़ी के जरिए हर दिन करीब छह करोड़ रुपए ठग रहे हैं। इस साल के 10 माह में करीब 2,140 करोड़ रुपए की ठगी की गई और 92,334 मामले रिपोर्ट किए गए।

**गुयाना का दौरा :** मोदी को परोसा 7 करी पत्ता का भोजन



पीएम नरेंद्र मोदी इन दिनों गुयाना के दौरे पर हैं। इस दौरान मोदी को 7 करी पत्ता का भोजन परोसते राष्ट्रपति इरफान अली। वॉटर लिली के पत्ते पर परोसा जाने वाला यह भोजन दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों को बताता है।

---

**क्रिकेट :** अगले 3 सत्रों की तारीखों का ऐलान

## आइपीएल का रोमांच 14 मार्च से, खिताबी भिड़ंत 25 मई को

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** आइपीएल ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए अगले तीन सीजन की तारीखें जारी की हैं। आइपीएल 2025 की शुरुआत 14 मार्च से होगी। इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। इसके बाद 2026 का सीजन 15 मार्च से 31 मई, जबकि 2027 का सीजन 14 मार्च से 30 मई तक होगा। तीनों सीजन में फाइनल रविवार को रखा गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस बारे में सभी फ्रेंचाइजी को ई-मेल भेजा गया है। ई-मेल में आइपीएल ने टूर्नामेंट की तारीखों को 'विंडो' बताया है। अगले साल के सीजन में 74 मैच होंगे। ये पिछले तीन सीजन के बराबर हैं। हालांकि यह संख्या आइपीएल द्वारा 2022 में लिस्ट किए गए 84 मुकाबलों से 10 कम है। तब 2027 तक के सीजन के लिए मीडिया अधिकार बेचे गए थे। मैचों की संख्या 2023, 2024 के लिए 74-74, 2025, 2026 के लिए 84-84, जबकि 2027 के लिए अधिकतम 94 निर्धारित की गई थी। सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को आइपीएल की मेगा नीलामी में कई बड़े नाम शामिल होंगे। नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 574 खिलाड़ियों में 81 का बेस प्राइस दो करोड़ रुपए है।

### नीलामी की रणनीति में मिलेगी सहायता

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने कहा है कि अगले तीन सीजन की तारीखें इसलिए साझा की गई हैं, ताकि टीमों को खिलाड़ियों की नीलामी की रणनीति बनाने में सहायता मिल सके। सदस्य देशों ने बीसीसीआइ को अगले तीन सीजन के लिए अपने खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर आश्वस्त किया है। इससे सभी 10 फ्रेंचाइजी को फायदा होगा।

---

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**आस्था**

### भगवान पार्श्वनाथ के सिक्के जारी होंगे

**चेन्नई@पत्रिका.** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के 2900वें जन्म कल्याणक एवं 2800वें निर्वाण कल्याणक महोत्सव पर 25 दिसंबर को भारत सरकार की ओर से 900 और 800 रुपए के स्मारक सिक्के जारी करेगी। सरकार स्मारक डाक टिकट भी जारी करेगी।



**आगरा कोर्ट**

### कंगना रनौत को हाजिर होने का नोटिस

**आगरा@पत्रिका.** किसानों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में आगरा की कोर्ट ने अभिनेत्री कंगना रनौत को नोटिस जारी कर 28 नवंबर को हाजिर होने का आदेश दिया है। किसान आंदोलन व महात्मा गांधी पर बयान को लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था।

**आंध्र प्रदेश**

### शादी समारोह में हार्ट अटैक से थमी जिंदगी

**कुरनूल@पत्रिका.** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के पेनुमादा गांव में शादी समारोह के दौरान दिल का दौरा पड़ने से अमेजन के एक कर्मचारी की मौत हो गई। वामसी नाम का युवक नवविवाहित जोड़े को उपहार देने के बाद मंच पर बेहोश हो गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

**जय विज्ञान** | यूरोपा पर भेजे जाएंगे 16.5 इंच और दो किलो के दर्जनों 'स्विम'

## बृहस्पति के चांद पर जीवन की तलाश करेंगे तैरने वाले रोबोट

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**वाशिंगटन.** नासा के वैज्ञानिकों ने खास तरह के रोबोट तैयार किए हैं, जो बृहस्पति के चांद यूरोपा की बर्फीली सतह के नीचे तैरकर जीवन की संभावनाओं का पता लगाएंगे। यूरोपा की सतह के नीचे महासागर के संकेत मिलने के बाद नासा की जेट प्रपल्शन लैबोरेटरी (जेपीएल) में 3 साल से इन रोबोट पर काम चल रहा था। जेपीएल ने रोबोट के प्रोटोटाइप के टेस्ट का वीडियो शेयर किया है।

इन रोबोट को 'सेंसिंग विद इंडिपेंडेंट माइक्रो स्विमर्स' (स्विम) नाम दिया है। इनका पूल में परीक्षण हो चुका है। रोबोट का आकार 16.5 इंच व वजन दो किलोग्राम होगा। नासा का प्लान दर्जनों रोबोट यूरोपा पर भेजने का है। ये पानी में तैरेंगे और महासागर के तापमान व रासायनिक संरचना का पता लगाएंगे। नासा का यूरोपा क्लिपर व यूरोपीय स्पेस एजेंसी का जूस मिशन इस दशक के अंत तक यूरोपा पर पहुंचाने की तैयारियां चल रही हैं।



नासा की जेट प्रपल्शन लैबोरेटरी में तीन साल में हुए तैयार

### जीपीएस सिस्टम से की जाएगी निगरानी

**इन** रोबोट के साथ जीपीएस सिस्टम जुड़ा होगा। इससे उनकी गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। इसी से जरूरी संकेत और आंकड़े हासिल होंगे। जेपीएल एक दूसरे तरह के रोबोट पर भी काम कर रहा है। एआइ से लैस यह रोबोट समुद्री जीव ईल जैसा होगा, जो बिजली के झटके देने के लिए मशहूर है। इसे यूरोपा की मोटी सतह के छेदों में घुसने के लिए डिजाइन किया गया है।

### आसान नहीं होगा डेटा हासिल करना

**नासा** के वैज्ञानिकों का कहना है कि यूरोपा का डेटा हासिल करना आसान नहीं होगा। पहले महासागर से डेटा सतह पर लाना होगा। बाद में इसे किसी उपग्रह तक और वहां से पृथ्वी पर पहुंचाना होगा। महासागर से सतह तक संकेत पहुंचाना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि प्रक्रिया का नियंत्रण पृथ्वी से नहीं किया जा सकेगा। प्रक्रिया पर दूर से तालमेल कैसे बैठाया जाएगा? नासा के वैज्ञानिकों में इस पर माथापच्ची चल रही है।

---

**मशीन में भगवान :** वैज्ञानिकों-धर्मशास्त्रियों ने बनाया, 100 भाषाओं में बात करेगा

## पादरी नहीं एआइ के जरिए ईसा मसीह खुद सुनेंगे कन्फेशन, स्विस गिरजाघर की पहल

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**बर्न.** गिरजाघर में लोगों की स्वीकारोक्ति पादरी सुनते हैं, लेकिन स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न में एक चर्च ने इसके लिए एआइ से संचालित ईसा मसीह का होलोग्राम तैनात किया है। इसे 'डेउस इन मशीना' (मशीन में भगवान) कहा जा रहा है।

द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक होलोग्राम ल्यूसर्न यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज एंड आर्ट्स के कंप्यूटर वैज्ञानिकों और धर्मशास्त्रियों ने मिलकर तैयार किया है। यह 100 भाषाओं में बातचीत करने में सक्षम है। होलोग्राम लोगों की स्वीकारोक्ति सुनने के बाद 'भाई, शांति आपके साथ हो' कहकर बधाई देता है। यह आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी देता है। श्रद्धालु कन्फेशनल बूथ में एआइ-जीसस से बातचीत करते हैं।

### अनोखा अनुभव

**चर्च** में लोगों को विशेष सिस्टम व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने और एआइ-जीसस की सेवा का इस्तेमाल अपने जोखिम पर करने की चेतावनी देता है। एक श्रद्धालु ने कहा, हालांकि यह मशीन है, लेकिन इसने कई तरह की सलाह दीं।

### बहस भी छिड़ गई

**इस** प्रयोग को लेकर बहस भी छिड़ गई है। कुछ लोगों ने कन्फेशनल बूथ में मशीन लगाने पर चिंता जताई। ल्यूसर्न विश्वविद्यालय के प्रो. पीटर किर्चश्लागर ने तर्क दिया कि इंसान जिस तरह के नैतिक दिशा-निर्देश देते हैं, मशीन नहीं दे सकती। स्वीकारोक्ति पादरियों को ही सुननी चाहिए।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

रेलवे की अपील: राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाएं

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव के आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** गया के मानपुर रेलखंड क्षेत्र में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों पर पथराव करने वाले दो अभियुक्तों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वो दूसरी रेल गाड़ियों को भी अपना शिकार बनाने वाले थे। रेलवे सुरक्षा बल की सक्रियता से अन्य गाड़ियां शिकार होने से बच गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गया के मानपुर के रहने वाले विकास कुमार और मनीष कुमार के



रूप में हुई है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि 16 नवंबर को एक्स (ट्विटर) पर शिकायत मिली कि गाड़ी संख्या 20894 डाउन (पटना टाटा वंदे भारत एक्सप्रेस) एवं गाड़ी संख्या 22304 डाउन ( गया हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस) में गया से गाड़ी चलने के बाद मानपुर रेल खंड मध्य के पास अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव किया है।

हमले में ट्रेन के विंडो का शीशा क्रैक हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद गया आरपीएफ ने विशेष टीम गठित कर घटनास्थल के पास छापेमारी करते हुए एंबुश वॉच किया। इस दौरान मानपुर अड्डा पंप थाना जिला बुनियादगंज निवासी मनीष कुमार उर्फ बादल और विकास कुमार उर्फ सुपर के रूप में हुई। दोनों आरोपियों की आयु 20 साल होने के साथ पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है और दोनों जमानत पर रिहा चल रहे हैं। इस बीच रेलवे ने अपील की है कि किसी भी कारण से चलती गाड़ियों पर पत्थर बाजी करने की कोशिश अपराधिक कृत्य है। सीसीटीवी कैमरा और दूसरे कैमरा से जांच करके तथा यात्रियों से फीडबैक लेकर गाड़ियों पर पत्थर मारने वाले अपराधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेनों की सुरक्षा हर नागरिक का दायित्व

रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक सूचना एवं प्रचार दिलीप कुमार ने कहा कि भारतीय रेल राष्ट्रीय संपत्ति है। गाड़ियों की रक्षा करना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने-अपने गांव-शहर में चलती रेलगाड़ियों पर पत्थरबाजी करने वाले लोगों को चिन्हित करें और इसकी सूचना रेल सुरक्षा बल तथा स्थानीय पुलिस को दें।

## बीकानेर में राष्ट्रीय महिला आयोग का महिला जन सुनवाई 26 को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से 26 नवम्बर को बीकानेर कलक्टर कार्यालय पर ''राष्ट्रीय महिला आयोग-आपके द्वार'' जनसुनवाई कार्यक्रम होगा।

महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों के समाधान के लिए आयोजित जनसुनवाई दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर, सदस्य श्रीमती ममता कुमारी व डॉ. अर्चना मजुमदार तथा सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी उपस्थित रहेंगी। कलक्टर, एसपी समेत वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

आयोग ने बीकानेर और आसपास के सभी शहरों जैसे हनुमानगढ़, अनूपगढ़ और गंगानगर आदि की महिलाओं से समस्या से अवगत कराने का आग्रह किया है। सुनवाई मे भाग लेने से संबन्धित किसी भी जानकारी के लिए रितेश नंगिया से संपर्क किया जा सकता है।

बिमटेक में हुई डीईए कॉन्फ्रेंस 2024

## ग्लोबल विशेषज्ञों ने डेटा एनालिसिस में एआई को जोड़ने पर दिया जोर




पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने ग्रेटर नोएडा में तीन दिवसीय डेटा एनवेलपमेंट एनालिसिस (डीईए) पर अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें ग्लोबल विशेषज्ञों ने डेटा एनालिसिस में एआई को जोड़ने पर जोर दिया।

बिमटेक और यूके के सरे बिजनेस स्कूल के सेंटर फॉर बिजनेस एनालिटिक्स इन प्रैक्टिस (सीबीएपी) के संयुक्त प्रयास से आयोजित हुए इस ग्लोबल सम्मेलन की थीम 'एडवांसिंग डीईए - ब्रिजिंग थ्योरी एंड प्रैक्टिस रही। सम्मेलन में 80 से अधिक वैश्विक विशेषज्ञों और उद्योग जगत के नेताओं ने हिस्सा लिया। इसमें डेटा एनवेलपमेंट एनालिसिस (डीईए) के नवीनतम प्रगति क्षेत्रों और इसके विभिन्न उद्योग अनुप्रयोगों पर गहन चर्चा हुई। सम्मेलन में प्रो. सुभाष रे (कनेक्टीकट विश्वविद्यालय), प्रो. विक्टर पोडिनोवस्की (लफबोरो विश्वविद्यालय) और प्रो. अली इमरूज़नेजाद (सरे विश्वविद्यालय) जैसे प्रमुख विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। मुख्य सम्मेलन में तीन पूर्ण सत्र और कई समानांतर कार्यशालाएं आयोजित हुई।

प्रमुख विषयों में एडवांस डीईए मॉडलिंग तकनीकें, मशीन लर्निंग का डीईए में उपयोग और सस्टेनेबल विकास से संबंधित उद्योग-अकादमिक शामिल रहे। बिमटेक की डायरेक्टर डॉ. प्रवीणा राजीव ने कहा कि डीईए एप्लीकेशंस समस्या-समाधान के लिए अभिनव दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। यह सम्मेलन उद्योग और अनुसंधान के बीच सहयोग बढ़ाने और सस्टेनेबल विकास को गति देने में मील का पत्थर साबित हुआ है।

इन्वेस्टमेंट समिट: निवेशकों के लिए खोल रहे रियायतों की पोटली

# स्टाम्प-इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन में 100% छूट, ₹1 में प्रोजेक्ट स्वीकृति

धरा पर उतरे निवेश

### नई पॉलिसियों में बड़ी रियायतें प्रस्तावित...

### नीलामी नहीं, अब सीधे भूखंड आवंटन की खुलेगी राह




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर/नई दिल्ली.** देश-दुनिया से प्रदेश में बड़ा औद्योगिक निवेश लाने के लिए राज्य सरकार उद्योगपतियों, निवेशकों को बड़ी रियायत देने जा रही है। जमीन आवंटन से लेकर माइनिंग, क्लीन एनर्जी, औद्योगिक पार्क, स्किल, एम्पलायमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, डेटा सेंटर, वन डिस्ट्रीक-वन-प्रोडक्ट, पर्यटन क्षेत्र में निवेश पर काम होगा। कई प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जिसमें स्वीकृति केवल 1 रुपए में दे दी जाएगी। वहीं, नीति के तहत उद्योग लगाने वाले निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन चार्ज और भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क में 100 फीसदी छूट देना प्रस्तावित किया गया है।

वहीं, डेटा सेंटर स्थापित करने पर इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में सात साल तक 100% छूट, बैंकिंग, व्हीलिंग व ट्रांसमिशन चार्ज में 10 साल तक सौ प्रतिशत छूट मिलेगी। भू–उपयोग परिवर्तन का शुल्क भी नहीं लेंगे। इसी तरह चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन क्षेत्र में भी निवेश की राह आसान की जा रही है।

### निजी औद्योगिक पार्क पॉलिसी

- **कम-से-कम** 50 एकड़ जमीन पर विकसित करना होगा।
- **10%** भूखंड एमएसएमई के लिए आरक्षित करना अनिवार्य।
- **पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप** या ज्वाइंट वेंचर मॉडल भी।

**90%** सिविल कार्य और **50%** भूखंड बिकने के बाद ही प्रोजेक्ट होगा प्रभावी।

- **स्टॉम्प ड्यूटी,** रजिस्ट्रेशन चार्ज और भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में 100 फीसदी छूट।

### राजस्थान क्लीन एनर्जी पॉलिसी

- **अक्षय ऊर्जा** (सोलर, विंड, पम्प स्टोरेज) प्लांट से उत्पादित सस्ती बिजली का स्टोरेज सिस्टम तैयार करने वाले प्रोजेक्ट्स को 1 रुपए पर रजिस्टर्ड करना।
- **अक्षय ऊर्जा** उत्पादन टारगेट 90 हजार मेगावाट से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार मेगावाट होगा। 5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश आएगा।
- **जो** भी कंपनी अक्षय ऊर्जा प्लांट में निवेश करेगी, वह सस्ती बिजली का कुछ हिस्सा डिस्कॉम्स को भी सप्लाई करेगी। यहां से सस्ती बिजली उत्पादन कर दूसरे राज्यों में ले जाने का सिस्टम खत्म होगा।

### राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी

- **औद्योगिक** क्षेत्रों का डेटा एकत्रित हो और सुरक्षित हाथों में रहे। इसलिए डेटा सेंटर बनाए जाएंगे।
- **न्यूनतम** 2 मेगावाट इंस्टॉलेशन क्षमता अनिवार्य है।
- **सम्पूर्ण** निवेश अधिकतम 5 साल के भीतर करना होगा।
- **इलेक्ट्रसिटी** ड्यूटी में सात साल तक 100% छूट, बैंकिंग, व्हीलिंग व ट्रांसमिशन चार्ज में 10 साल तक सौ प्रतिशत छूट मिलेगी। भू-उपयोग परिवर्तन का शुल्क भी नहीं लेंगे।
- **ग्रीन** बिल्डिंग निर्माण पर एफएआर की अतिरिक्त छूट।

### भूमि एकत्रीकरण

- **विकास** कार्यों के लिए सभी विभाग एक ही कानून के तहत जमीन ले सकेंगे। इसके लिए बिल लाया जा रहा है।
- **भूमि** मालिक, खातेदारों की सहमति से जमीन लेने की प्रक्रिया आसान होगी।

### एमएसएमई नीति

- **छोटे** और मध्यम उद्यम की जड़ें मजबूत करने के लिए वन स्टॉप शॉप समाधान पर काम होगा।
- औद्योगिक प्रोजेक्ट में एमएसएमई के लिए भूखंड रिजर्व होंगे।
- **उद्योग** शुरू करने वालों को बैंको से आसानी से लोन मिले, इसके लिए सहयोग करेंगे।

**ये भी प्रस्तावित:** राजनिवेश नीति, गारमेंट एवं अपरैल, नई पर्यटन नीति, राजस्थान लॉजिस्टिक पॉलिसी, एग्री बिजनेस, एग्री प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान इंटीग्रेटेड क्लस्टर डवलपमेंट, मेडिकल ट्यूरिज्म, ई-गवर्नेंस एंड आईटी पॉलिसी, ओडीओपी नीति, एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी।

गृह मंत्रालय के निर्देश: ताबड़तोड़ चल रहा अभियान

## मार्च 2026 तक संपूर्ण देश से नक्सलवाद मिटाने का प्लान

### 4 दशक में पहली बार नक्सल हमलों में मरने वालों की संख्या 100 से हुई कम

### 11 महीने में मारे गए 14 नक्सली नेता और 257 नक्सली

नवनीत मिश्र
patrika.com

**नई दिल्ली.** मोदी सरकार ने मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद मिटा देने की योजना पर कार्य तेज किया है। इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ जिले के सुकमा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा कर्मियों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया। गृहमंत्री अमित शाह ने बीते दिनों छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान नक्सलवाद की समीक्षा करते हुए सभी सुरक्षा एजेंसियों को आपसी तालमेल बनाकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करने को कहा था, जिसके बाद से नक्सलियों के खिलाफ मुहिम और आक्रामक हुई है।

### 257 नक्सली नेता मारे

जनवरी 2024 से अब तक 11 महीने में कुल 257 नक्सलियों को सुरक्षा बलों से मार गिराया है।ल्ह 861 की गिरफ्तारी तो 789 ने आत्मसमर्पण किया है। खास बात है कि टॉप 14 नक्सली लीडर्स का भी इस दौरान खात्मा हुआ है।

### 90 % मौतें कम हुई

2010 में देश में सर्वाधिक नक्सल हिंसा में मौतें होती थीं। उस समय 1005 मौतें हुई थीं। जबकि सितंबर 2024 तक मौत दर में 90% गिरावट देखने को मिली और यह आंकड़ा सिर्फ 96 रह गई।

### नक्सलियों के गढ़ में बढ़ी सुरक्षा

गृह मंत्रालय के निर्देश पर नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों में सिक्योरिटी वैक्यूम को समाप्त किया गया। सुरक्षा ग्रिड का विस्तार करते हुए 2019 से 279 नए सिक्योरिटी कैम्पों की स्थापना की गई। पेट्रोलिंग बढ़ने से नक्सली हमलों की संख्या में कमी आई और जिससे मौतों की संख्या कम हुई।

जज-जनसंख्या अनुपात ज्यादा होने पर अफसोस

## सुप्रीम कोर्ट: काम के दबाव के कारण जजों से होती हैं गलतियां

**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश में जनसंख्या के मुकाबले जजों की कम संख्या होने पर अफसोस जताते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों पर काम का अत्यधिक तनाव रहता है, जिसके कारण उनसे गलतियां हो जाती हैं। कोर्ट ने याद दिलाया कि 2002 में दिए फैसले में 2007 तक निचली अदालतों में 10 लाख जनसंख्या पर 50 जज होने के निर्देश दिए गए थे लेकिन 2024 तक यह अनुपात 25 जजों तक भी नहीं पहुंचा है।

जस्टिस अभय एस.ओका, जस्टिस ए.अमानुल्लाह और जस्टिस एजे मसीह की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले में सैशन जज के खिलाफ की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को रद्द करने को दायर याचिका पर फैसले में यह टिप्पणी की। बेंच ने हाईकोर्ट के फैसले से ये टिप्पणियां हटाने के निर्देश दिए। व्यक्तिगत आलोचना से बचेंबेंच ने कहा कि हाईकोर्ट को निचली अदालत के आदेशों को रद्द करते समय न्यायिक अधिकारियों की व्यक्तिगत आलोचना से बचना चाहिए। कई अच्छे फैसले लिखने के बाद जज काम के दबाव या अन्य कारणों से किसी फैसले में गलती कर सकता है।

## आबकारी घोटाला सिसोदिया की याचिका पर जवाब तलब

**नई दिल्ली@पत्रिका.** आबकारी घोटाले मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआइ व ईडी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब तलब किया है। सिसोदिया ने ईडी व सीबीआइ मामलों में जमानत की शर्तों में बदलाव की मांग की है।

## मणिपुर में 10,000 से अधिक अतिरिक्त जवान तैनात होंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंफाल.** केंद्र सरकार जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10,000 से अधिक अतिरिक्त सैनिक भेजेगा। इसके साथ ही राज्य में केंद्रीय बलों की कंपनियों की संख्या 288 हो जाएगी।

राज्य के मुख्य सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने बताया कि राज्य में 90 कंपनियां (10,800 जवान) और तैनात की जाएगी। इनमें से कई इंफाल पहुंच गई हैं। हम नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखने के लिए बलों को तैनात कर रहे हैं। इसके साथ ही हर जिले में नए कोआर्डिनेशन सेल और ज्वाइंट कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे।

15 दिसंबर तक बूथ, मंडल और 30 तक जिलाध्यक्षों के चुनाव का सेट किया टार्गेट

## भाजपा का 30 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा जिला स्तर संगठन चुनाव

### आधे से अधिक राज्यों में संगठन चुनाव होने पर ही भाजपा चुन सकेगी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव के सिलसिले में शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में डेडलाइन तय हुई। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने बूथ और मंडल अध्यक्षों का 15 दिसंबर और जिलाध्यक्षों का चुनाव 30 दिसंबर तक करने के निर्देश दिए। महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर जैसे हालिया चुनावी राज्यों को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में संगठन चुनाव चल रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही राष्ट्रीय चुनाव और सह चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति कर चुके हैं। राज्यसभा सांसद और पार्टी के ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण बतौर राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी संगठन चुनाव कराने में जुटे हैं। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, डॉ. संबित पात्रा और नरेश बंसल सह प्रभारी के रूप में इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

चुनाव प्रभारियों की टोली अब तक दो बार मीटिंग कर संगठन चुनाव की समीक्षा भी कर चुकी है। 30 दिसंबर तक बूथ से लेकर मंडल और जलिाध्यक्ष का चुनाव होने के बाद प्रदेश और राष्ट्रीय चुनाव होंगे। भाजपा के संविधान के मुताबिक, आधे से अधिक राज्यों में संगठन चुनाव होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन होता हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नए साल में मकर संक्रांति के बाद कार्यभार संभाल सकते हैं।

## ज्ञानवापी: मुस्लिम पक्ष से मांगा जवाब

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ज्ञानवापी परिसर विवाद में हिंदू पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

याचिका में ज्ञानवापी परिसर के सीलबंद क्षेत्र (जहां शिवलिंग पाए जाने का दावा किया गया) के एएसआइ सर्वेक्षण के साथ विवाद से जुड़े सभी 15 मामलों की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में करने की मांग की गई। अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

पत्रिका
विस्तृत खबरों और फोटोग्राफ्स के लिए देखें...
patrika.com

विधानसभा उपचुनाव: सत्ता या विपक्ष की सेहत पर कोई असर नहीं, लेकिन नेताओं को वजूद बनाए रखने के लिए अहम

# भाजपा-कांग्रेस के क्षत्रपों का कद तय करेंगे नतीजे

*विधानसभा उपचुनाव के नतीजे शनिवार को आएंगे। उपचुनाव परिणामों पर सभी की नजर टिकी है। नतीजे कुछ भी आएं। इनका सत्ता या विपक्ष के समीकरणों पर कोई बड़ा असर नहीं होगा, लेकिन परिणाम भाजपा-कांग्रेस व अन्य दलों के नेताओं के कद बढ़ाने-घटाने के लिए जरूर महत्वपूर्ण है। सात में से भाजपा के पास एक सीट थी। ज्यादा जीती तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कामकाज पर मुहर लगेगी। वहीं, कांग्रेस सात में से अपने पास वाली चार सीटें फिर जीती तो कांग्रेस के क्षत्रपों की प्रतिष्ठा कायम रहेगी। यदि सफलता नहीं मिली तो आगे के सियासी समीकरण प्रभावित होंगे। सात में से छह सीटों पर बड़े दलों के सभी प्रत्याशी नए चेहरे हैं।*

## भाजपा: परिणाम तय करेंगे सरकार की आगामी चार साल की तस्वीर



### एक से ज्यादा सीटें जीते तो बढ़ेगा सीएम और प्रदेश अध्यक्ष का कद

**जयपुर/नई दिल्ली@पत्रिका.** प्रदेश की सात सीटों के उपचुनाव के परिणाम भाजपा नेतृत्व और प्रदेश सरकार की आगे की चार साल की तस्वीर तय करेंगे। पार्टी ने यह चुनाव नए नेतृत्व के भरोसे लड़ा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरे उपचुनाव की कमान संभाली और उनके साथ हर समय प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ही रहे।

**खोने को कम, पाने को बहुत कुछ :** सात सीटों में से भाजपा के पास एक सलूम्बर सीट ही थी। यह सीट भाजपा विधायक के निधन की वजह से रिक्त हुई थी। ऐसे में भाजपा के पास खोने को ज्यादा कुछ नहीं है, लेकिन पाने को बहुत कुछ है। यदि पार्टी तीन-चार से ज्यादा सीटें जीती तो इससे बड़ा फायदा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को होगा। उनकी पार्टी के अंदर स्वीकार्यता का ग्राफ बढ़ेगा और दिल्ली में भी यह संदेश जाएगा कि भजनलाल शर्मा की पकड़ मजबूत हो रही है।

**किरोड़ीलाल की साख भी दांव पर :** दौसा सीट पर कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीना की साख दांव पर लगी हुई है। दौसा से भाजपा ने कृषि मंत्री के भाई जगमोहन को टिकट दिया है। पूरे चुनाव में ऐसे ही लग रहा था जैसे किरोड़ीलाल मीना ही चुनाव लड़ रहे हैं।

## कांग्रेस: तय होगा लोकसभा चुनाव के बाद संगठन में मजबूती कायम है या नहीं, परिणाम दोहराने का दबाव

### चार बड़े नेताओं में से कोई भी सभी सीटों पर प्रचार के लिए नहीं गए

**जयपुर @ पत्रिका.** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सहयोगी दलों ने 11 सीटें जीतकर अपने वजूद को मजबूती दी थी। अब यह विधानसभा उपचुनाव परिणाम से तय होगा कि मजबूती कायम है या नहीं। यही कारण है कि ये उपचुनाव कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस ने पिछले चुनाव में इन सात सीटों में से 4 पर जीत हासिल की थी। इसलिए परिणाम दोहराने का भी प्रेशर है। टिकट वितरण से लेकर प्रचार तक सभी नेताओं ने ताकत लगाई, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट में से कोई भी नेता सभी सातों सीटों पर प्रचार के लिए नहीं पहुंचा। एक सीट झुंझुनूं ऐसी रही, जिस पर इन नेताओं में से किसी ने भी एक भी सभा नहीं की। सात सीटों में से दौसा और देवली-उनियारा विधानसभा सीट ही ऐसी रही, जिन पर सभी नेताओं की सभा हुई।

**प्रचार में दिखाया दमखम:** दौसा व देवली उनियारा सीट पायलट के प्रभाव क्षेत्र की मानी जाती है। वहीं, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने इन दोनों सीटों के साथ ही चौरासी-सलूंबर, रामगढ़ और खींवसर पर फोकस रखा। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रामगढ़ सीट पर प्रचार व सभाएं की। राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र सिंह ने भी रामगढ़ में ही अड्डा जमाए रखा। यह चुनाव सांसद हरीश मीणा, मुरारीलाल मीणा व बृजेन्द्र ओला की साख से भी जुड़ा है कि वे मनपसंद के उम्मीदवार उतारने के बाद भी कितनी कामयाबी हासिल कर पाएंगे।

### बेनीवाल की पूरी पार्टी का भविष्य दांव पर

**यह उपचुनाव** आरएलपी के भविष्य से जुड़ा है। विधानसभा में वर्तमान में एक भी विधायक आरएलपी का नहीं है। खींवसर सीट लम्बे समय से आरएलपी के पास रही है। इस बार यहां से सांसद और आरएलपी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल ने चुनाव लड़ा है। यदि वे चुनाव जीतीं तो विधानसभा में आरएलपी का एक विधायक हो जाएगा और हार गई तो विधानसभा में आरएलपी का एक भी विधायक नहीं रहेगा। हनुमान चुनाव नहीं जितवा सके तो उनके कद पर असर पड़ना तय है।

### बीएपी के लिए सीट बचाना बड़ी चुनौती

**चौरासी** सीट बीएपी के पास थी। ऐसा माना जा रहा था कि यह सीट एक बार फिर बीएपी जीत सकती है, लेकिन भाजपा प्रत्याशी की सभाओं में आई भीड़ से पूरा चुनाव रोचक हो गया है। बीएपी यह सीट जीत लेगी तो पार्टी और उनके नेताओं पर बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन यदि पार्टी यह सीट हार जाती है तो जरूर इसका असर दिखेगा। बीएपी ने चौरासी के साथ ही सलूम्बर सीट पर भी चुनाव लड़ा था। यदि पार्टी दोनों सीटें जीती तो बीएपी का ग्राफ बढ़ जाएगा।

पश्चिम रेलवे – वडोदरा
गति शक्ति विश्वविद्यालय
(रेल मंत्रालय, भारत सरकार के आधीन केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
लालबाग, वडोदरा, गुजरात 390004
24 नवम्बर 2024
द्वितीय दीक्षांत समारोह
गति शक्ति विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह शनिवार, 30 नवम्बर, 2024 को 16:00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर गृह सभागार, आजवा रोड, वडोदरा में आयोजित किया गया है।
गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भुपेन्द्रभाइ पटेल ने समारोह के मुख्य अतिथि बनने की हार्दिक सहमती दी है तथा श्री अश्विनी वैष्णव, कुलाधिपती GSV और माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, ईलेक्ट्रॉनिक्स तथा IT मंत्री समारोह की अध्यक्षता करेंगें।
सभी पात्र UG एवं PG छात्र जो 2024 में स्नातक हुए है और जिन्होंने दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहने के लिए पंजीकरण किया है, उन्हें संबंधित डिग्री प्रदान की जाएगी। संबंधित बेंचो के टोपर्स स्वर्ण पदक प्राप्त करेंगें।
GSV/REG/CONVO 2/2024
रजिस्ट्रार/GSV
हमे फॉलो करें: twitter.com/gsv_vadodara

पोलमपोल भायो

चीरफाड़ फरजी करैं, करैं मौत अेलान।
अचरज देखो मुरधरा, जिन्दा छै इनसान!!

## ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1. 


ज्ञानवापी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, हिंदू पक्ष क्यों नाराज

2. 


अडाणी को एक साथ तीन झटके, अब शेयरों का क्या होगा

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## राज्य में खुलेंगे 1000 नए आंगनवाड़ी केंद्र

**बीकानेर @ पत्रिका.** राज्य में एक हजार नए आंगनवाड़ी केंद्र खोले जाएंगे। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेंद्र सोनी ने आदेश जारी कर दिए हैं। सभी नए खोले जाने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन 14 दिसंबर तक शुरू हो जाएगा। इनके संचालन के लिए संबंधित जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशकों को निर्धारित स्थान पर इन्हें शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। जब तक इन स्वीकृत केंद्रों के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायक का चयन नहीं हो जाता, तब तक निकट के आंगनवाड़ी केंद्र की संचालिका को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी।

## दुर्घटना में पिता की मौत, एक बेटा व 2 बेटियां घायल

**बालोतरा @ पत्रिका.** बाड़मेर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। वहीं परिवार के तीन सदस्य गंभीर घायल हो गए। बालोतरा में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जोधपुर रेफर किया गया।

थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि भांडियावास के समीप कार और टैंकर के बीच में भिड़ंत हो गई। कार चला रहे सरदारपुरा बाड़मेर निवासी हनुमान की मौत हो गई। वहीं उनकी बेटी हिमांशी, नेहा व अक्षय घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायलों को बालोतरा चिकित्सालय पहुंचाया गया। घटना के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया।

## 35 लाख की शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**केशवरायपाटन (बूंदी) @ पत्रिका.** पुलिस की विशेष टीम ने कंटेनर में छिपाकर ले जा रही अंग्रेजी शराब की चार ब्रांडों की 272 पेटियां जब्त की हैं। थाना प्रभारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने गुरुवार रात को पंजाब से कंटेनर में छिपा कर अंग्रेजी व देसी शराब की बोतलें जब्त की हैं। पुलिस ने जालोर के देशांतरी का वास झाब गांव निवासी सुरेश ओढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि चौराहे से निकल कर जा रहे कंटेनर को रोक कर पूछताछ की तो चालक ने कंटेनर को खाली बताया। शक होने पर खोलने के लिए कहा तो वह घबरा गया। पुलिस ने उसे खोल कर देखा तो शराब के कर्टन भरे हुए थे। शराब की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 35 लाख है।

### सोहना से सवाई माधोपुर के बीच दो अलग-अलग कंपनियों के पास टोल संग्रहण का जिम्मा

# दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर टाइम ब्रेकर, दो टुकड़ों में देना पड़ रहा टोल

महेश बिहारी शर्मा
patrika.com

**लालसोट (दौसा).** दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर यदि किसी को दिल्ली से सवाईमाधोपुर जाना है तो पहले लालसोट के बड़ का पाड़ा टोल प्लाजा पर उतरना होगा। इसके बाद वापस यहीं से चढ़कर आगे सवाईमाधोपुर की ओर जाना पड़ेगा।

एक्सप्रेस-वे को वाहन चालकों का समय बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन यहां बिना बात का टाइम ब्रेकर बना हुआ हैं। एनएचएआइ के सिस्टम की खामी का खमियाजा प्रतिदिन हजारों यात्री भुगत रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 फरवरी 2023 को इस एक्सप्रेस-वे पर सोहना से दौसा खंड पर यातायात का उद्घाटन किया था। इसके बाद गत जून में एनएचएआइ ने सवाईमाधोपुर तक एक्सप्रेस-वे चालू कर दिया। सोहना से सवाई माधोपुर के बीच दो अलग-अलग कंपनियों के पास टोल संग्रहण का जिम्मा है। एनएचएआइ टोल संग्रहण के लिए जिस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जा रहा है, उसमें एक ही मार्ग पर टोल वसूलने वाली दो अलग-अलग कंपनियों में राशि के बंटवारे का सिस्टम नहीं है। इसके चलते प्रतिदिन यहां से गुजरने वाले सैंकड़ों वाहनों को परेशानी भुगतनी पड़ रहा है। दिल्ली से लालसोट के बड़ का पाड़ा इंटरचेंज पर उतरकर टोल चुकाओ और फिर वापस एक्सप्रेस-वे पर चढ़कर आगे जाना पड़ता है। हालांकि इससे टोल राशि में तो फर्क नहीं पड़ रहा, लेकिन सीधे सफर में ब्रेक लग रहा है।



**लालसोट.** बड़ का पाड़ा इंटरचेंज पर टोल प्लाजा से निकलते वाहन और (इनसेट) में अवरोधक लगाकर बंद किया गया सीधा ट्रैफिक

### हादसों का डर, समय की बर्बादी

**एक्सप्रेस-वे** पर दिल्ली से सवाईमाधोपुर की ओर आने जाने वाहनों को बिना वजह बड़ का पाड़ा इंटरचेंज पर उतारे जाने से यहां हादसों का डर बना रहता है और साथ ही समय की बर्बादी भी हो रही है, जबकि एक्सप्रेस-वे का उद्देश्य सुगम आवागमन के साथ समय की बचत है। बड़ का पाड़ा इंटरचेंज पर उतरने के बाद वाहन को सर्किल से गुजरना होता है, जहां एनएच 148 (कोथून-मनोहरपुर हाईवे) पर वाहन भी गुजरते रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है।

### कोटा तक यातायात शुरू करने की तैयारी

**एनएचएआई** इस वर्ष के आखिरी तक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सवाईमाधोपुर से कोटा तक यातायात शुरू करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार कोटा के गोपालपुरा तक काम पूरा हो चुका है। इसके बाद देश की राजधानी दिल्ली का शिक्षा नगरी कोटा से सीधा जुड़ाव हो जाएगा।

### चल रहा टोल संग्रहण सॉफ्टवेयर में बदलाव

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के चालू मार्ग पर टोल संग्रहण एजेंसी अलग-अलग है। कुछ दिन पहले सीधा ट्रैफिक चालू किया था, लेकिन परेशानी आ गई। टोल संग्रहण सॉफ्टवेयर में बदलाव का कार्य चल रहा है। शीघ्र सीधा ट्रैफिक चालू हो जाएगा। हालांकि वर्तमान में उतरने-चढ़ने से टोल की दरों में कोई फर्क नहीं पड़ता है।

**बलवीर सिंह यादव,** प्रोजेक्ट डायरेक्टर, नेशनल हाईवे प्राधिकरण, दौसा

### संविदा शिक्षकों के सहारे पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के संचालन की तैयारी

# सरकारी स्कूलों में अब गिरते नामांकन को पीएमश्री स्कूलों के जरिये संभालेगी सरकार

### बीच सत्र में दाखिले पर अभिभावकों ने भी उठाए सवाल, इस महीने होने हैं दाखिले, ज्यादातर नौनिहाल ले चुके प्रवेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सीकर.** सरकारी स्कूलों में लगातार गिरते नामांकन के बीच अब सरकार ने पीएमश्री स्कूलों के जरिये नामांकन बढ़ाने की कवायद की है। नए शिक्षा सत्र के साथ ही सरकारी स्कूलों में दाखिले की आयु को लेकर विवाद भी हुए। विभाग की ओर से कई आदेश जारी भी हुए, लेकिन विद्यार्थियों और अभिभावकों को पूरी राहत नहीं मिल सकी।

अब विभाग ने पहले चरण के पीएमश्री विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के संचालन के आदेश जारी किए हैं। खास बात यह है कि विभाग ने बीच सत्र में ही पीएमश्री स्कूलों में संचालित होने वाली पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसको लेकर भी अभिभावकों की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं कि बीच सत्र में बच्चों का कैसे दाखिला कराएं। दूसरी तरफ पूर्व प्राथमिक स्कूलों की बड़ी समस्या हैं कि इनके शिक्षकों का अलग से कोई कैडर नहीं होने से पूरी व्यवस्था संविदा शिक्षकों के सहारे ही रहेगी। पीएम श्री स्कूल के पास रहने वाले बच्चों को प्रवेश में प्राथमिकता मिलेगी। यदि प्रवेश योग्य बच्चों की संख्या निर्धारित संख्या से ज्यादा होगी, तो प्रवेश लॉटरी से होगा।



**सीकर.** पीएमश्री विद्यालयों में ऐसे लगेगी पूर्व प्राथमिक विद्यार्थियों की कक्षा।

### नौनिहालों की सप्ताह में 5 दिन ही लगेगी कक्षा

- **27** नवम्बर तक होंगे विद्यार्थियों के आवेदन
- **25** विद्यार्थी होंगे एक कक्षा में
- **05** दिन लगेगी सप्ताह में कक्षा
- **04** घंटे रोजाना होगी विद्यार्थियों की पढ़ाई
- **02** लाख हर स्कूल को मिलेगा बजट
- **02** शिक्षक नियुक्त होंगे हर स्कूल में

**402** स्कूलों में लगेंगी पहले चरण में कक्षाएं

### ऐसे समझें कक्षाओं का पूरा गणित

#### बिना संसाधन कैसे होगी पढ़ाई

**पूर्व** प्राथमिक कक्षा संचालित करने का सरकार ने ऐलान तो कर दिया, लेकिन प्रदेश के ज्यादातर पीएमश्री विद्यालयों में संसाधन नाकाफी हैं। इसलिए भी अभिभावकों में ज्यादा क्रेज सामने नहीं आ रहा है। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के लिए महज दो-दो लाख रुपए का बजट दिया गया है। इससे टीचिंग लर्निंग मैटेरियल आना भी मुश्किल है।

#### 28 को जारी होगी सूची, लॉटरी 29 को

**अभिभावक** 27 नवंबर तक आवेदन दे सकेंगे। 28 नवंबर को आवेदनों की सूची स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। पूर्व प्राथमिक कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के लिए प्राप्त आवेदनों की लॉटरी 29 नवंबर को निकलेगी। 30 नवंबर को प्रवेशित बच्चों की सूची चस्पा होगी और 2 दिसंबर से कक्षाएं शुरू होगी।

#### रोजाना 4 घंटे होगा शिक्षण कार्य

**पीएमश्री** स्कूलों में शुरू हो रही पूर्व प्राथमिक कक्षाएं नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी की कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक 5 दिन ही लगेगी। रोजाना 4 घंटे ही बच्चों को शिक्षण कार्य जाएगा। ग्रीष्मकाल में इन कक्षाओं का समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक तथा शीतकाल में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक होगा।

#### पत्रिका एक्सपर्ट व्यू: शिक्षकों के लिए बने अलग कैडर

बीच सत्र में दाखिले शुरू करना पूरी तरह गलत है। अभिभावकों की समस्या को समझते हुए सरकार को नवंबर के साथ मई-जून में भी दाखिले लेने होंगे। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के संचालन के लिए अलग से शिक्षकों की भर्ती होनी चाहिए। सिर्फ नामांकन बढ़ाने के लिए आधी-अधूरी के स्कूलों का संचालन गलत है।

**सुरेन्द्र सिंह,** नवाचारी शिक्षक, सीकर

### साइबर अपराध: डिजिटल अरेस्ट कर रुपए कराए ट्रांसफर

## मैं सीजीआइ खन्ना बोल रहा हूं...बुजुर्ग से ठगे 23 लाख

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** साइबर ठगों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआइ) संजीव खन्ना बनकर बुजुर्ग से 23 लाख रुपए ठग लिए। अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नवरंगपुरा में रहने वाले 87 वर्षीय बुजुर्ग कन्हैयालाल बाफना ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उन्हें 11 नवंबर को एक मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा, मैं ट्राई से बोल रहा हैं। आपका मोबाइल फोन दो घंटे में बंद किया जाएगा। यह नंबर सीबीआइ में ट्रांसफर किया जा रहा है। इसके कुछ देर बाद फिर फोन आया कि वह मुंबई सीबीआइ ब्रांच से अनिल देशपांडे बोल रहे हैं। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नरेश गोयल को 230 करोड़ देने के मामले में आपका नाम सामने आया है। इसके लिए मुंबई के कैनरा बैंक में अकाउंट खुलाया गया था। बुजुर्ग ने इनकार किया तो ठगों ने कहा कि सीजेआइ खन्ना आपके साथ बात करेंगे और जैसा ऑर्डर आएगा वह भेज दिया जाएगा।

**ग्रुप कॉल में की बात:** 12 नवंबर को बुजुर्ग को वॉट्सएप पर ग्रुप कॉल आया, जिसमें तीन मोबाइल नंबर थे। इसमें एक व्यक्ति ने कहा कि वह जस्टिस खन्ना बात कर रहा है। तुम मनी लॉन्ड्रिंग केस में लिप्त हो। तुम्हारे खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर रहा हूं। बुजुर्ग के इनकार करने पर राहुल गुप्ता नाम के व्यक्ति ने बुजुर्ग की ओर से जमानत देने की गुजारिश की लेकिन कथित सीजेआइ ने वारंट जारी कर वॉट्सएप पर भेज दिया।

#### वैरिफिकेशन के नाम पर लिए रुपए

**इसके** बाद राहुल गुप्ता ने बाफना को फोन कर कहा कि अभी केस हमारे हाथ में है। गिरफ्तार नहीं करेंगे, इसलिए को-ऑपरेट करें। उसने परिजनों के बैंक अकाउंट की जानकारी ली। इसके बाद वीडियो कॉल जारी रख डिजिटल अरेस्ट कर लिया। गुप्ता ने कहा कि तुम्हारे रुपयों का वैरिफिकेशन किया जाएगा। मनी लॉन्ड्रिंग में लिप्त नहीं मिलने पर पैसे वापस दे दिए जाएंगे। ऐसा कहकर 13 नवंबर को उनके बैंक खातों से 23.80 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए।

## पासपोर्ट छेड़छाड़ के साथ पकड़ी 6 महिलाएं

**मुंबई @ पत्रिका.** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर छह महिलाओं को पासपोर्ट पर अपना विवरण छिपाकर मस्कट जाने की कोशिश में पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार, महिलाएं एयर इंडिया की फ्लाइट से मस्कट जाने की योजना बना रही थीं। पासपोर्ट के कुछ पन्नों पर कुछ मुहरों को जबरदस्ती मिटा दिया गया था। सभी आंध्र प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से हैं और नौकरानी की नौकरी पाने कुवैत जाना चाहती थीं।

## फोटो स्टोरी: एनसीसी रेजिंग डे: लहरों पर सवार ठंडी बयार



**उदयपुर.** लेकसिटी उदयपुर में ठंड का असर तेजी से बढ़ रहा है। तापमान में आई गिरावट के चलते अलसुबह झील और पहाड़ियों पर धुंध का असर छाने लगा है। मौसमी बदलाव के बीच फतहसागर झील में एनसीसी की गतिविधियां चल रही हैं। उदयपुर विंग ने एनसीसी रेजिंग डे मनाते हुए पाल नौकाएं झील में उतारी तो नजारा ही अलग हो गया। दृश्य समुद्र किनारे सा दिखने लगा। फतहसागर झील में पाल नौकाओं में सवार एनसीसी कैडेट और पीछे धुंध से ढंकी अरावली पहाड़ियां।
फोटो: *प्रमोद सोनी*

## चेचट बाल विकास परियोजना अधिकारी को किया एपीओ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चेचट (कोटा).** महिला एवं बाल विकास विभाग निदेशक ने गंभीर शिकायतों के चलते मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर शुक्रवार को चेचट बाल विकास परियोजना अधिकारी को एपीओ कर दिया। इन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर इनका मुख्यालय निदेशालय जयपुर कर दिया।

जानकारी के अनुसार परियोजना की कार्यकर्ताओं ने जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री दिलावर के समक्ष परियोजना अधिकारी मंजू शर्मा द्वारा कार्यकर्ताओं से एक-एक हजार रुपए मांगने की शिकायत की थी। महिला पर्यवेक्षकों ने भी परियोजना अधिकारी द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की थी। मंत्री ने शिकायत की जांच के लिए निदेशक ओपी बुनकर को पाबंद किया। जांच रिपोर्ट निदेशालय पेश की गई। निदेशक ने आदेश जारी कर परियोजना अधिकारी को एपीओ कर दिया।

## पेज 1 का शेष

### किसके सिर...

झारखंड में भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लड़ रहे इंडिया ब्लॉक की सत्ता भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए से कड़े मुकाबले में फंसी है। दोनों गठबंधन जनादेश को अपने पक्ष में बता रहे हैं।

**पर्यवेक्षक तैनात, गहलोत मुंबई गए:** कांग्रेस ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और डॉ. जी. परमेश्वर को महाराष्ट्र का पर्यवेक्षक बनाया गया है। सांसद तारिक अनवर, मल्लू भट्टी विक्रमार्क और कृष्णा अल्लावुरु को झारखंड के पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी है।

**स्ट्राइक रेट अच्छी तो सब अच्छा :** यदि महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना उद्धव और एनसीपी शरद ने अपने अपने हिस्से की सीटों पर जीत की स्ट्राइक रेट अच्छी रखी तो इंडिया ब्लॉक के लिए परेशानी नहीं होगी।

**सीएम पर महाराष्ट्र में बयानबाजी:** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि सरकार कांग्रेस की और सीएम हमारी पार्टी से ही होगा। इस बयान पर शिवसेना उद्धव के संजय राउत ने कहा कि हम नहीं मानेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी को इस पर स्पष्ट करना चाहिए।

### ईवीएम खुलने...

पार्टी प्रभारी रमेश चेन्नीथल्ला ने शिवकुमार को जिम्मेदारी सौंपी है कि वे जरूरी फैसले लें और जरूरत पड़ने पर कांग्रेस के विधायकों को कर्नाटक शिफ्ट करें। शिवसेना शिंदे के संजय राउत ने भी कहा कि खरीद फरोख्त के खतरे को देखते हुए विधायकों के उनके निर्वाचन क्षेत्र से लाकर एक जगह रखा जाएगा।

**सीएम पद को लेकर खींचतान दोनों तरफ:** भाजपा दिखा रही है कि उसका पूरा फोकस पहले महायुति की सरकार बनाना है। मुख्यमंत्री के नाम पर समय आने पर बात की जाएगी। लेकिन फड़णवीस और विनोद तावड़े की अगवाई में शुरू की गई सरकार बनाने की कवायद में गठबंधन के सहयोगी शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित को शामिल नहीं किए जाने से महायुति में अंदरूनी खटपट की भी चर्चा है। उधर, एमवीए में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और एनसीपी शरद सांसद सुप्रिया सुले के सीएम पद को लेकर दिए गए बयानों को लेकर शिवसेना उद्धव की आपत्ति से दरार चौड़ी होती दिखाई दे रही है। इन दोनों बयानों पर कांग्रेस आलाकमान की चुप्पी अघाड़ी की गाड़ी को पटरी से उतारती लग रही है। इसी तरह भाजपा ने सीएम पद को लेकर अपने स्तर पर तैयारी शुरू करके सहयोगियों में अविश्वास का बीज बो दिया है।

**त्रिशंकु विधानसभा भी संभव:** दावों के मुताबिक किसी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा या नहीं पर एक बात बिलकुल साफ है कि सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी। दूसरे नंबर पर कांग्रेस रह सकती है। दोनों एनसीपी में लोकसभा चुनाव की तरह चाचा शरद पवार के आगे रहेंगे। असली फैसला दोनों शिवसेना के बीच मुकाबले का नतीजा करेगा। वैसे महायुति में अजित की एनसीपी को तो अघाड़ी में उद्धव की शिवसेना को कमजोर कड़ी माना जा रहा है। ऐसे में संभव है कि तमाम दावों के बावजूद दोनों में से कोई गठबंधन 145 का जादुई आंकड़ा न छू पाए। ऐसी परिस्थिति बनी तो राजनीति शनिवार शाम से ही महाराष्ट्र राजभवन शिफ्ट हो जाएगी। सरकार बनाने को लेकर फैसले महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का करेंगे। महाराष्ट्र के मतदाताओं के बाद सबसे बड़ी उलझन से राज्यपाल रूबरू होंगे, जो तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और दो बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं।

### एनजीटी के आदेश हवा | डिजिटल नक्शे राजस्व विभाग जयपुर से होने हैं जारी, अब तक प्रक्रिया शुरू नहीं

# सरिस्का की 55 हजार हेक्टेयर जमीन का नहीं हुआ म्यूटेशन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अलवर.** एनजीटी ने 5 जुलाई को सरकार को आदेश दिए थे कि सरिस्का के नाम 55 हजार हेक्टेयर जमीन का म्यूटेशन खोल दिया जाए। साथ ही 2 माह में सरिस्का के नाम दर्ज कर दी जाए। चार माह बीत गए, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक यह जमीन नाम नहीं की गई। प्रशासन का तर्क है कि डिजिटल नक्शे जयपुर से तैयार होने हैं। यही बात 4 माह से कही जा रही है, लेकिन कोर्ट के आदेश हवा हो गए।

वर्ष 2012-13 में 82 गांवों की करीब 55 हजार हेक्टेयर जमीन सरिस्का के नाम करने के लिए नोटिफिकेशन जारी हुआ था। विभाग ने 19 हजार हेक्टेयर जमीन का म्यूटेशन कर दिया था और करीब दस हजार हेक्टेयर जमीन का म्यूटेशन प्रक्रिया में था। जमीन वन विभाग के नाम नहीं हुई तो नाहरगढ़ वन एवं वन्यजीव संरक्षण समिति अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने एनजीटी में याचिका दायर की। एनजीटी ने उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर रिपोर्ट मांगी। प्रशासन ने रिपोर्ट में कहा था कि 55 हजार हेक्टेयर जमीन जल्द ही वन विभाग के नाम की जाएगी। एनजीटी ने पहले 15 दिन का समय दिया और फिर 2 माह का। यह समय बीत गया। अब तक जमीन सरिस्का को नहीं मिल पाई। अब एनजीटी में अगले माह फिर सुनवाई होने जा रही है। माना जा रहा है कि इस बार प्रशासन का बचाव मुश्किल है।




पत्रिका में प्रकाशित




### 76 अवैध होटलों पर नहीं कर पाए कार्रवाई

**सुप्रीम** कोर्ट ने सरिस्का के कोर व बफर एरिया में संचालित अवैध होटलों को बंद करने के आदेश दिए थे। प्रदेश सरकार ने खुद कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया था, लेकिन यह प्रतिष्ठान चल रहे हैं। यही नहीं नए निर्माण भी अब सरिस्का के आसपास शुरू हो गए हैं। अलवर प्रशासन इस पर कार्रवाई नहीं कर पाया। सिलीसेढ़ में 14, अजबगढ़ में 22 होटल बफर एरिया में चल रहे हैं। सरिस्का सीटीएच से एक किमी के दायरे में 34 होटल टहला व राजगढ़ में चल रहे हैं, लेकिन अब तक सरकार के स्तर से कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय प्रशासन ने नोटिस दो माह पहले जरूर दिए थे, लेकिन नोटिस भी अब दब गए हैं। प्रशासन की ढील के चलते ही नए निर्माण भी शुरू हो गए हैं। समिति अध्यक्ष तिवारी का कहना है कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है।

यह मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। जल्द ही म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी होगी। अवैध होटलों पर भी कार्रवाई की जाएगी। -**प्रतीक जुईकर,** एसडीएम अलवर

# कभी घर-घर बेचा करती थीं कपड़े, आज दे रही हैं रोजगार



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कभी** डॉक्टर बनने का सपना देखने वाली दरभंगा, बिहार की आशा झा आज कपड़ों पर मधुबनी पेंटिंग के जरिए पहचानी जाती हैं। उन्होंने इस पेंटिंग को कपड़ों पर आजमाकर एक नया मुकाम हासिल किया है। इनके पेंटिंग किए गए कूशन, साड़ियां, ड्रैसेज आदि सभी आज काफी पसंद किए जा रहे हैं। 56 वर्षीय आशा ने प्रशिक्षण देने के साथ ही 250 महिलाओं को रोजगार भी उपलब्ध करवाया है। उनको 2013 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है।

## एग्जीबिशन से मिली पहचान

**वह कहती** हैं, '25 साल पहले मैंने इस काम की शुरुआत की थी। इस दौरान जब मैं पटना एग्जीबिशन में शामिल हुई, तो वहां मेरे मधुबनी पेंटिंगयुक्त प्रोडक्ट्स को लोगों ने काफी पसंद किया और फिर मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अभी तक मैंने 2000 से अधिक महिलाओं को इस कला का प्रशिक्षण दिया है।'

## बेटियों ने दिखाई आशा की किरण

**वह बताती** हैं कि आर्थिक परेशानी के कारण वह लोगों से घरों में काम मांगने गईं, लेकिन बेटियों ने उन्हें उनकी मधुबनी पेंटिंग कला को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस पर उन्होंने कपड़ों पर इस पेंटिंग को बनाकर एक उदाहरण पेश किया। इसके बाद उन्होंने कुछ पैसों से कपड़े खरीदे और फिर उन पर मधुबनी आर्ट बनाकर घर-घर जाकर उन कपड़ों को बेचा। काम आगे बढ़ता गया और आज उनका खुद का कारखाना है।

### रेनबो

# सर्दियों में यूं रख सकते हैं इनडोर प्लांट्स को तरोताजा

**ठंड ने दस्तक** दे दी है। ऐसे में धूप की कमी और मौसम की नमी का असर पेड़-पौधों पर भी दिखाई देने लगता है। इसलिए घर में इनडोर प्लांट्स को इस मौसम में खास देखभाल की जरूरत होती है। उचित देखभाल से उन्हें सूखने और गलने से बचाया जा सकता है। आइए जानते हैं कुछ टिप्स जिनके माध्यम से इनडोर प्लांट्स तरोताजा रहेंगे और आपके घर की हरियाली बनी रहेगी...



**शारदा डागा,** गार्डन एक्सपर्ट

- **वैसे** तो इनडोर प्लांट्स को धूप की बहुत कम आवश्यकता होती है, लेकिन सर्दी के मौसम में इन पौधों को सप्ताह में एक दिन धूप में अवश्य रखें। हो सके तो सप्ताह में दो- तीन बार भी धूप लगा दें।
- **इस मौसम** में पौधों को कीड़ों से बचाने के लिए गोबर, हल्दी और नमक की खाद तैयार कर डाल सकते हैं। इस खाद को हल्के बुरादे के रूप में गमलों में डालना चाहिए। साथ ही पानी बहुत कम मात्रा में धीरे-धीरे करके डालें।
- **इनडोर** प्लांट्स को गलने से बचाने के लिए गमलों से मिट्टी निकाल कर पौधों की जड़ों को



झाड़ दें, फिर दोबारा गमलों में इन्हें लगा दें।
- **कम पानी से** इस मौसम में पौधें सूखें नहीं, इसके लिए उनमें छोटे-छोटे पत्थर रख देने चाहिए, ताकि मिट्टी के अंदर नमी बनी रहे। साथ ही धूप में रखकर इन पौधों की थोड़ी कटिंग अवश्य करें।

### हमारी बात

# खुद से ज्यादा परिवार के लिए निवेश को महत्त्व देती हैं महिलाएं

महिलाओं को भले ही खर्चीली कहा जाता हो, लेकिन वे बचत का महत्त्व भी समझती हैं। घर खर्चों के साथ ही निवेश से संबंधित योजनाएं जैसे एफडी, म्यूचल फंड आदि के माध्यम से महिलाएं बचत भी करती हैं। अचानक आवश्यकता होने पर वे इसे काम में लेती हैं। इसमें भी महिलाएं स्वयं से पहले परिवार को तवज्जो देती हैं।



ललिता

महिलाएं भविष्य के प्रति पुरुषों से ज्यादा सचेत रहती हैं। वे घर खर्च से थोड़े-थोड़े पैसे बचाकर सतर्कता से निवेश करती हैं। इस तरह की गई बचत के पैसे वह बच्चों की पढ़ाई, किसी तरह की बीमारी, शादी-विवाह के खर्चे सहित अन्य जरूरतों पर काम में लेती हैं। वे परिवार को प्राथमिकता देती हैं और स्वयं पर खर्च करने के बारे में सबसे बाद में ही सोचती हैं।



रजनी मंगल

**अगला विषय** क्या माता-पिता बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को समझते हैं?

### बिजनेस माइंड

# कम उम्र की उद्यमियों में शामिल विनुषा

**हुनर किसी** उम्र का मोहताज नहीं होता। तमिलनाडु की विनुषा एमके ने 10 वर्ष की उम्र में केक, कपकेक, ब्राउनी सहित कई बेकिंग उत्पाद बनाने का अपना ब्रांड स्थापित किया है। मां के जन्मदिन पर घर पर केक बनाने से हुई इस शुरुआत ने विनुषा को कम उम्र की महिला उद्यमियों में शामिल कर दिया है। हालांकि उनका यह सफर आसान नहीं था, कम उम्र के कारण उनको लोगों ने इंटर्नशिप



करने और काम सिखाने से मना कर दिया था, लेकिन उनके पैशन को देखते हुए महिला उद्यमी नीना रेड्डी ने साथ दिया। आज विनुषा के बनाए प्रोडक्ट्स ऑनलाइन बुक होते हैं।

महिलाएं अधिकतर किचन में व्यस्त रहती हैं। खाना बनाने से लेकर किचन की साफ-सफाई तक में उन्हें कई परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके पास कुछ किचन सोल्युशन हों तो आपके नाम व अपनी फोटो सहित हमें वॉट्सऐप नंबर **9057531584** पर भेजें। शी न्यूज पेज पर इन्हें प्रकाशित किया जाएगा। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह **क्यूआर कोड स्कैन** करें।

पत्रिका शी न्यूज़ हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

---

**नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहने वाले विद्यार्थियों पर रखी जाएगी नजर,** प्रत्येक विद्यालय में चाइल्ड लाइन 1098 नंबर अंकित करने होंगे

# बाल विवाह रोकने के लिए विद्यार्थियों पर रखी जाएगी कड़ी नजर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर** . बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए सरकार समय-समय पर कदम उठाती है। बाल विवाह की शिकायत करने पर कार्रवाई भी की जाती है। फिर भी यह क्रम रुक नहीं रहा है। बाल विवाह होने की शिकायतें आ ही जाती हैं। इसकी रोकथाम के लिए अब सरकार ने स्कूलों से ही विद्यार्थियों पर निगरानी रखने का फैसला किया है। इस दौरान बाल विवाह को लेकर कड़ी नजर रखी जाएगी। गत दिनों




बाल आधिकारिता विभाग के शासन सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए और इस सामाजिक बुराई से अवगत कराया जाए।

बैठक के बाद प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए स्कूलों से ही प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने सभी संयुक्त निदेशकों को एक आदेश भेजा है। आदेश में कहा गया है कि बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए तैयार कार्य योजना के अनुसार कार्य किए जाएं। इसके तहत बाल विवाह की सूचना पर तत्काल नजदीकी पुलिस थाना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, चाइल्ड लाइन तथा ग्राम पंचायत को इसकी सूचना दी जाएगी।

## इन पर रहेगी निगाह

बाल विवाह की आशंका वाले विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति निश्चित की जाएगी। ऐसे विद्यार्थियों को विद्यालय में नियमित रूप से आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही संदेहास्पद अनुपस्थिति वाले विद्यार्थी से मिलकर अनुपस्थिति का कारण मालूम किया जाएगा और बाल विवाह की संभावना की सूचना दी जाएगी।

## एक कोशिश यह भी...

साथ ही शाला प्रबन्धन समिति अभिभावकों से साथ नियमित बैठक कर बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराएगा। साथ ही बारहवीं से पूर्व स्कूली शिक्षा से बाहर होने वाले विद्यार्थियों की निगरानी कर विद्यालय से जोड़ने के प्रयास किया जाएगा। विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों व बच्चों के संरक्षण के अधिकारों से अवगत कराया जाएगा और प्रत्येक स्कूल में चाइल्ड लाइन नंबर अंकित किए जाएंगे। प्रार्थना सभा एवं नो बैग डे पर बाल विवाह एक अभिशाप विषय पर लगातार संवेदीकरण का कार्य किया जाएगा और विद्यालय में समय-समय पर स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ता बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराएंगे। वाद-विवाद, पोस्टर-भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित कर भी बच्चों को जागरूक किया जाएगा।

---

**अस्पताल में झुलसने से महिला की मौत का मामला**

# एमडीएम में लापरवाही पर पर्दा, समय पर उपकरण नहीं जांचती कंपनियां

## किसी स्टाफ-अफसर की जिम्मेदारी तक तय नहीं की

**10 माह पहले भी हुई थी एक मरीज की मौत, तब अस्पताल अधीक्षक व मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल को हटाया गया था**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर**. एमडीएम अस्पताल के एक्यूट केयर वार्ड में झुलसी महिला की मौत के बाद अस्पताल की रखरखाव व्यवस्था व जांच पर सवाल खड़े हो गए हैं। इधर, परिजन ने भी इस पूरे घटनाक्रम के विरोध में मोर्चरी के बाहर धरना दिया। मामले की उचित जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। अस्पताल में उपकरणों की लापरवाही का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 12 जनवरी को एक कैंसर पीड़ित मरीज की ऑक्सीजन के अभाव में मौत हो गई थी। तब तत्काल रूप से तीन कर्मचारी एपीओ हुए। इसके बाद तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ. दिलीप कच्छवाह व अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित को हटा दिया गया था। लेकिन इस बार किसी भी चिकित्सकीय स्टाफ-अफसर की जिम्मेदारी तक तय नहीं की गई।

**ऑन ड्यूटी मेडिकल अफसर जांच के दायरे से बाहर :** इस हादसे के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने कमेटी बनाई। लेकिन किसी भी चिकित्सकीय लापरवाही पर जांच तक नहीं की गई। महिला के परिजन का आरोप था कि झुलसने के कई देर बाद तक चिकित्सक नहीं पहुंचा। लेकिन जिम्मेदार ऑन ड्यूटी मेडिकल अफसर को जांच के दायरे से बाहर रखा गया।

### 5 माह से जांच पेंडिंग

ऑक्सीजन व ब्लड प्रेशर को जांचने वाले मॉनिटर का रखरखाव पिछले पांच माह से पेंडिंग है। ऑक्सीजन लाइन की जांच पिछले कई सालों से नहीं हुई। वेंटिलेटर जांचने का ठेका भी निजी कंपनी को दे रखा है, लेकिन वह भी लम्बे समय से पेंडिंग है।

### क्या है प्रावधान

चाहे आइसीयू वार्ड हो या सामान्य वार्ड। यहां नियमित तौर पर उपकरणों की मॉनिटरिंग, ऑक्सीजन लाइन, वेंटिलेटर की जांच करने का प्रावधान है। कई ऐसे उपकरण हैं, जो कि कंपनियों ने लगाए हैं और उनका रखरखाव भी उनके पास ही है। लेकिन इसकी भी नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो रही है।

यह मामला मेरे ध्यान में आया है। मामला गंभीर है, जैसे ही मेरे पास पत्र आता है मैं खुद इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाउंगा।
**-गजेन्द्रसिंह खींवसर,** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री




मेडिकल अस्पताल के उपकरण।

## मुआवजे व दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों का धरना

**जोधपुर**. महिला की मौत के बाद परिवार के लोग अस्पताल की मोर्चरी के समीप धरने पर बैठ गए। परिवार व समाज के लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई करने व मुआवजे की मांग की है। सूचना पर एसडीएम पंकज जैन भी मौके पर पहुंचे और वार्ता की, लेकिन परिजन अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। परिजन ने बताया कि अस्पताल प्रशासन अपनी गलती नहीं मान रहा और कमेटी की जांच में दोषियों को क्लीन चिट दी गई है। बीड़ी पीने से यदि आग लगती तो महिला का शरीर नीचे से जलता। लेकिन उसका कंधा व हाथ जला है। ऑक्सीजन मास्क से आग लगी है।

### प्रशासनिक कमेटी करेगी जांच

जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के आदेशानुसार इस मामले में उपखण्ड अधिकारी जोधपुर दक्षिण पंकज जैन की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया है। इसमें सीएमएचओ शहर सुरेन्द्र सिंह शेखावत एवं जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बी-तृतीय जोधपुर के सहायक अभियन्ता नरेश व्यास कमेटी के सदस्य होंगे। यह कमेटी तीन दिन में अपनी रिपोर्ट देगी।

---

# ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत

**पाली @ पत्रिका.** जैतारण थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे संख्या 25 ए आसरलाई मोड पर एक ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गरनिया निवासी देवेंद्र पुत्र रमेश व बांजाकुड़ी निवासी पूनाराम पुत्र अमराराम दोनों बाइक से मोहराई से बांजाकुड़ी की तरफ आ रहे थे। रास्ते में आसरलाई मोड़ भेरू चौराहा पर चालक ने तेज गति से ट्रेलर चलाते हुए बाइक को चपेट में ले लिया। इससे दोनों घायल हो गए। घायलों को राजकीय चिकित्सालय जैतारण में लाया गया। उपचार के दौरान पूनाराम की मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल सवार देवेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द करेगी।



---

## आज का राशिफल शनिवार 23 नवंबर, 2024

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* आगामी योजनाओं को गुप्त रखें, सफलता मिलेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। संतान संबंधी समस्या का समाधान होगा। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* अपने व्यवहार को नम्र रखें। बड़ों का सम्मान करें। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* सामंजस्य स्थापित होगा। राजनीति से जुड़े जातकों को सम्मान मिलेगा। वाहन, मशीनरी खरीदने के योग बन रहे हैं। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डु, डे, डो* कार्यक्षेत्र विस्तार के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक यात्रा होगी। माता के स्वास्थ्य में कमी आएगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* आपके व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। धार्मिक आस्था बढ़ेगी। कर्मचारियों की और अनियमितता से परेशान रहेंगे। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* दिनचर्या में बदलाव लाने की जरूरत है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। विदेश में व्यापार स्थापित करने का मन बना रहे हैं। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* दिन शुभ रहेगा। धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे। संतान के विवाह में आ रही परेशानी खत्म होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* पारिवारिक परिस्थितियां अनुकूल होंगी। व्यवहार में सहजता व सजगता बनाए रखें। कार्यों को पूरा करने में समय दें। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* पारिवारिक माहौल अनुकूल न रहने से तनाव बढ़ सकता है। धैर्य रखें। समय रहते सब ठीक हो जाएगा। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* निजी जीवन में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। दांपत्य जीवन में चल रहे तनाव समाप्त होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* कार्य की अधिकता से निजी कार्य प्रभावित होंगे। मित्रों के साथ यात्रा के योग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में विलंब होगा। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* दिन शुभ है। सोचे कार्य समय पर होंगे। कार्यस्थल पर सहकर्मियों का सहयोग मिलने से कार्य आसानी से पूरे होंगे। |

**ज्यो. पं. चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

### ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | हेमन्त |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जमादि-उल-अव्वल-20 | मास: | मार्गशीर्ष |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | कृष्ण |

### आज का दिन

**शनिवार, 23 नवम्बर 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रात: 08-16 से प्रात: 09-35 तक शुभ व दोपहर 12-13 से सायं 04-10 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-52 से दोपहर 12-34 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** अष्टमी जया संज्ञक तिथि रात्रि 07-58 तक, तदन्तर नवमी रिक्ता संज्ञक तिथि है। अष्टमी तिथि में नाचना, गाना, रत्न परीक्षण, वास्तु गृहारम्भ, प्रवेश, चित्रकारी, अलंकार, युद्ध व शस्त्रधारण आदि कार्य सिद्ध होते हैं। नवमी तिथि में शुभकार्यादि वर्जित हैं।

**नक्षत्र:** मघा "उग्र व अधोमुख" संज्ञक नक्षत्र रात्रि 07-27 तक तदन्तर पूर्वाफाल्गुनी भी "उग्र व अधोमुख" संज्ञक नक्षत्र है। मघा गण्डान्तमूल संज्ञक नक्षत्र भी है। मघा नक्षत्र में पैतृक कार्य, वृक्ष-बीजादि रोपण, कुआं, तालाब व विवाहादि कार्य प्रशस्त हैं।

**योग:** ऐन्द्र नामक शुभ योग दोपहर 11-41 तक, तदुपरान्त वैधृतिनामक अत्यन्त बाधा कारक अशुभ योग है। वैधृति योग की समस्त घटियां सदैव सभी शुभकार्यों में त्याज्य हैं।

**करण:** कौलव नामकरण रात्रि 07-58 तक, तदुपरान्त तैतिल नामकरण है।

**व्रतोत्सव:** श्री काल भैरवाष्टमी, कालाष्टमी, मेला जयगढ़, प्रथमाष्टमी (उड़ीसा) तथा गण्डमूल रात्रि 07-27 तक।

**चंद्रमा :** चंद्रमा सिंह राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज विवाह रोका व सगाई आदि के यथा आवश्यक शुभ मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** शनिवार को पूर्व दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है, पर आज सिंह राशि के चन्द्रमा का वास पूर्व दिशा की यात्रा में सम्मुख रहेगा, जो पूर्व दिशा की यात्रा में लाभदायक व शुभ है।

**राहुकाल** (मध्यमान से): प्रात: 9-00 बजे से प्रात: 10-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (मू, मे, मो, टा) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि सिंह है। सिंह राशि के स्वामी सूर्य देव है। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक खुशहाल, माता-पिता की सेवा करने वाले, धनवान, चतुर-होशियार, व्यापार-व्यवसाय में होशियार, स्वाभिमानी और बहुत परिश्रमी होते हैं। इनका भाग्योदय 25 वर्ष की आयु के बाद होता है। सिंह राशि वाले जातकों की राज-समाज, राजनीति में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार-व्यवसाय व कार्यक्षेत्र में मनचाहा लाभ मिलेगा।

---

# पिता की याद में 50 लाख की लाइब्रेरी बना स्कूल को सौंपी



**चितलवाना.** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हेमागुड़ा में कौशल स्वाध्याय लाइब्रेरी का शुभारंभ में मौजूद गणमान्य अतिथि।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चितलवाना.** पिता की याद को चिरस्थायी रखने और विद्यार्थियों को बहुआयामी शैक्षणिक सामग्री मुहैया करवाने की अनूठी पहल करते हुए दानदाता मालाराम साहू ने अपने पिता कोहलाराम साहू की स्मृति में 50 लाख की लागत से कौशल स्वाध्याय लाइब्रेरी बनाकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हेमागुड़ा को सुपुर्द की। कौशल स्वाध्याय लाइब्रेरी की विधिवत शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य पूनमाराम विश्नोई ने बताया कि लाइब्रेरी में पंजीकृत विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा विद्यार्थियों को लाइब्रेरी के नियमों से अवगत कराया गया। लाइब्रेरी में स्थानीय गांव के अलावा आस-पास के गांव से भी विद्यार्थियों को सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। कौशल स्वाध्याय लाइब्रेरी का संचालन स्थानीय विद्यालय की एसडीएमसी द्वारा निर्धारित कमेटी द्वारा किया जाएगा।

---

**रियायती दर पर आज दोपहर 12 बजे तक बुक होंगे विज्ञापन**

# अरोड़ा, खत्री-पंजाबी, सिख समाज का वैवाहिक विशेषांक कल

**जयपुर @ पत्रिका.** पत्रिका के राजस्थान के सभी संस्करणों तथा भोपाल, इंदौर व रायपुर के रविवार के संस्करण में सिख-अरोड़ा तथा खत्री-पंजाबी समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जाएगा। इन सभी समाजों के संगठनों के सहयोग से प्रकाशित होने वाले विशेषांक में अरोड़ा, खत्री-पंजाबी और सिख समाज के विवाह योग्य युवाओं का बायोडेटा प्रकाशित किया जाएगा। इस विशेषांक के लिए शनिवार दोपहर 12 बजे तक रियायती दरों पर विज्ञापन बुक कराए जा सकेंगे।

इसके लिए पूरा नाम, शहर का नाम, कॉन्टैक्ट नंबर और वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे फोन पर संपर्क करेगी।

इस विशेषांक के लिए जयपुर सिख समाज से केबीजीबी, पंजाबी समाज विकास संस्था जयपुर, पंजाबी समाज वैवाहिक रिश्ते जयपुर, पंजाबी समाज समिति-कोटा, बीकानेर पंजाबी महासभा, खत्री सेवा समिति श्रीगंगानगर व कान्हा पंजाबी वर-वधू मिलान, उज्जैन सहित सिख-पंजाबी समाज के कई संगठन जुड़ चुके हैं।

आप देश के किसी भी हिस्से में अरोड़ा, खत्री, पंजाबी अथवा सिख समाज के संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 26 मार्च, 16 अप्रेल, 25 जून, 9 जुलाई, 22 अक्टूबर, 5 नवम्बर और इस वर्ष 3 व 17 मार्च, 16 व 30 जून और 1 व 15 सितंबर को उक्त संस्करणों में अरोड़ा, खत्री-पंजाबी एवं सिख समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

---

**वाहन चलाने के बहाने व्यापारी के साथ की लूट, घटना से सनसनी**

# 50 लाख के गहनों से भरा बैग व वाहन लेकर युवक फरार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रामदेवरा** . सोना-चांदी के व्यापारी के घर के बाहर से एक युवक बुधवार रात को उसे विश्वास में लेकर वाहन और उसमे रखा करीब 50 लाख के सोने-चांदी के जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गया। पीड़ित युवा व्यापारी ने रामदेवरा थाने में नामजद मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार रामदेवरा रेलवे स्टेशन के सामने रहने वाले पवन सोनी बुधवार रात को बाजार स्थित अपनी दुकान को बंद करके गहनों से भरा अपना बैग लेकर वाहन से घर आ रहा था। इस दौरान व्यापारी के साथ एक युवक मंगेश कुमावत पुत्र रामचंद्र कुमावत भी था। जो वाहन चलाते हुए व्यापारी पवन सोनी के घर के बाहर पहुंचा। आरोप है कि चालक सीट पर बैठे मंगेश ने व्यापारी पवन सोनी को उसके घर का मुख्य गेट खोलने को बोला, जिससे वाहन को घर में लेकर आए। व्यापारी पवन सोनी के वाहन से नीचे उतरते ही मंगेश कुमावत वाहन को सोने चांदी से भरे बैग सहित लेकर फरार हो गया। पीड़ित व्यापारी पवन सोनी ने मंगेश कुमावत को कई बार कॉल भी किया।



रामदेवरा. वाहन जिसमें रखा था 50 लाख के गहनों से भरा बैग।

पीड़ित व्यापारी पवन सोनी ने पूरी घटना की सूचना रामदेवरा पुलिस को देने के साथ ही एसयूवी में लगे जीपीएस सिस्टम को बंद कर दिया। जीपीएस सिस्टम में करंट लोकेशन आने पर एसयूवी वाहन लोहारकी गांव के पास पुलिस को सड़क किनारे मिल गई। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। पुलिस को न फरार युवक मंगेश कुमावत मिला न गहनों से भरा कोई बैग। पुलिस ने वाहन को रामदेवरा थाने में रखा है। अगली सुबह पीड़ित व्यापारी पवन सोनी की दी।

**अधिकारियों कह रहे : अधिकांश समितियों को खाद मुहैया कराई... पर जमीनी हकीकत कुछ और**

# किसान खाद और बीज की किल्लत से परेशान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**कुशीनगर/महोबा.** जिले के राजकीय बीज गोदामों व खाद समितियों में बीते दो सप्ताह से किसान चक्कर लगाकर परेशान हो गए हैं। रबी की फसल की बुआई का सीजन होने के बाद भी जिले में सरकारी सेंटरों से खाद और बीज गायब हैं। कुशीनगर में गेहूं के बीज व खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर में कुल 345बी पैक्स समितियों में 14 सक्रिय समितियां हैं। इनमें 91 समितियों को पिछले 16 अक्टूबर को प्रथम राउंड में 571 मीट्रिक टन डीएपी, 381 मीट्रिक टन एनपीके व 108 गट्ठा नैनो डीएपी भेजा गया था। बीच में पिछले तीन नवंबर को 50 समितियों में प्रीप्रोजिसनिंग 500 मीट्रिक टन डीएपी खाद भेजा गया, जो समितियों के माध्यम से खाद का वितरण हो चुका है, वहीं विभाग का दावा है कि समितियों पर खाद का स्टॉक किया गया है। जानकारी के मुताबिक, बीते सोमवार से पहले विभाग को 300 एमटी प्राइवेट व एनएफएल डीएपी खाद मिली थी। उसे दो बार में 21-21 समितियों को मिलाकर कुल 42 समितियों को भेजा गया है। वहीं विभाग का दावा है कि खाद का स्टॉक समितियों में 800 यूरिया, 225 डीएपी, 155 मीट्रिक टन एनपीकेएस उपलब्ध हैं। रिजर्व में डीएपी 500, यूरिया 4602 व 1050 मीट्रिक टन सामान्य यूरिया मौजूद हैं।

किसानों का कहना है कि समितियों से खाद गायब होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पडरौना समेत निशुनपुरा ब्लॉक की समितियों में खाद न होने के कारण किसानों को रबी के सीजन में खाद व बीज उपलब्ध नहीं हैं। समितियों पर खाद के लिए डिमांड की गई है। किसानों का कहना है कि समितियों से खाद नहीं मिलने से प्राइवेट दुकानों से महंगे दाम पर खाद की खरीदारी करनी पड़ रही है। कुशीनगर जिले के सहायता निबंधक सहकारिता एव सहायक आयुक्त नीरज गौंड ने बताया कि जिले की अधिकांश समितियों को खाद मुहैया कराई गई है। जिले को 300 मीट्रिक टन एनएफएल डीएवी खाद समितियों को भेजी जा रही है। किसानों को खाद के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। डिमांड भेजी गई है। रिमाइंडर भी लगातार भेजा जा रहा है। शीघ्र ही खाद की बड़ी खेप जिले को मिलने वाली है।

### खाद लूट की वारदात को बताया अफवाह

महोबा जिला मुख्यालय के बडीहाट मोहल्ला स्थित सोसाइटी में खाद लूट की खबर को जिला प्रशासन ने भ्रामक और पूरी तरह निराधार बताया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम, नायाब तहसीलदार व पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर सोसाइटी में खाद की बोरियों को रख लिया था। उपजिलाधिकारी ने खंडन करते हुए कहा कि किसी भी तरीके की लूट नहीं हुई है। खाद की रैंक आने के बाद लगातार किसानों को खाद बांटी जा रही है। किसानों को किसी भी तरीके से कानून अपने हाथ में लेने की जरूरत नहीं है और न ही सड़क जाम करने की जरूरत है।

### एसएसपी के बंगले पर तैनात सिपाही ने आत्महत्या की

**सहारनपुर @ पत्रिका.** सहारनपुर में एसएसपी के बंगले पर तैनात एक सिपाही ने शुक्रवार को अपनी डयूटी के दौरान गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि एसएसपी बंगले पर तैनात सिपाही अमित कुमार (37) ने ड्यूटी के दौरान सरकारी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वर्ष 2010 में उसकी पुलिस में भर्ती हुई थी। पारिवारिक कारणों से वह डिप्रेशन में चल रहा था।

### कंगना रनौत को आगरा की कोर्ट में होना पड़ेगा पेश!

**आगरा @ पत्रिका.** किसान आंदोलन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर दिए विवादित बयान के बाद फिल्म अभिनेत्री, बीजेपी सासंद कंगना रनौत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्हें आगरा की स्पेशल कोर्ट एमएपी-एमएलए ने 28 नवंबर को हाजिर होने के लिए नोटिस दिया था, जो कि उन्हें 19 नवंबर को रिसीव हुआ है। कोर्ट ने कहा है कि बहस से पूर्व कंगना रनौत खुद या अपने अधिवक्ता को भेजकर अपना पक्ष रख सकती हैं। अगर ऐसा नहीं किया गया तो केस आगे बढ़ेगा। ऐसी स्थिति में कंगना रनौत कोर्ट में हाजिर हो सकती हैं।

**उपचुनाव खत्म अब अगले चुनाव और संगठन को मजबूत करने की तैयारी**

# भाजपा का फरवरी से शुरू होगा मिशन 2027

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** फरवरी 2025 से यूपी विधानसभा चुनाव के पूरे दो साल बाकी रह जाएंगे। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के मिशन 2027 का भी आगाज हो जाएगा। जिसमें नए अध्यक्ष और बदले हुए संगठन के साथ भाजपा आधिकारिक तौर पर 2027 चुनाव की तैयारी में जुटेगी।

### मंत्रिमंडल में बदलाव संभव

उपचुनाव का परिणाम आने के बाद उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल में परिवर्तन की संभावना है। खास तौर पर पिछली करीब 6 महीने से खाली लोक निर्माण मंत्री के पद को सबसे पहले भरा जाएगा। इस मंत्रालय को लेकर वर्तमान में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह का नाम चल रहा है। इसके अलावा कुछ अन्य मंत्रालयों में भी परिवर्तन की संभावना है। कुछ पुराने लोगों को हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी दी जा सकती है।

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष को लेकर अब नेताओं की भाग दौड़ शुरू हो गई है. पार्टी जनवरी और फरवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव कर लेगी। जिसको लेकर पार्टी ने संगठन पर्व के तौर पर चुनाव अधिकारी भी घोषित कर दिए हैं। पार्टी की अध्यक्ष पद के लिए गतिविधियां तेज हो गई हैं। मान जा रहा है कि ब्राह्मण, दलित या फिर पिछड़े वर्ग से पार्टी का नया अध्यक्ष हो सकता है। पार्टी क्षत्रिय या वैश्य समाज से अध्यक्ष नहीं बनाएगी।

माना जा रहा है कि पांच से छह नाम सबसे अधिक अध्यक्ष पद की दौड़ में बने हुए हैं। जबकि एक पक्ष का यह भी दावा है कि वर्तमान अध्यक्ष को एक बार फिर पार्टी इस दायित्व को दोबारा निभाने का मौका दे सकती है।

### ये नाम चर्चा में

**भूपेंद्र सिंह चौधरी :** वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को रिपीट किया जा सकता है। 2022 चुनाव के बाद से बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। एमएलसी भी हैं। जाट वर्ग से आते हैं, पश्चिम को साधने के लिए बीजेपी उनको पद पर कायम रख सकती है।

**गोविंद नारायण शुक्ल :** वर्तमान में पार्टी के प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य हैं। लंबे समय से संगठन से जुड़े रहे हैं। पार्टी के ब्राह्मण चेहरे के तौर पर उनके नाम पर भी चर्चा तेज की जा रही है।

**विजय बहादुर पाठक :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। ब्राह्मण वर्ग से आते हैं और विधान परिषद सदस्य भी हैं। पुरानी कार्यकर्ता रहे हैं अध्यक्ष के तौर पर उनका नाम भी लिया जा रहा है।

**बाबू राम निषाद:** अति पिछड़ा वर्ग से आने वाले बाबू राम निषाद पार्टी के राजयसभा सांसद भी हैं। अति पिछड़े वर्ग को साध सकते हैं।

**विद्यासागर सोनकर :** भाजपा के एमएलसी विद्यासागर सोनकर पार्टी का दलित चेहरा हैं। लम्बे समय से सांगठनात्मक कार्यों से जुड़े हुए हैं।

**विजय सोनकर:** आजमगढ़ के लालगंज के रहने वाले भाजपा के पुराने दलित नेता हैं। उनका नाम भी अध्यक्ष पद के लिए लिया जा रहा है।

**दो पुराने अध्यक्षों के नाम भी चर्चा**

**इन सारे नाम के अलावा दो पुराने** अध्यक्ष, जिनके नेतृत्व में पार्टी ने अलग-अलग चुनाव में जीत हासिल की उन पर भी चर्चा की जा सकती है। इनमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का नाम आ सकता है। दोनों ही पिछड़े वर्ग से आते हैं। 2017 का विधानसभा चुनाव केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व 2022 का विधानसभा चुनाव स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में पार्टी ने जीता था।

**सरकार और संगठन के पुनर्गठन के बाद शुरू होगा मिशन 2027**

भाजपा संगठन व योगी आदित्यनाथ की सरकार के पुनर्गठन के बाद उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी जमीन पर उतरना शुरू हो जाएंगी। भाजपा जनवरी-फरवरी 2025 से चुनाव के ठीक 24 महीने पहले अपनी तैयारी में उतर जाएगी। भाजपा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच में अपनी कामयाबियों को लेकर जाएगी। जिस पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया जाएगा. बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता हीरो बाजपेई ने बताया कि पार्टी हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहती है।

**25 नवंबर से सर्विस शुरू**

# अब हेलीकॉप्टर से कीजिए दुधवा नेशनल पार्क की सैर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने वाले पर्यटकों के लिए राज्य सरकार ने हेलीकाप्टर सेवा शुरू करने की तैयारी की है। यह सेवा लखनऊ से दुधवा के बीच शुरू होगी। हेलीकॉप्टर के संचालन के लिए 25 नवंबर से किया जाएगा।

लखनऊ से दुधवा सड़क मार्ग से जाने वाले पर्यटकों को साढ़े चार घंटे का समय लगता था, हेली सर्विस शुरू होने पर यह यात्रा घटकर मात्र एक घंटे रह जाएगी। हेलीकॉप्टर से यात्रा के लिए पर्यटकों को 5 हजार रुपए प्रति व्यक्ति किराए का भुगतान करना होगा। गुरुवार की देर रात इस सेवा को लेकर मेसर्स जेटसर्व एविएशन पर्यटन लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका जैसे ईको टूरिज्म स्थलों पर सुगम आवागमन के लिए हेली सेवाएं प्रारम्भ करने के निर्देश दिए गए थे।

### 884 वर्ग किमी में स्थापित

**पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री** ने बताया कि उत्तर प्रदेश का प्रमुख टाइगर रिजर्व दुधवा टाइगर रिजर्व का कोर जोन 884 वर्ग किमी में स्थापित है। इसकी ख्याति न केवल देश में है, बल्कि विदेश में भी है। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में विद्यमान विभिन्न प्रकार के बेशकीमती वृक्ष, लता, पौधे, घास, बाघ, तेंदुआ, भालू, हाथी गैंडा, हिरण, सरीसृप, पक्षी व अन्य जीव जंतु इसकी आभा की अभिव्यक्ति स्वयं करते हैं।

**उत्तर प्रदेश को मिले 701 वन दारोगा**

# सात साल में सात लाख युवाओं को दिया रोजगार : सीएम योगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में शुक्रवार को 701 वन दारोगा को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें से 140 युवतियां भी शामिल हैं। नियुक्ति पत्र पाने के बाद वन दरोगाओं के चेहरे खिल उठे। रोजगार देने के लिए सरकार का आभार जताया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रकृति को गैस चैंबर बनने से अगर कोई रोक सकता है तो वह वन एवं पर्यावरण विभाग और उसके कार्मिक हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी नौकरी जब कोई पाता है तो वह निश्चिंत होकर अपने दायित्वो को भूल जाता है। जबकि उसको चाहिए कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन के प्रति ईमानदार हों। पिछले सात वर्षों से हमने चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाया। एक चीज हमने किया कि जब नियुक्ति पत्र दें तो हम संवाद स्थापित करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि अब वह समय गया जब कोई सरकारी भर्ती निकलती थी तो महाभारत के सारे नातेदार रिश्तेदार निकल पड़ते थे। अब किसी भी युवा के साथ भेदभाव नहीं होता। सरकार आपसे इसीलिए अपेक्षा भी करती हैं। जब पारदर्शी तरीके से आपके चयन को करती हैं तो आपकी भी राज्य और देश के प्रति जिम्मेदारी बनती है।

### नियुक्ति प्रक्रिया में शुचिता पारदर्शिता बरकरार रहे

नियुक्ति प्रक्रिया में शुचिता पारदर्शिता बरकरार रहे यही हम आयोगों से कहते आ रहे हैं। पिछले सात वर्षों ने सात लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। कल ही हमने दुनिया की सबसे बड़ी नौकरी का परीक्षाफल घोषित किया। 60 हजार से ज्यादा पदों पर करीब 50 लाख अभ्यर्थी थे। आज कई देशों की आबादी 50 लाख नहीं है।

**नेपाल से भी पहुंचे कार्यकर्ता** | **देश के सभी राज्यों से करीब ढाई हजार कार्यकर्ता शामिल हुए**

# गोरखपुर में अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





**गोरखपुर.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( अभाविप) के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन का शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय संस्कृति परंपरा और रंगारंग आयोजनो के साथ शुभारंभ हो गया। तीन दिनों तक चलने वाले अधिवेशन में देश के सभी राज्यों से करीब ढाई हजार कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। जिसमें नेपाल से भी कार्यकर्ता आए हैं।

गोरखपुर के लिए यह अधिवेशन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही गोरखपुर से ताल्लुक रखते हैं। क्रांतिकारी अलख जगाने वाले पंडित राम प्रसाद बिस्मिल का भी यह बलिदान स्थल है। जिस पंडाल में अतिथियों ने राष्ट्र को आगे ले जाने के अपने विचार प्रस्तुत किए, उसका नाम ही पंडित राम प्रसाद बिस्मिल सभागार रखा गया है। परिसर का नाम पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर के नाम पर है। इस अधिवेशन का जो थीम सॉन्ग रिलीज किया गया है, वह भी देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत है।

पहले दिन देशभर के विभिन्न हिस्सों से गोरखपुर पहुंचे विद्यार्थियों से गोरखपुर का यह परिसर विविधता के रंग में रंग गया। एकसाथ सभी प्रतिनिधियों ने वंदे मातरम गायन किया। उत्तर प्रदेश के पारंपरिक वाद्य यंत्रों नगाड़े, ढोल, मंजीरा आदि द्वारा विद्यार्थी प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया. इसका उद्घाटन भी देश के प्रमुख बिजनेस लीडर श्रीधर वेम्बु के हाथों से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संकल्पित भाव से जिस ओर भी प्रयास किया जाएगा, सफलता उसमें मिलनी तय है। आज टेक्नोलॉजी के युग में सॉफ्टवेयर से लेकर एआई और कई आधुनिक तकनीकी विकसित हो चुकी है, लेकिन गांव का भी विकास हो, इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है।

वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने इस दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि गोरखपुर शौर्य की भूमि है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गोरखपुर के शूरवीरों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## बिहार-झारखंड अपडेट
BIHAR-JHARKHAND UPDATE

### अपराधियों का आतंक, गाड़ियों को किया आग के हवाले



**गुमला.** जिले के घाघरा प्रखंड में बेखौफ हो रहे अपराधियों से पुलिस की पेट्रोलिंग पर लोग सवाल उठाने लगे हैं. गुरुवार की मध्यरात्रि को चपका और रनहे गांव में अपराधियों ने दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया, जिसके कारण गांव के लोगों में आक्रोश है चपका में गुमला-एनएच से कुछ दूरी पर महेश साहू के घर के बाहर खड़ी कार में अपराधियों ने पुआल के सहारे आग लगा दी। रात 12:30 बजे टायर ब्लास्ट की आवाज सुनकर महेश साहू जागे और आग बुझाने का प्रयास किया।

**विवादित बयान : पैसा नहीं तो जमीन बेचकर हथियार खरीदें**

# हमारी सरकार बनी तो लाइसेंस फ्री राइफल देंगे : नागमणि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**गोपालगंज.** बिहार के गोपालगंज में कोइरी समाज को एकजुट करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि गोपालगंज पहुंचे। जहां पूर्व मंत्री नागमणि ने विवादित बयान दिया हैं। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज के लोगों को काफी खतरा हैं। हमारे युवा नेताओं की हत्या हो रही है. हम समाज से अपील करते हैं कि अगर खुद को बचाना है तो हथियार खरीदें, अगर आपके पास पैसे नहीं है तो जमीन बेचकर हथियार खरीदें. तभी अपनी सुरक्षा कर पाएंगे।

### कुशवाहा समाज के लोगों की हो रही हत्या

नागमणि ने कहा कि 4 से 5 सौ कुशवाहा समाज के लोग की हत्या हुई हैं। उन्होंने बिहार सरकार और कानून व्यवस्था पर जमकर हमला बोला। नीतीश सरकार कोइरी समाज पर अन्याय किया हैं। कुशवाहा समाज के कई नेताओं की हत्या हो चुकी है। सरकार और प्रशासन सुरक्षा नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनेगी तो सभी को लाइसेंस फ्री राइफल देंगे जिससे लोग अपनी सुरक्षा खुद कर सकें।

### 23 फरवरी को गांधी मैदान में कोइरी आक्रोश महारैली

**पूर्व** मंत्री नागमणि गोपालगंज के सर्किट हाउस में अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। आगामी 23 फरवरी 2025 को पटना के गांधी मैदान में होने वाले कोइरी आक्रोश महारैली की सफलता को लेकर रणनीति तैयार की। उन्होंने कहा कि कोइरी समाज के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अन्याय किया हैं। समाज को अपमानित करने का काम किया है। इसलिए तमाम कोइरी समाज एकजुट हों।

### कोइरी समाज एकजुट हुआ तो नीतीश हो जाएंगे स्वाहा

**उन्होंने** कहा बड़ा मुद्दा यह है नहीं है कि जहां 12% हमारी जनसंख्या है। उसको नीतीश सरकार ने 4% कर दिया और नीतीश सरकार ने नीति बनाई है कि जिसकी जितनी जनसंख्या उतनी उसकी हिस्सेदारी मिलेगी, लेकिन कोइरी समाज खतरे में हैं। मुझे पूरा का पूरा विश्वास है कि लाखों की तादाद में पटना गांधी मैदान में कोइरी समाज जुटेंगे और नीतीश कुमार का स्वाहा हो जाएगा।

### घर में सो रहे दो बच्चों के साथ मां की जलकर मौत

**भागलपुर @ पत्रिका.** जिले के पीरपैंती के अठनिया दियारा के एक घर में आग लग गई। इस घटना एक ही परिवार के तीन लोग जिंदा जल गए। हादसे में महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं गौतम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच आग लगने के कारण पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक, गत देर रात, खाना खाने के बाद गौतम यादव अपने परिवार (पत्नी और दो बच्चों) के साथ सोने चले गए। कुछ देर बाद अचानक घर में आग की लपटे उठने लगी। परिवार के सभी सदस्यों की नींद खुली, लेकिन लपटों के बीच फंस गए। जानकारी मिलने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। घटना की सूचना पीरपैंती थानाध्यक्ष नीरज कुमार को दी गई। घटनास्थल पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और देर रात तक आग बुझाई गई। लेकिन, तब तक इस घटना में गौतम यादव की पत्नी वर्षा देवी (30), पुत्री ज्योति कुमारी (4) और पुत्र प्रत्युष (7) की झुलसकर मौत हो गई।

### कांग्रेस नेता हत्याकांड : भाजपा नेता समेत 12 को उम्रकैद, 20 साल बाद आया फैसला

**बेगूसराय.** बिहार के बेगूसराय में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने कांग्रेस नेता ललन सिंह समेत दो लोगों की हत्या मामले में भाजपा नेता मिथिलेश सिंह समेत 12 लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी दोषियों को 20-20 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। वर्ष 2004 में इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। 20 साल बाद इस कांड में बड़ा फैसला आया है। फैसला आने के बाद 20 साल पुरानी घटना की याद ताजा हो गई है। दरअसल, 2004 में शाम्हो थाना क्षेत्र में पैक्स अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता ललन सिंह समेत दो लोगों की हत्या कर दी गई थी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूल वाहन को मारी टक्कर, चार बच्चों की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहटा में भीषण सड़क हादसा हुआ है। स्कूली बच्चों से भरी ऑटो और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस वजह से ऑटो में सवार चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। 6 बच्चे घायल हो गए हैं। इस घटना को लेकर लोगों ने सड़क जामकर हंगामा किया। यही नहीं गुस्साई भीड़ ने ट्रक में आग लगा दी। जानकारी के अनुसार, ऑटो स्कूली बच्चों को लेकर बिहटा से कन्हौली की ओर जा रहा था, जबकि कन्हौली की तरफ से ट्रक बिहटा की ओर जा रहा था। तभी बिशनपुरा बगीचा के पास आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो में सवार तकरीबन एक दर्जन बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। जिसमें से चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक सहित कई बच्चे घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर घायल बच्चों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है।


**भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)**
**इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एण्ड कमाण्ड नेटवर्क (इसट्रैक)**
प्लॉट नं. 12 व 13, तृतीय मेन, द्वितीय फेज, पीन्या इण्डस्ट्रीयल एस्टेट
बैंगलुरू- 560058, फोन: 080-28094178/ 4541
फैक्स: 080- 28094180

**शुद्धिपत्र-II दिनांक: 22.11.2024**

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों से मद दर ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

| | |
|---|---|
| निट नं. | ISTRAC/CMG/MECH/CON/C/E-Tender-50/ 2024-25 दिनांक: 07.10.2024 |
| कार्य का नाम | 3डी एवं 2ई ब्लाक डीओएस इसरो आवासीय कॉलोनी जालाहल्ली पर 04 सं. यात्री लिफ्ट्स एवं अंतरिक्ष अपार्टमेंट, मलेश्वरम, बैंगलूरू पर 01 सं. यात्री लिफ्ट का प्रतिस्थापन। |
| निविदा की आंकलित लागत | रु. 104.28 लाख |
| निविदा प्रपत्र विवरण | ई-निविदा |
| पूर्ण करने की अवधि | 6 (छ:) माह |
| अवधि जिसके दौरान निविदा प्रपत्र को डाउनलोड किया जा सकता है | 08.10.2024 के 16.00 बजे से 05.11.2024 के 16.00 बजे तक 18.11.2024 के 16.00 बजे तक विस्तारित **30.11.2024 के 16.00 बजे तक आगे विस्तारित** |
| बिड स्पष्टीकरण | 09.10.2024 के 11.00 बजे से 06.11.2024 के 16.00 बजे तक 19.11.2024 के 16.00 बजे तक विस्तारित **02.12.2024 के 16.00 बजे तक आगे विस्तारित** |
| बिड स्पष्टीकरण का जवाब देने की अंतिम तिथि | 07.11.2024 के 16.00 बजे तक 20.11.2024 के 16.00 बजे तक विस्तारित **03.12.2024 के 16.00 बजे तक आगे विस्तारित** |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | 08.11.2024 के 16.00 बजे तक 21.11.2024 के 16.00 बजे तक विस्तारित **04.12.2024 के 16.00 बजे तक आगे विस्तारित** |
| निविदा खुलने की निर्धारित तिथि व समय | 11.11.2024 के 11.00 बजे पश्चात 22.11.2024 के 11.00 बजे पश्चात विस्तारित **05.12.2024 के 16.00 बजे तक आगे विस्तारित** |
| अग्रिम जमा राशि (ईएमडी) | रु. 2,08,560.00 |

2. इच्छुक निविदादाता पात्रता मापदंड व अन्य विवरण के लिए विस्तृत निविदा आमंत्रित सूचना (निट) वेबसाईट www.isro.gov.in में देखें तथा निविदा दस्तावेज www.tenderwizard.com/ISRO से डाऊनलोड करें।

हस्ता/- समूह प्रधान- सीएमजी

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# बच्चों की सोशल मीडिया से दूरी सख्त प्रावधानों से ही

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सक्रियता जब लत की हद तक पहुंचने लगे तो कई तरह के शारीरिक और मानसिक विकारों से व्यक्ति के ग्रस्त होने का खतरा तय है। दुनिया में वयस्क ही नहीं, किशोर और बच्चे भी स्मार्ट फोन के जरिए दिनभर में कई घंटे आभासी मंचों पर गुजार रहे हैं। इस दौर में ऑस्ट्रेलिया सरकार की ओर से लाए गए उस ताजा विधेयक का स्वागत किया जाना चाहिए जिसके पारित होने पर वहां सोलह साल से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पाबंदी लग जाएगी। बड़ी बात यह भी कि फेसबुक, टिकटॉक, एक्स व इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को खुद बच्चों को सोशल मीडिया मंचों से दूर रखने का बंदोबस्त करना होगा। इसमें कामयाब नहीं होने पर उन्हें भारी जुर्माना भरना पड़ेगा।

सोशल मीडिया पर कम उम्र से ही बच्चों की सक्रियता को लेकर जो खतरे सामने आ रहे हैं उन्हें देखते हुए इस तरह का सख्त कदम उठाना जरूरी-सा हो गया है। वजह भी साफ है। बच्चों को स्मार्ट फोन थमा कर अभिभावक और स्कूलों में शिक्षक तक अपनी जिम्मेदारी से विमुख होते दिख रहे हैं। स्कूलों में कहीं सिर्फ किताबी ज्ञान हावी है तो कहीं पूरा जोर सिर्फ गैर-शैक्षणिक गतिविधियों पर है। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास भी बच्चों के साथ समय बिताने की फुर्सत नहीं है। इस तरह बच्चों का न तो शिक्षकों से और न ही परिजनों से ज्यादा संवाद हो पाता है। इसी संवादहीनता के चलते बच्चों ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को संवाद का जरिया बना लिया है। इससे बच्चों को पढ़ाई में एकाग्रता की कमी तो महसूस हो ही रही है, स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ रही हैं। चिंता की बात यह भी है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म बच्चों के लिए उम्र सीमा का प्रावधान तो कर देते हैं पर निगरानी का कोई मैकेनिज्म उनके पास नहीं होता है। एक चिंता यह भी कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म बच्चों को आकर्षित करने वाली सामग्री परोसने में पीछे नहीं रहते। ऑस्ट्रेलिया सरकार कानून बनाने जा रही है तो निश्चित ही इस प्रावधान को लागू करने का बंदोबस्त भी किया होगा। यह बात और है कि वहां भी बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने पर सवाल उठने लगे हैं। यू-ट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों को हालांकि इस पाबंदी से दूर रखा गया है।

ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी ऐसा ही सख्त कानून बनने की दरकार है। पर बड़ी समस्या यह भी है कि बच्चों की उम्र की तस्दीक किस माध्यम से की जाएगी। क्योंकि आधार जैसे पहचान-पत्र के दुरुपयोग के खतरे भी कम नहीं हैं। वस्तुतः अभिभावकों की जिम्मेदारी बच्चों पर निगाह रखने की है तो सरकारों की जिम्मेदारी बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने की है।

**पुत्र और पिता दोनों ही सृष्टि के अंग हैं।** किसी का भी एकात्म रूप नहीं है। पुत्र यदि फल है तो पिता बीज है। माता माली है। आप फल को देखकर बीज की ओर देखें तो बीज का यात्रा-वृतान्त पढ़ सकते हैं। बीज से शुरू करके फल तक की यात्रा देखें तो बीज का भविष्य पढ़ सकते हैं।

# पिता ही परमपिता



गुलाब कोठारी
प्रधान संपादक
पत्रिका समूह
@patrika.com



शरीर ही ब्रह्माण्ड

*पुत्र शरीर संसार के लिए धन है, पुत्रात्मा स्वयं परमात्मा है। पिता को ही पिता-परमेश्वर कहा जाता है। आत्मा एक ही तो है। प्रकृति ही जब परमात्मा को किसी आकृति में बांधती है तो वह उस योनि का पिता कहलाने लगता है।*

*सर्वयोनिषु कौन्तेय मूर्तयः सम्भवन्ति याः।*
*तासां ब्रह्म महद्योनिरहं बीजप्रदः पिता।।*
(गीता 14.4)

नाना प्रकार की योनियों में उत्पन्न प्राणियों की प्रकृति ही गर्भधारिणी माता हैं और मैं बीज स्थापन करने वाला पिता हूं।

*मम योनिर्महद्ब्रह्म तस्मिन् गर्भं दधाम्यहम्।*
*संभवः सर्वभूतानां ततो भवति भारत।।* (गीता 14.3)

मेरी योनि महद् ब्रह्म (परा प्रकृति) है। उसी में चेतन समुदायरूप गर्भ का स्थापन करता हूं। जड़-चेतन के उस संयोग से सभी भूतों की उत्पत्ति होती है।

**एको ब्रह्म द्वितीयो नास्ति** की कहावत भी प्रचलन में है। यह सृष्टि/ब्रह्माण्ड उसी ब्रह्म का विस्तार है- विवर्त है। विवर्त का अर्थ है परिवर्तित स्वरूप- बदलते रहना, किन्तु नष्ट नहीं होना। पानी बर्फ बनता है- वाष्प भी बनता है- पानी भी बन जाता है। यही विवर्त है। दही का जमना रूपान्तरण है, पुनः दूध नहीं बन सकता। हम मान लें कि ब्रह्म पानी है और ब्रह्माण्ड बर्फ है, वाष्प है, दलदल है। एक-दूसरे में बदलते रहते हैं- नष्ट नहीं होते। मनुष्य कर्म के अनुसार पशु-पक्षी-वृक्ष आदि योनियों में जन्म लेता है। आत्मा वही है- आकृति बदली है, प्रकृति और अहंकृति साथ रहते हैं। वर्ण साथ रहता है। पितरों के प्राण साथ रहते हैं। धरती मां वही होती है, अन्न वही रहता है (धरती मां का)। पिता तो बदलता ही नहीं। आत्मा वही रहता है- **सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च।**

पिता ही पुत्र बनता है। अर्थात् पुत्र ही पिता है। पुत्र और पिता दोनों ही सृष्टि के अंग हैं। किसी का भी एकात्म रूप नहीं है। पुत्र यदि फल है तो पिता बीज है। माता माली है। आप फल को देखकर बीज की ओर देखें तो बीज का यात्रा-वृतान्त पढ़ सकते हैं। बीज से शुरू करके फल तक की यात्रा देखें तो बीज का भविष्य पढ़ सकते हैं। फूल ही कभी बीज था। यह भी कह सकते हैं कि बीज ही फूल बनेगा। बीज में फूल दिखाई नहीं देता। इस ओर भी किसी का ध्यान नहीं जाता कि एक बीज के निर्माण में कितने बीज काम करते होंगे।

एक सन्तान में माता-पिता दो प्राणी होते हैं। माता-पिता के लिए चार प्राणी- दादा-दादी/नाना-नानी काम आते हैं। चार के लिए आठ और आठ के लिए सोलह। आगे बढ़ते जाएं, संख्या बढ़ती जाएगी। तब क्या सन्तान स्वयं में एकल बनकर जी सकती है? यह सम्पूर्ण तंत्र एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। अन्त में अनन्त में ही लीन हो जाएगा। जीवात्मा परमात्मा बन जाएगा। उसी का अंश था, उसी में लीन हो जाएगा। तब बाकी जो श्रृंखला थी माता-पिता की, उसका क्या अर्थ निकला? जीवात्मा का क्या सम्बन्ध बना उनसे?

सभी शरीर पंच महाभूतों के द्वारा निर्मित होते हैं, स्थूल होते हैं। मिट्टी के घर होते हैं- **'काया थारी गार सूं काची।'** जीवात्मा सूक्ष्म शरीर का अंग है। दोनों के मध्य प्राणमय कोश रहता है। शरीर माता है, जीवात्मा पिता है। दोनों ही भिन्न-भिन्न स्वरूप के, भिन्न धरातल के तत्त्व हैं। एक काल विशेष के लिए मिलते हैं। मिट्टी की उम्र होती है, आत्मा अमर है। अतः एक शरीर के मिटते ही आत्मा शरीर बदल लेता है। माता बदलती जाती है, पिता नहीं बदलता।



*सभी शरीर पंच महाभूतों के द्वारा निर्मित होते हैं, स्थूल होते हैं।*

शरीर से निकलते ही आत्मा चन्द्रलोक की ओर प्रस्थान कर जाता है। सूक्ष्म शरीर के रूप में, एक वर्ष की यात्रा करके आत्मा चन्द्रमा पर पहुंच जाता है। चन्द्रमा हमारा पितर लोक है। तीनों लोकों (स्वर्ग-पृथ्वी-नरक) की यात्रा के लिए मार्ग बदलने का स्थान है। जीवात्मा अमृत-मृत्युलोक की यात्रा भी यहीं से शुरू करता है। कर्मफल भोगकर पृथ्वी पर लौटने के लिए आत्मा को चन्द्रमा का मार्ग ही लेना पड़ता है। आगे पंचाग्नि का मार्ग ही उपलब्ध रहता है। आत्मा वही होता है।

जीवन में भी व्यक्ति उम्र के साथ बदलता रहता है। शरीर बदलता तो जाता है, हमको कहां पता लगता है! आप साठ साल के हो गए और स्कूल के समय का अपना चित्र देख रहे हो। आपको तब भी लगता है कि यह बालक मैं ही हूं। जबकि 'मैं' तो पूरा बदल चुका। यहां व्यक्ति शरीर को अपना पर्याय नहीं मानता। आत्मा के रूप में ही उत्तर देता है। जबकि सम्पूर्ण जीवन शरीर के रूप में ही जीता है। शरीर के लिए ही जीता है। कष्ट से भागना चाहता है। जीवन में स्थूल शरीर ही आत्मा का परिचायक होता है। आत्मा ब्रह्म है तो शरीर उसके कर्म का माध्यम है।

आत्मा चन्द्रमा से चलकर बादलों में बसता है। वर्षा के साथ पृथ्वी पर बरसता है। पृथ्वी के गर्भ में जाता है। औषधि और वनस्पति के रूप में पैदा होता है। इसी जल से किसान अन्न (ब्रह्म) का उत्पादन करता है। आत्मा पृथ्वी के गर्भ से अन्न में प्रवेश करता है। अन्न की स्थूल देह आत्मा का शरीर बन जाता है। अतः अन्न के माध्यम से प्राणी शरीर में प्रवेश करता है तथा समस्त शरीर में व्याप्त हो जाता है। अन्न वैश्वानर अग्नि में पककर शरीर के धातुओं का निर्माण करता है। यह शरीर व्यक्ति की आकृति का पोषण करता है। शरीर से शरीर का निर्माण होता है, आत्मा स्वतंत्र है। वह आत्म रूप में ही अगले शरीर में चला जाता है।

आत्मा निराकार है। इसे प्रतिष्ठा के लिए आधार चाहिए। अन्न के केन्द्र में प्रवाहित रहता है। अन्न वैश्वानर में लीन होकर रस में बदल जाता है। **'रसो वै सः'**-वही ब्रह्म का कवच बन जाता है, रस और ब्रह्म पर्याय हैं। रस से बनता है रक्त। पुरुष शरीर में ब्रह्म बीज रूप में आगे धातुओं के साथ बढ़ता हुआ शुक्र रूप लेता है। शुक्र इसका शरीर बनता है। शुक्र एक तरल द्रव्य है, जिसमें शुक्राणु रहते हैं। इस शुक्राणु का भी अपना बीज होता है। आत्मा सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहता है। प्रजनन यज्ञ में आत्मा, आकृति का प्रत्येक अंश बीज में आ जाता है। द्रव्य स्नेहन युक्त जल है, आत्मा सोम है, शर्करा है। वायु के द्वारा जल के माध्यम से सोम जाकर शोणित-अग्नि में आहुत होता है। जल बाहर रह जाता है, अग्नि का शत्रु है। स्नेहन अग्नि प्रज्ज्वलित करता है।

स्त्री शरीर में शुक्र नहीं बनता। रस के बाद रक्त का एक भाग गर्भाशय को जाता है। यहां शोणित में स्त्री की महिला-पीढ़ियों के अंश, शरीर के कुछ अंशों के तत्त्व तथा शिशु शरीर के निर्माण सामग्री का संग्रहण होता है। स्त्रीभ्रूण तैयार है। इसी में पुंभ्रूण आहुत होकर बुद्बुद् पैदा करता है। स्वयं केन्द्रस्थ हो जाता है। यही कललादि बनता हुआ स्थूल शरीर का रूप ले लेता है। पिता से आया ब्रह्म (बीज) माता के गर्भ में पुत्र का/पुत्री का शरीर धारण करता है। **'पिता वै जायते पुत्रः'।** पिता ही पुत्र बन जाता है। शरीर बदल जाता है, सृष्टि आगे बढ़ जाती है। प्रकृति ने पिता को ही पुत्र बना दिया इसी प्रकार तो पिता को भी दादा का पुत्र बनाया था।

पुत्र अपत्य कहलाता है। पिता से छिटककर अलग होता है। पिता के वंश को बढ़ाता है। पुत्र ही पिता को पितृ (पितृ प्राण) ऋण से मुक्त कराता है। उसी पर पिता का ऋण होता है। यास्काचार्य लिखते हैं- **रेक्ण इति धन-नाम।** मरे हुए व्यक्ति का धन अलग हो जाता है। अपत्य शेष रह जाता है- **शेष इति अपत्य-नाम।** पुत्र शरीर संसार के लिए धन है, पुत्रात्मा स्वयं परमात्मा है। पिता को ही पिता-परमेश्वर कहा जाता है। आत्मा एक ही तो है। प्रकृति ही जब परमात्मा को किसी आकृति में बांधती है तो वह उस योनि का पिता कहलाने लगता है।

शतपथ ब्राह्मण में पुत्र के लिए आशीर्वचन लिखे हैं- (शत. 14.9.4.26) **अंगादगांदात्संभवसि हृदयादधियाजते। आत्मा वै पुत्रनामासि स जीव शरदः शतम्** 'हे सन्तान! तू प्रत्येक अंग से पैदा होती है। हृदय (ब्रह्मा-विष्णु-इन्द्र अक्षर प्राण) से पैदा हुई है। निश्चय ही तू मेरा अपना आत्मा ही पुत्र रूप से उपस्थित है। सौ वर्ष तक जीता रह।' **क्रमशः**

gulabkothari@epatrika.com

आर्ट एंड कल्चर

# रामतनु से बने तानसेन कहलाए संगीत सम्राट

## इस वर्ष मनाया जा रहा है शास्त्रीय संगीत पर आधारित विश्व संगीत के आयोजन 'तानसेन समारोह' का शताब्दी वर्ष

विश्वभर में प्रतिष्ठित 'तानसेन समारोह' का यह शताब्दी वर्ष है। मध्य प्रदेश सरकार ने तानसेन समारोह के सौ वर्ष पूर्ण होने पर ग्वालियर के साथ-साथ देशभर में विभिन्न स्थानों पर इसे मनाने की पहल की है।

बहरहाल, 'आइने-अकबरी' के रचयिता अबुल फजल ने ठीक ही लिखा है, 'तानसेन के समान गायक विगत सहस्र वर्षों में जन्मा ही नहीं।' हमारे यहां इस समय में जो शास्त्रीय संगीत है, राग-रागिनियां गाई जाती हैं, वे तानसेन की ही देन हैं। प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में जो संगीत चर्चा है, उसमें आज का संगीत कहां है? वहां प्रबंध का उल्लेख है। तानसेन ने ध्रुवपद की परम्परा को कंठ-सिद्ध कर उसे लोकप्रिय ही नहीं बनाया बल्कि उसे जीवन से जोड़ा। एक दौर वह भी आया जब हर कोई अपने बच्चों को तानसेन बनाने का इच्छुक था। श्रोता शायद कम होने लगे थे, इसलिए विष्णु दिगंबर पलुस्कर को कहना पड़ा, 'हमें तानसेन नहीं, कानसेन बनाने हैं।'



डॉ. राजेश कुमार व्यास
संस्कृतिकर्मी, कवि और कला समीक्षक
@patrika.com

प्रख्यात बंगाली लेखक वीरेन्द्र राय चौधुरी का शोध बताता है, वाराणसी के भावभंगी-गीत गायक मुकुन्दराम पाण्डे के तानसेन पुत्र थे। असल नाम था-रामतनु। माना जाता है कि ग्वालियर के हजरत गौस मुहम्मद सिद्ध पीर के आशीर्वाद से उनका जन्म हुआ। हजरत मुहम्मद गौस ही उन्हें ग्वालियर दरबार ले गए, उनका विवाह करवाया। कई स्थानों पर उनकी संगीत योग्यता को देखते उन्हें 'अताई' लिखा है। संगीत ग्रंथ 'रागदर्पण' में 'अताई' की परिभाषा है – वह जो 'इल्म' यानी विद्या का 'अमल' करना जानता है।

तानसेन बचपन से ही किसी भी स्वर को सुनकर हूबहू नकल कर लेते थे। एक दफा स्वामी हरिदास वाराणसी तीर्थ-यात्रा को आए। वह वाराणसी की सीमा में पहुंचे तब रामतनु वन में गाय चरा रहा था। अपरिचित संन्यासी और शिष्यों को देखकर उसे विनोद सूझा। उसने वृक्ष के पीछे छिपकर बाघ के समान जोरदार आवाज निकाली। शिष्य भयभीत हो गए।

स्वामी हरिदास ने इस बात को समझ लिया कि वाराणसी में बाघ नहीं हो सकता। शिष्यों से ढुंढवाया तो वृक्ष की ओट में रामतनु मिल गया। स्वामी हरिदास ने उसके पिता मकरंद पाण्डे से शिष्य रूप में रामतनु को मांग लिया। गुरु हरिदास से वृंदावन में दस वर्ष तक रामतनु ने संगीत की गहन शिक्षा ली। रामतनु नाद-सिद्ध हुए और बाद में संगीत सम्राट तानसेन कहलाए।

कहते हैं एक बार अकबर के अतिरिक्त आग्रह पर उन्होंने दरबार में दीपक राग गाया। संगीत सभा के चारों ओर दीप सजाए गए। तानसेन ने गाना प्रारंभ किया और उनका बदन जलने लगा। सभा के सारे दीपक जल उठे। इधर घर में दुहिता रूपवती ने मेघ मल्हार गाया। इससे अचानक बादलों की घनघोर घटा संग जलधारा बही। इसी से तानसेन का दग्ध शरीर शीतल हुआ। इसके बाद वह लम्बे समय तक बिस्तर पर बीमार पड़े रहे।

उनके गान से जुड़ी बहुत-सी अलौकिक गाथाएं और भी हैं। एक यह भी है, 'भलो भयो जो विधि ना दिए शेषनाग के कान....।' माने यह अच्छा हुआ जो विधाता ने शेषनाग को सुनने की शक्ति नहीं दी अन्यथा तानसेन की तान सुनकर अनन्तनाग सिर हिला देते और मेदिनी यानी यह पृथ्वी ध्वंस हो जाती।

तानसेन नाम की कथा भी कम रोचक नहीं है। कहते हैं, एक दफा तानसेन ने इतना मधुर गाया कि बादशाह इतने विभोर हुआ कि उसने अपने गले का मणि-हार उतारकर उनके गले में पहना दिया। तानसेन माने वह जो संगीत से हृदय को द्रवीभूत करने की क्षमता रखे। तानसेन ऐसे ही थे। संगीत सम्राट। उम्मीद है कि तानसेन समारोह का 'शताब्दी वर्ष' उनके संगीत अवदान को स्मरण करते भारतीय संगीत को समृद्ध करने का हेतु बनेगा।

# पेरू का नखलिस्तान: दक्षिण अमरीका का एक लोकप्रिय टूरिस्ट स्पॉट

**दक्षिण अमरीकी** देश पेरू की राजधानी लीमा से लगभग 186 मील की दूरी पर स्थित है चित्र में नजर आ रहा हुआकाचिना गांव। यहां दक्षिण अमरीका का एकमात्र प्राकृतिक रेगिस्तानी नखलिस्तान है। इस दुर्लभ प्राकृतिक रेगिस्तानी झील के चारों ओर लुढ़कते टीले और हरी-भरी हरियाली है। हुआकाचिना, निकटतम शहर इका से केवल 5 मील की दूरी पर है। 1940 और 1950 के दशक में, हुआकाचिना का नखलिस्तान अपने कथित औषधीय गुणों के कारण धनी पेरूवासियों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बन गया था। आज, साहसिक यात्री और बैकपैकर सैंडबोर्डिंग और ड्यून बग्गी राइडिंग के लिए हुआकाचिना की यात्रा करते हैं। हुआकाचिना इतना प्रभावशाली है कि पेरू सरकार ने इसे राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत स्थल घोषित कर दिया है। यहां का नखलिस्तान पेरू के 50 सोल (राष्ट्रीय मुद्रा) के नोट पर भी छपा है। एटलस ऑब्स्कुरा के अनुसार, इसे 'ओएसिस ऑफ अमेरिका' कहा जाता है।



## आपकी बात

### संतुलन और दूरदर्शिता की जरूरत

**कनाडा** से बिगड़ते संबंधों के बीच भारत को संतुलन और दूरदर्शिता से काम लेना होगा। कूटनीतिक संवाद बनाए रखना, प्रत्येक आरोप का ठोस खंडन करना, आर्थिक और व्यापारिक संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करना, सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करना आवश्यक है। भारत को संतुलन साधते हुए अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए।
**-मुकेश भटनागर,** भिलाई, छत्तीसगढ़

### कनाडा को नुकसान संभव

**कई** भारतीय छात्र कनाडाई शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के साथ सहयोग करते हैं। इससे कनाडा की अनुसंधान क्षमता मजबूत होती है और कनाडा की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ती है। भारत और कनाडा के संबंधों में तनाव के कारण भारतीय विद्यार्थियों के कनाडा जाने में बाधा आ रही है। इससे कनाडा को भी नुकसान हो सकता है।
**-अजीतसिंह सिसोदिया,** खारा, बीकानेर

### कड़ा रुख अपनाए भारत

**खालिस्तानी** आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में फैलाए गए झूठे प्रोपेगेंडा के मामले में कनाडा सरकार ने मान लिया है कि इस मामले में कोई सबूत नहीं है। इसके बावजूद दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट बरकरार है। कनाडा का रवैया नहीं बदलने वाला। इसलिए भारत सरकार को कड़ा रुख अपनाना चाहिए।
**- वसंत बापट,** भोपाल, मप्र

## आज का सवाल

**मिड-डे मील की गुणवत्ता के मामले को लेकर गंभीरता क्यों नहीं बरती जाती?**

ईमेल करें: edit@epatrika.com

**कल का सवाल था: कनाडा के प्रोपेगेंडा के बाद भारत का रुख क्या होना चाहिए?**

**महाराष्ट्र व झारखंड:** उत्तर भारत के 3 राज्यों में पिछले 2 साल में हुए विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय दल निराश हुए

# कमजोर होते क्षेत्रीय दलों के प्रदर्शन पर नजर

विधानसभा चुनाव 2024

अनंत मिश्रा
वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

**विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के परिप्रेक्ष्य में महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावी नतीजे क्षेत्रीय दलों की घटती लोकप्रियता को नए सिरे से परिभाषित करेंगे।**

ठीक डेढ़ महीने बाद शनिवार को एक बार फिर राजनीतिक दलों की परीक्षा के नतीजों का दिन है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणामों से तय होगा कि आखिर किसने क्या खोया और क्या पाया? हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा नीत 'एनडीए' और कांग्रेस नीत 'इंडिया' ने एक-एक राज्य में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की थी। महाराष्ट्र में अभी एनडीए सरकार है तो झारखंड में इंडिया गठबंधन की। राजनीतिक दलों के साथ-साथ राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले करोड़ों मतदाताओं में भी उत्सुकता है कि आखिर इन राज्यों में बाजी मारेगा कौन? राजनीतिक विश्लेषकों की उत्सुकता दूसरी भी है। उत्सुकता इस बात की कि नतीजों में क्षेत्रीय दलों की झोली में क्या आता है?

उत्तर भारत के तीन राज्यों में पिछले दो साल में हुए विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय दलों को निराशा के अलावा कुछ नहीं मिला था। ढाई साल पहले पंजाब विधानसभा चुनाव में पांच बार सरकार बनाने वाले अकाली दल का लगभग सफाया हो गया था। उसे 117 में से सिर्फ तीन सीटों पर संतोष करना पड़ा था। पिछले महीने आए हरियाणा चुनाव के नतीजों में यही हाल इंडियन नेशनल लोकदल का हुआ। राज्य में पांच-छह बार सरकार बनाने वाले इंडियन नेशनल लोकदल को मुंह की खानी पड़ी थी। 2019 के चुनाव में 10 सीटें जीतने वाले जननायक जनता दल इस वर्ष हुए चुनाव में खाता खोलने को भी तरस गया था। इंडियन नेशनल लोकदल को तोड़कर बने इस दल के नेता दुष्यंत चौटाला को स्वयं करारी हार का सामना करना पड़ा था। अक्टूबर में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को सिर्फ तीन सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों के परिप्रेक्ष्य में महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावी नतीजे क्षेत्रीय दलों की घटती लोकप्रियता को नए सिरे से परिभाषित करेंगे। महाराष्ट्र में भाजपा-कांग्रेस के अलावा शिवसेना और एनसीपी के दो-दो धड़े सत्ता की दौड़ में शामिल हैं। राज्य में पिछले पांच साल से क्षेत्रीय दलों का ही मुख्यमंत्री है। पहले ढाई साल शिवसेना के उद्धव ठाकरे और फिर उद्धव की शिवसेना से अलग हुए अपनी शिवसेना बनाने वाले एकनाथ शिंदे। झारखंड में भी पिछले पांच साल से क्षेत्रीय दल झामुमो का ही मुख्यमंत्री है। ऐसे में शनिवार को आने वाले नतीजे इस बात की गारंटी भी देंगे कि क्या क्षेत्रीय दल अपने अस्तित्व को बचाने में कामयाब रहे? खासकर शिवसेना(उद्धव) के लिए नतीजे जीवन-मरण का सवाल हैं। बसपा भले ही राष्ट्रीय दल हो लेकिन इसकी राजनीतिक ताकत लगातार घटी है। तीन बार देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश की सरकार चला चुकी बसपा पिछले विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट जीतकर क्षेत्रीय दल की तरह रह गई है। इस साल लोकसभा चुनाव के साथ हुए आंध्रप्रदेश विधानसभा चुनाव में वाइएसआर कांग्रेस का हश्र भी देश देख चुका है। पांच साल पहले 151 सीटें जीतकर सरकार बनाने वाले जगनमोहन रेड्डी की पार्टी को मतदाताओं ने 11 सीटों पर समेट दिया था। महाराष्ट्र-झारखंड में क्या होगा, कोई नहीं जानता? लेकिन एक्जिट पोल पर भरोसा किया जाए तो महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना को झटका लग सकता है। लेकिन यहां उत्सुकता इस बात की भी है कि आखिर क्षेत्रीय दल अपना वजूद खो क्यों रहे हैं? क्या वे चुनावी गठजोड़ की राजनीति का शिकार हो रहे हैं? या फिर सत्ता पाने के बाद वे जनता से किए वादे पूरे नहीं करते? क्षेत्रीय दलों के कमजोर होने के कारण अनेक हो सकते हैं लेकिन इतना तो स्वीकार करना पड़ेगा कि राज्यों में ही नहीं केंद्र की सरकार बनाने में भी अनेक बार क्षेत्रीय दलों की अहम भूमिका रही है।

**मुठभेड़** नक्सलियों से ऑटोमेटिक हथियार बरामद, 7 पुरुष व 3 महिला मारी गईं

# विजय प्रहार

# सुकमा के जंगलों में 10 नक्सली ढेर

## 21 लाख के इनामी 6 की हुई शिनाख्त

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**सुकमा/कोंटा.** कोरजुगुड़ा व भंडारापदर के जंगल में शुक्रवार सुबह मुठभेड़ में डीआरजी जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 7 पुरुष और 3 महिला शामिल हैं। इनमें से देर शाम तक 6 नक्सलियों की शिनाख्त हो गई। इन पर 21 लाख रुपए का इनाम घोषित था। मौके से एके-47, इंसास राइफल, एसएलआर बंदूक सहित अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद किए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक जिले के भेज्जी थाना के अंतर्गत कोरजुगुड़ा, दंतेशपुरम, नागाराम भंडारापदर में फोर्स को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली। इसके बाद ऑपरेशन विजय प्रहार लांच किया गया। इस दौरान कोरजुगुड़ा व भंडारापदर जंगल में डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डीआईजी कमलोचन कश्यप ने कहा कि सुकमा जिले के किस्टाराम और भेज्जी थाना क्षेत्र में लगातार नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिल रही थी। इसके बाद सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा था, शुक्रवार की सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। मारे गए नक्सलियों के पास से ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं।

**ओडिशा के रास्ते घुसे थे नक्सली, पहले से अलर्ट थी फोर्स :** भेज्जी के जंगल में नक्सलियों के जमावड़े की सूचना गुरुवार को ही फोर्स को मिल चुकी थी। एक दिन पहले ही भारी संख्या में नक्सली ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ बॉर्डर में घुसे थे। इस दौरान ओडिशा पुलिस के साथ मुठभेड़ भी हुई थी। इसमें एक नक्सली मारा गया था, वहीं एक जवान घायल हुआ था। इसके बाद से छत्तीसगढ़ फोर्स अलर्ट पर थी।




### सफलता पर हाथ में एके 47 लेकर डांस किया जवानों ने

इस सफलता का जश्न जवानों ने हाथों में एके 47 लेकर डांस करते हुए मनाया। जवानों का डांस करते हुए वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले भी जब 5 नक्सलियों को नारायणपुर-कांकेर बॉर्डर पर मारा गया था तो इसी तरह से जवानों ने जश्न मनाया था। इस तरह का जश्न पहले नक्सली तब मनाया करते थे जब वे जवानों को शहीद करते थे, लेकिन अब बस्तर में हालात बदल चुके हैं और इसी बदले हालात में इस तरह की तस्वीर सामने आ रही है।

### इन नक्सलियों की हुई पहचान

1. **मड़कम** उर्फ दूधी मासा, उम्र लगभग 42 वर्ष, निवासी भंडारपदर, थाना भेजी, जिला सुकमा। दक्षिण बस्तर डिवीजन एमआई इंचार्ज, इनाम 8 लाख।
2. **दूधी** हूंगी पति दूधी मासा, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी भंडारपदर, थाना भेजी, जिला सुकमा, प्लाटून नंबर 4 पार्टी सदस्य, इनाम 2 लाख।
3. **लखमा** माड़वी, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी जिलोडगड्डा, थाना पामड़, जिला बीजापुर। डिवीजन स्माल एक्शन टीम कमाण्डर इनाम 5 लाख।
4. मड़कम जीतू, निवासी दंतेशपुरम, थाना भेज्जी, जिला सुकमा, प्लाटून नंबर 4 पार्टी सदस्य, इनाम 2 लाख।
5. कुमारी मड़कम कोसी, निवासी गंगराजपाड़, थाना कोंटा, जिला सुकमा, प्लाटून नंबर 4 पार्टी सदस्य, इनाम 2 लाख।
6. कोवासी केसा, निवासी जिलोडगड्डा, थाना पामेड़, जिला बीजापुर, प्लाटून नंबर 4 पार्टी सदस्य, इनाम 2 लाख।

### जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया



**सुरक्षाबल** के जवानों ने सुकमा जिले में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की और मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों को मिली यह सफलता सराहनीय है। नक्सलियों के खिलाफ हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रही है। बस्तर में विकास, शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**विष्णु देव साय,** सीएम




मुठभेड़ के बाद नक्सलियों के बरामद हथियार।

### यह जीत जवानों की भुजाओं की ताकत की जीत है: गृहमंत्री

10 नक्सलियों को मार गिराने के बाद उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, हमारे सुरक्षा बल अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए नक्सल मोर्चे पर लगातार सफलताएं अर्जित कर रहे हैं। अब बस्तर क्षेत्र में माओवाद अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यह जीत जवानों की भुजाओं की ताकत की जीत है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भटके हुए लोगों से अपील की है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट आएं और देश व प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें।




**20 नवंबर 2024 को प्रकाशित**

दो दिन पहले ही बस्तर में जवानों की हौसला अफजाई कर लौटे सीएम विष्णुदेव साय ने वहां चेतावनी देते हुए कहा था कि बारूद की भाषा छोड़नी ही होगी।

---

**सिमगा के पास हादसा :** राजधानी के निजी अस्पताल में भर्ती

# कृषि मंत्री नेताम को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर लाया गया रायपुर, हालत खतरे से बाहर

### सीएम ने की जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बेमेतरा.** कृषि मंत्री रामविचार नेताम शुक्रवार रात को कवर्धा से रायपुर वापसी के दौरान नेशनल हाईवे 30 में सिमगा के पास ग्राम जेवरा में हादसे का शिकार हो गए। कृषि मंत्री जिस वाहन में सवार थे उसी वाहन को डीआई मालवाहक वाहन के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे कृषि मंत्री रामविचार नेताम को सिर में गंभीर चोट पहुंची है। उन्हें सिमगा से ग्रीन कॉरीडोर बनाकर पचपेड़ी नाका स्थित रामकृष्ण अस्पताल लाया गया। जब उन्हें लाया गया तो वे बेहोश थे। अस्पताल में उनके परिजन मौजूद थे, उन्हें तत्काल आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। हादसे के बाद मंत्री वाहन में ही फंसे रहे। उन्हें लोगों की मदद से बाहर निकाल गया और तत्काल शासकीय अस्पताल सिमगा रवाना किया गया। सड़क दुर्घटना में मंत्री के पीएसओ, गार्ड व चालक भी घायल हुए हैं। सभी घायलों का सिमगा में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रवाना किया गया। कृषि मंत्री कवर्धा के समीप घोटिया रोड पर स्थित संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने गए थे।



हादसे के बाद मंत्री की कार के परखच्चे उड़ गए। इनसेट : रामविचार नेताम।

### सीएम ने की जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना

मंत्री रामविचार नेताम की दुर्घटना सुनकर राज्य के कैबिनेट मंत्रियों भी मायूसी दिखी। निजी अस्पताल में मंत्री नेताम के आने से पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने वहां पहुंचकर डॉक्टरों से चर्चा की और इलाज के प्रबंध करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने भी इस दुर्घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा है, कैबिनेट के हमारे वरिष्ठ साथी रामविचार नेताम के कार दुर्घटना में चोटिल होने की सूचना प्राप्त हुई है। प्रभु श्रीराम से उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।



सीएम साय ने अस्पताल पहुंचकर मंत्री नेताम का हालचाल जाना।

### एयरबैग खुलने से बची जान

**हादसे** के दौरान मंत्री नेताम को वाहन का एयरबैग खुलने से कम चोट लगी है, हालांकि मौके पर वे अचेत हो गए थे। बेमेतरा एसडीओपी मनोज तिर्की ने बताया कि रोड क्लीयर करने के लिए पायलट वाहन व फॉलोगार्ड लगाया गया था। जब फॉलोगार्ड का वाहन निकला तब अचानक ओवरटेक करते हुए डीआई मालवाहक के चालक ने मंत्री के वाहन को टक्कर मार दी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया है। चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर रणबीर शर्मा और एसपी रामकृष्ण साहू घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

कृषि मंत्री नेताम खतरे से बाहर हैं। उनके हाथ की कलाई के पास फैक्चर है। शरीर में कहीं-कहीं पर हल्की खरोंच है। अभी वे होश में हैं। उनका इलाज आईसीयू में किया जा रहा है।

**डॉ. संदीप दवे.** डायरेक्टर, रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर

---

**बिलासपुर :** टाटानगर में दिया गया था भोजन

# दूरंतो ट्रेन का खाना खाने के बाद यात्रियों को उल्टी, हंगामा

*सीनियर डीसीएम ने आईआरसीटीसी को दिए निर्देश, पेंट्रीकार ठेकेदार पर होगा जुर्माना*



**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर.** हावड़ा से पुणे जा रही दुरंतो एक्सप्रेस में ट्रेन का खाना खाने के बाद करीब 10 यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। यात्रियों को टाटानगर स्टेशन से भोजन दिया गया था। उल्टी, बेचैनी और फूड पॉयजनिंग की शिकायतों के बाद रेलवे से चिकित्सा सहायता की मांग की गई, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। इस लापरवाही ने यात्रियों के गुस्सा और बढ़ा दिया। रात करीब 12 बजे जैसे ही ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची, नाराज यात्रियों ने प्लेटफॉर्म पर जमकर हंगामा किया, जिससे ट्रेन 2 घंटे तक प्लेटफॉर्म पर खड़ी रही। यात्रियों का कहना था कि ट्रेन में करीब 1400 यात्री सफर कर रहे थे। अगर सभी यह खराब भोजन खाते तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों और खानपान स्टाफ की लापरवाही को उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए लापरवाही को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल और स्टेशन मास्टर यात्रियों को समझाते रहे। करीब दो घंटे हंगामा के बाद रेलवे अफसरों की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद रात 2 बजे ट्रेन बिलासपुर स्टेशन से रवाना हुई।

### 9 घंटे देरी से पहुंची ट्रेन

सीनियर डीसीएम अनुराग सिंह ने बताया कि दुरंतो में टाटानगर से भोजन चढ़ाया गया था। इस ट्रेन को गुरुवार दोपहर 3 बजे तक बिलासपुर स्टेशन पहुंचना था, लेकिन ट्रेन तकरीबन 9 घंटे लेट होकर रात 12:05 बजे पहुंची। देर होने के कारण दाल खराब हो गई थी। इससे कुछ यात्रियों को उल्टी हुई। बिलासपुर स्टेशन से सब्जी और दाल चढ़ाई गई। इसके साथ ही आईआरसीटीसी को निर्देश दिया गया है कि संबंधित पेंट्रीकार ठेकेदार पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाए।

---

**फूड पॉइजनिंग :** नेशनल स्कूल गेम्स खेलने आए केरल के 7 खिलाड़ी बीमार

# कांपते हुए अस्पताल पहुंचे बच्चे

**तीन को उल्टी-दस्त**

### 6 बालिका और 1 बालक को फीवर और कमजोरी के चलते कराया गया भर्ती, इलाज जारी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**राजनांदगांव.** 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा स्पर्धा में भाग ले रहे केरल के सात बच्चे बीमार पड़ गए हैं। उन्हें बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चों को फीवर, कमजोरी और तीन को उल्टी-दस्त की शिकायत है। डॉक्टरों ने बच्चों को डायरिया से पीड़ित बताया है। सात बच्चों में छह बालिका और एक बालक है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, नेशनल स्कूल गेम्स खेलने आए केरल के सात बच्चे सुबह 9 बजे अस्पताल पहुंचे। सभी बच्चों को तेज बुखार था। कमजोरी भी थी। तीन-चार बच्चों को उल्टी-दस्त की भी शिकायत थी। बच्चा वार्ड के नर्सो ने बताया कि जब बच्चों को लाया गया, तो वे बेहद कमजोर थे। फीवर और कमजोरी के कारण ठीक से चल नहीं पा रहे थे। अब सभी बच्चों की हालत में काफी सुधार है। एक-दो दिनों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, बच्चों ने शुक्रवार रात को दाल-चावल के साथ पूरी और आलू-गोभी की सब्जी खाई थी।



**राजनांदगांव.** बसंतपुर के जिला अस्पताल में बच्चों का चल रहा इलाज।

### एक दिन पहले हुई थी मारपीट

बता दें कि शुक्रवार सुबह केरल और हरियाणा के अंडर-14 बालिकाओं के मैच के बाद विवाद की स्थिति बन गई थी। विवाद में हरियाणा के ब्वायज ने केरल की महिला कोच और दो-तीन खिलाड़ियों की पिटाई कर दी। इलाज के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ये मामला जैसे-तैसे सुलझा। इसके दूसरे दिन केरल के ही सात बच्चे बीमार हो गए।

नेशनल स्कूल गेम्स खेलने आए केरल के सात बच्चे शुक्रवार सुबह अस्पताल में भर्ती हुए हैं। बच्चों को डायरिया की शिकायत है। सभी बच्चों को इलाज जारी है। उनकी तबीयत में काफी सुधार है। उन्हें कल छुट्टी दे दी जाएगी।

**-डॉ. यूके चंद्रवंशी,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

---

# अंबिकापुर-पेंड्रा रोड में नवंबर के तीसरे हफ्ते में पहले नहीं होते थे शीतलहर जैसे हालात

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** प्रदेश के उत्तरी इलाकों अंबिकापुर, बलरामपुर व पेंड्रा रोड में पहले नवंबर के तीसरे हफ्ते में शीतलहर जैसे हालात नहीं बने हैं। इस साल पिछले तीन दिनों से ऐसे हालात बने हैं। राजधानी में भी पिछले साल का रेकॉर्ड टूट चुका है। अगले 5 दिनों में ऐसी ही ठंड पड़ने की संभावना है। दरअसल मौसम शुष्क रहने से बादल नहीं छाएंगे। इसलिए पहाड़ी व मैदानी इलाकों में अच्छी ठंड पड़ेगी। उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं से पूरे प्रदेश में अच्छी ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर व पेंड्रा रोड के डेटा को देखने से लगता है कि इस बार नवंबर तीसरे सप्ताह में शीतलहर जैसे हालात बन गए हैं। अंबिकापुर में पिछले 10 सालों में 2020 में 24 नवंबर को 8.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। वहीं पेंड्रा रोड में पिछले 10 में 6 साल से सबसे ज्यादा ठंड पड़ रही है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे ठंडा बलरामपुर रहा। नवंबर बीतने में अभी 8 दिन बाकी है। ऐसे में आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। रायपुर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से आधा डिग्री ज्यादा है। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम 28.8 डिग्री है। दिन व रात के तापमान में 12.4 डिग्री का अंतर है। राजधानी को छोड़कर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से 5 डिग्री तक कम चल रहा है। वहीं अधिकतम तापमान भी सामान्य से कम है।

### बिलासपुर : रात में बढ़ी ठंड

**बिलासपुर.** शहर में अधिकतम तापमान अभी भी 27 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। लिहाजा दिन में तेज धूप व गर्मी का आलम है, जबकि न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरने पर रात में अब जमकर ठंड पड़ने लगी है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जीपीएम जिले में अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 09.6 है। अंबिकापुर में अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 08.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

# आज रायपुर दक्षिण को मिलेगा नया विधायक

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** प्रदेश में हुए रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना शनिवार को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना का रुझान सुबह 9 बजे से आना शुरू हो जाएगा। दोपहर करीब 2 बजे तक नतीजों की तस्वीर साफ होगी। देर शाम नतीजों की घोषणा होगी। मतगणना हॉल में ईवीएम के वोटों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। यह गणना कुल 19 राउण्ड में पूरी होगी। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 1 अतिरिक्त टेबल की व्यवस्था की गई है।

---

**छात्रों का चयन कैट के माध्यम से** | **गुड गवर्नेंस रीजनल कॉन्फ्रेंस में सीएम की घोषणा**

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस में मास्टर पाठ्यक्रम

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजना शुरू होगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को राजधानी में गुड गवर्नेंस विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार आईआईएम रायपुर के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के मूल निवासी छात्रों के लिए पब्लिक पॉलिसी एण्ड गवर्नेंस में मास्टर पाठ्यक्रम शुरू करेगी। इसके लिए छात्रों का चयन कैट के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, इस योजना में आईआईएम रायपुर मे कक्षाओं के साथ-साथ छात्रों को छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में व्यवहारिक अनुभव भी दिया जाएगा। पाठ्यक्रम की पूरी फीस राज्य सरकार वहन करेगी, साथ ही छात्रों को निर्धारित मासिक स्टायफंड प्रदान करेगी। यह योजना शासन में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ राज्य के युवाओं को उच्च स्तरीय शिक्षा और प्रायोगिक अनुभव का अवसर प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में पेशेवरों की एक ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो सरकार, एनजीओ, थिंक टैंक और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर गवर्नेंस को बेहतर बनाने के क्षेत्र में काम करेगी।



*कैट के मध्यम से मिलेगा प्रवेश, सरकार उठाएगी पढ़ाई का खर्च*

### सुशासन का अर्थ पारदर्शिता और जवाबदेही

केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, सुशासन का अर्थ पारदर्शिता और जवाबदेही है। सभी मंत्रालयों का आपस में समन्वय हो। वे एक दूसरे से सतत संपर्क स्थापित करें। निरंतर नवाचार की ओर उन्मुख रहते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। इस तरह के आयोजन से व्यक्तिगत संपर्क बढ़ता है और एक-दूसरे की संस्कृति का आदान प्रदान होता है।

### पुराणों में जिसे रामराज कहा गया, उसे हम सुशासन कहते हैं : सीएम

**रायपुर.** राजधानी में गुड गवर्नेंस विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, जैसा कि आप लोग जानते हैं कि हम लोगों की राजनीतिक विचारधारा के मूल में ही सुशासन का विचार है। हमारे पुराणों में जिसे रामराज कहा गया है, उसे ही हम सुशासन कहते हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः हमारा मूलमंत्र है। अंत्योदय और एकात्म मानववाद हमारा राजनैतिक दर्शन है। सीएम ने कहा, आप लोगों ने देश के विभिन्न राज्यों में चल रहे बेस्ट प्रेक्टिसेस को एक दूसरे से साझा किया है। सबने मिलकर सुशासन के क्षेत्र में परस्पर सहयोग और भागीदारी को बढ़ाने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया है। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी हमारे प्रेरणा पुरुष हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेतृत्व में हम सुशासन के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की अधिक से अधिक से भागीदारी के लिए प्रयासरत हैं।

**उज्जैन : सांदीपनि आश्रम में बदली दिनचर्या, इस्कॉन मंदिर में 7 दिसंबर से आरती का नया समय**

# भगवान को स्वेटर-टोपा, भोग में दूध और जलेबी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**उज्जैन.** सर्द हवाओं का असर देवालयों की दिनचर्या पर दिखने लगा है। भगवान को सर्दी से बचाने गरम वस्त्र पहनाए जा रहे हैं और अंगीठियों से गर्माहट दी जा रही है। महर्षि सांदीपनि आश्रम में भगवान को स्वेटर, टोपा और शॉल ओढ़ाई जा रही है। साथ ही सिगड़ी के ताप के साथ भोग में गरम दूध-जलेबी और हलवा परोसा जा रहा है।



सांदीपनि आश्रम के पुजारी पं. रूपम व्यास ने बताया, एकादशी पर्व के बाद भगवान को गर्म पोशाक धारण कराई जाती है। इसके साथ महर्षि सांदीपनि जी और गुरुमाता को भी गरम शॉल ओढ़ाई गई हैं। ठंड बढ़ने के साथ भोग में गरम चीजों का उपयोग बढ़ा दिया गया है।

### बाबा महाकाल का गरम जल से स्नान शुरू

रूप चतुर्दशी से बाबा महाकाल को गरम जल से स्नान कराने की परंपरा शुरू हो चुकी है। पुजारी आशीष गुरु ने बताया, तड़के भस्म आरती में गरम जल से स्नान कराया जाता है। यह क्रम फाल्गुन मास की पूर्णिमा तक चलता है। जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी, शैव और वैष्णव मंदिरों में भगवान की प्रतिमाओं को ओढ़नियां और अंगीठियां भी दी जाएंगी।

**इस्कॉन में बदलेगा आरती का समय :** इस्कॉन मंदिर के पीआरओ राघव पंडितदास ने बताया, 7 दिसंबर से आरती का समय बदल दिया जाएगा। शाम 6.30 बजे गौर आरती होगी, रात 8.10 बजे दर्शन बंद होंगे और 9.15 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे।

**झाबुआ : प्रदेश में ऑनलाइन रजिस्ट्री का पहला मामला**

# कुवैत में बैठे भारतीय नागरिक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराई रजिस्ट्री

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**थांदला (झाबुआ).** प्रदेश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को डिजिटल करने के बाद पहली बार खाड़ी देश में बैठे प्रवासी नागरिक ने भारत में बैठे पिता के नाम संपदा 2.0 से ऑनलाइन रजिस्ट्री कराई है। दस्तावेज का पंजीयन पेपरलेस प्रक्रिया के तहत कराया गया। पक्षकारों का सत्यापन भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ। किसी भी पक्षकार को पंजीयन कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं हुई। बताया गया, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाने वाली संभवतः यह प्रदेश की पहली रजिस्ट्री है। उप पंजीयक रोशनी निमामा ने बताया, थांदला कार्यालय में शुक्रवार को संपदा 2.0 की नई प्रक्रिया से सर्विस प्रोवाइडर अरोरा ने खाड़ी देश (कुवैत) में बैठे थांदला निवासी जुजर रायली के पिता फखरुद्दीन रायली के पक्ष में वीसी के माध्यम से पॉवर ऑफ अटार्नी के दस्तावेज की रजिस्ट्री करवाई।

### संपदा से हुआ आसान

लाभार्थी रायली ने बताया, जब सम्पदा 2.0 का शुभारंभ हुआ तो मैंने सर्विस प्रोवाइडर अरोरा से पूछा, बिना ऑफिस आए यह हो सकता है क्या, अरोरा ने ऑनलाइन रजिस्ट्री करवाई। प्रवासी भारतीय परिवारों के लिए संपदा 2.0 से राह आसान हुई।

## न्यूज विंडो

### युवती का अश्लील वीडियो किया वायरल

**अनूपपुर.** चचाई थाना में युवती ने दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया, सोशल मीडिया पर शिवम सेन निवासी ग्राम चकेठी से पहचान हुई। 2022 में शिवम ने पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद पीड़िता से रुपए की मांग करने लगा। पैसे नहीं मिलने पर एक महीने पहले वीडियो वायरल कर दिया।

### स्टेशन पर चाकूबाजी में एक घायल

**जबलपुर.** रेलवे स्टेशन पर दो गुटों में चाकूबाजी के बीच एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, यात्री किराए को लेकर ई-रिक्शा चालक भिड़ गए। भीड़ में ही चाकूबाजी करने लगे। मुकुल मराठा (21) को साहिल चौधरी ने पेट व सीने पर चाकू मारा। घटना के बाद स्टेशन में भगदड़ मच गई। घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया गया है।

### ट्रक की टक्कर से मासूम की मौत

**शिवपुरी.** एक ट्रक ने बाइक सवार सोनू कुशवाह (30) और पत्नी मिथलेश (28) व दो साल की रिसिका को टक्कर मार दी। घटना में रिसिका मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गर्भवती की सड़क पर ही डिलेवरी हो गई। पुलिस ने महिला व नवजात को जिला अस्पताल पहुंचाया। पति घायल है। घटना कोतवाली अंतर्गत दर्रोनी तिराहे पर शुक्रवार शाम की है। पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ लिया है।

### काम में लापरवाही पर तीन सचिव निलंबित

**अनूपपुर.** सीएम हेल्पलाइन प्रकरण के निराकरण में लापरवाही पर तीन सचिवों को निलंबित कर दिया गया। ग्राम पंचायत मलगा की सचिव लक्ष्मी सिंह कंवर, ग्राम पंचायत छिल्पा के तत्कालीन सचिव व पंचायत मुड़धोवा के वर्तमान सचिव कौशल केवट, ग्राम पंचायत खांड़ा के तत्कालीन सचिव व पंचायत औढ़ेरा के सचिव वृंदावन कोल को सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने निलंबित कर दिया है।

### @10 जिले
न्यूनतम तापमान

कहां- कितना

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 10.8 | सागर | 13.5 |
| भोपाल | 9.4 | सतना | 11.2 |
| रतलाम | 12.8 | जबलपुर | 9.9 |
| खजुराहो | 12.2 | नौगांव | 9.8 |
| दमोह | 12.4 | इंदौर | 12.8 |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

**एनजीटी ने रिपोर्टों के हवाले से दी जानकारी, सुझाव देने पांच सदस्यीय समिति बनाई**

# पराली जलाने से देश की अर्थव्यवस्था को सालाना 30 बिलियन डॉलर का नुकसान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** एनजीटी ने किसानों द्वारा पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए रणनीति बनाने व सुझाव देने पांच सदस्यीय समिति बनाई है। इसे एक माह में अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में एक रिसर्च का हवाला देते हुए कहा है, किसानों को धान की कटाई और गेहूं बुवाई के बीच 20-25 दिनों से भी कम समय मिलता है। इतनी जल्दी खेत तैयार करने के लिए किसानों को सबसे आसान उपाय पराली जलाना लगता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पराली जलाने से हर साल भारतीय अर्थव्यवस्था को सालाना 30 बिलियन डॉलर का नुकसान भी हो रहा है। इसलिए सभी सरकारों को इसे रोकने के प्रयास करना जरूरी है।

अनुमान है, पंजाब में हर साल 20 मिलियन टन धान की पराली पैदा होती है, जिसमें से 80% खेतों में जला दी जाती है। इस पराली से केवल पर्यावरण व स्वास्थ्य ही नहीं, पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस कारण दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने से पर्यटकों की संख्या 30% तक घट जाती है। विमानों और ट्रेनों के संचालन पर भी प्रभाव पड़ता है। एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच ने पराली मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जांच समिति गठित की है। समिति में प्रमुख सचिव पर्यावरण व पीएस कृषि का एक-एक प्रतिनिधि, एमओईएफ, सीपीसीबी और एमपीपीसीबी के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। समिति को तीन सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नगरीय विकास विभाग के पीएस, पर्यावरण पीएस, एमपीपीसीबी, एमओईएफ और सीपीसीबी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।



### यह है मुख्य कारण

एनजीटी ने इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इनोवेटिव रिसर्च इन टेक्नोलोजी में प्रकाशित डॉ. गार्गी यादव के रिसर्च पेपर का हवाला देते हुए कहा, पराली जलाने का मुख्य कारण धान की कटाई और गेहूं की बुआई के बीच कम समय मिलना है। गेहूं की खेती में देरी से गेहूं की फसल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। चावल और गेहूं की फसल के बीच उपलब्ध कम समय सीमा के लिए आंशिक रूप से पंजाब उपमृदा संरक्षण अधिनियम 2009 भी जिम्मेदार है, जहां चावल की फसल की कटाई को आगे बढ़ाते हुए जून के मध्य में निर्धारित किया गया है। इस कारण किसानों को दो फसलों के बीच 20-25 दिनों से भी कम समय मिलता है। इसलिए अधिकांश किसान पराली जला देते हैं।

### ऐसे खोजा जा सकता है समाधान

- एनजीटी ने कहा, सरकार उन किसानों को इंसेंटिव के रूप में प्रोत्साहन दे सकती है, जो पराली नहीं जला रहे हैं और जो जलाते हैं, उनके इंसेंटिव रोके जाना चाहिए।
- एमएसपी योजना में बदलाव करके ऐसी व्यवस्था की जाए कि राज्य उन लोगों को एमएसपी का लाभ पूरी तरह या आंशिक रूप से नहीं दें, जो किसान पराली जलाते हैं।
- सरकार को कंपनियों, संगठनों के सहयोग पराली की भूसी को इकट्ठा करने और उसे अधिक उपयोगी बनाने या उत्पादों में बदलने के लिए प्रयास करना चाहिए।

### 36% बढ़ता है लंग कैंसर का जोखिम

पराली जलाने का सबसे बुरा असर वायु प्रदूषण के तौर पर देखने को मिलता है। इससे निकलने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड और कार्बन मोना ऑक्साइड धुएं के बादल बनाती है जो स्मॉग बनाती है। पराली से बहुत महीन कण पीएम 2.5 बढ़ जाते हैं। एनजीटी ने कहा कि रिपोर्टों के अनुसार इससे लंग कैंसर की रिस्क 36% बढ़ जाती है।

### प्रदेश में पराली जलाने में शीर्ष पर श्योपुर

**श्योपुर.** पराली जलाने की घटनाएं प्रदेश के अन्य जिलों के मुकाबले श्योपुर में ज्यादा हुई है। बीते चार दिन यानी 14 से 17 नवंबर के दौरान प्रदेश में श्योपुर जिले में सर्वाधिक पराली जलाई गई है। कृषि विभाग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। इस सैटेलाइट रिपोर्ट के बाद कृषि विभाग भी जागा है और किसानों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है, वहीं अगले सीजन को नो-पराली बनाने की बात कही जा रही है। रिपोर्ट में पाया गया 4 दिनों में श्योपुर जिला पराली जलाने में प्रदेश में शीर्ष पर रहा है। इसके अलावा इन्हीं चार दिनों में 665 स्थानों पर पराली जलाने के प्रकरण चिह्नित किए गए। 16 नवंबर को तो 188 स्थानों पर पराली जलाना पाया गया। रिपोर्ट आई, तो प्रशासन ने आनन-फानन में 18 नवंबर को बैठक भी बुलाई और पराली प्रबंधन की आवश्यकताएं खंगाली।

**धार : शादी में परोसना था गोवंश का मांस**

# गोवंश का वध करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, दो पर रासुका के तहत कार्रवाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मनावर (धार).** मनावर में दो दिन पहले बालीपुर रोड पर मांस के लिए गोवंश का वध कर फेंका गया था। इस घटना से कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। हालांकि पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, इनमें दो के विरुद्ध रासुका में कार्रवाई करते हुए इंदौर जेल भेजा गया है। घटना बुधवार की है। उक्त मामला अति संवेदनशील होने से पुलिस सतर्कता बरती रही थी तथा गोवंश वध के संदेहास्पद मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।

एसडीओपी अनु बेनीवाल व थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान ने बताया, 20 नवंबर को सुबह पुलिस द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए बालीपुर रोड के नजदीक नाले के किनारे अज्ञात लोग गोवंश को मार रहे थे, जिसकी सूचना पर पुलिस फोर्स वहां पहुंचा तथा मृत बैल का पोस्टमार्टम करवाया। इसमें गला काटने से उसकी मौत होना बताया गया।

**एनएसए लगाकर आरोपियों को किया गिरफ्तार :** मामले में पुलिस ने आरोपी कासिम उर्फ मुची, इस्लाम उर्फ हब्बू, कालू पिता निजाम शाह निवासी मनावर और जुनैद उर्फ राजा पिता इकबाल निवासी निसरपुर को गिरफ्तार किया है, इनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। वहीं, कासिम और इस्लाम के विरुद्ध रासुका के तहत कार्रवाई की गई है।

## शिक्षक कर रहा था था छात्रा का शोषण

**झाबुआ@पत्रिका.** कक्षा 10वीं की एक छात्रा के साथ शासकीय शिक्षक द्वारा शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने छात्रा के बयान के आधार पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिक्षक भारतसिंह भूरिया पिटोल में रहता है और एक ग्राम के माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ हैं। वह एक माह से छात्रा को डरा-धमकाकर उसके साथ ज्यादती कर रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब शुक्रवार को आरोपी शिक्षक भारतसिंह अपने साथ छात्रा को पहले बाइ से दाहोद और फिर पिटोल के एक लॉज में ले गया। जानकारी पर छात्रा के परिजन लॉज पहुंचे और छात्रा को उसकी गिरफ्त से आजार कराया। इसके बाद शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज कराया।

**छिंदवाड़ा : पुलिस अधिकारी की मौत का मामला**

# सेक्सटॉर्शन से तंग आकर डीएसपी ने की थी खुदकुशी

**छिंदवाड़ा@पत्रिका.** देहात थाना अंतर्गत प्रियदर्शनी कॉलोनी निवासी रिटायर्ड डीएसपी बावनराव माहोरे (75) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विषाक्त सेवन से मौत होना सामने आने के बाद पुलिस ने जांच की तो बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बुजुर्ग सेक्सटॉर्शन से परेशान था। लगातार वॉटसऐप कॉल कर परेशान किया जा रहा था, जिसके कारण उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया लिया। पुलिस ने बताया, आत्महत्या के पहले बुजुर्ग ने आरोपी के बैंक खाते में 95500 रुपए ट्रांसफर किए थे। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग ने जिस बैंक खाते में पैसे डाले हैं, वह प्रदेश के बाहर का खाता है। देहात पुलिस ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करना तथा सोशल मीडिया के माध्यम से ब्लैकमेलिंग की आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

**मोबाइल चैट डिलिट, बैंक खाते की जांच:** आत्महत्या के पहले बुजुर्ग ने केनरा बैंक की शाखा में आरोपी के बताए गए बैंक खाते में पैसे जमा कराए थे। उसके बाद भी लगातार पैसों की मांग की जा रही थी। बुजुर्ग ने परेशान होकर अपने मोबाइल से चैट डिलिट किया। बदनामी के डर से विषाक्त का सेवन कर आत्महत्या कर ली। देहात पुलिस जांच कर रही है।

## सपनों की दुल्हन को लेने उड़नखटोले से आया दूल्हा




**महिदपुर@पत्रिका.** अपने सपनों की दुल्हन को लेने एक दूल्हा उड़नखटोले से पहुंचा। हेलिकॉप्टर के अलावा दो बस और 50 कार से बाराती भी पहुंचे। उज्जैन के जगदीश माली होटल व्यवसायी हैं। वे सांवरा खेड़ी में रहते हैं। उनके छोटे बेटे ऋतिक माली का विवाह महिदपुर के पास भीमखेड़ा में रहने वाले तेजुलाल की बेटी आशा गुंदिया से हुआ। शनिवार सुबह हेलिकॉप्टर से ही उनकी विदाई होगी। जगदीश माली ने बताया, अहमदाबाद की इवेंट कंपनी से हेलिकॉप्टर किराये पर लिया, जिसके लिए 8.79 लाख रुपए पेमेंट किए। इसके अलावा सांवरा खेड़ी और महिदपुर में दो हेलिपैड बनाने में करीब तीन लाख रुपए खर्च हुए।

**इंदौर : पासपोर्ट आवेदक की याचिका पर कोर्ट बोली**

# 'परिजन के आपराधिक इतिहास से चरित्र का आकलन नहीं'

**इंदौर@पत्रिका.** पासपोर्ट जारी करते समय आवेदक के चरित्र का आकलन किया जाना चाहिए। उसके पति-ससुर के आपराधिक इतिहास को पासपोर्ट जारी नहीं करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। ये टिप्पणी हाई कोर्ट इंदौर खंडपीठ जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की खंडपीठ ने एक केस में फैसला सुनाते हुए की।

मंदसौर निवासी मो. वाजिब छीपा और उनकी मां ने वर्ष 2021 में पासपोर्ट के लिए आवेदन दिया था। चरित्र रिपोर्ट में पुलिस ने उनके पति और ससुर के आपराधिक रिकॉर्ड का हवाला देते हुए पासपोर्ट जारी नहीं किए जाने की टिप्पणी लिख दी। इसके चलते पासपोर्ट कार्यालय ने आवेदन खारिज कर दिया। इस पर आवेदक ने कोर्ट में गुहार लगाई थी।

**उन्हें भी मौलिक अधिकार प्राप्त :** कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए साफ कहा कि जिन्होंने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया, उन्हें भी भारत में वो सभी मौलिक अधिकार प्राप्त हैं, जो किसी अन्य व्यक्ति को प्राप्त होते हैं। केवल परिजन के आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाना गलत है। कोर्ट ने उनके आवेदन को निरस्त करने वाले आदेश को खत्म कर दिया। साथ ही पासपोर्ट कार्यालय को आदेश दिया कि चार सप्ताह में उनके आवेदनों पर विचार करें।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**इंदौर**

### ऑफलाइन आएंगे पीजी फर्स्ट-थर्ड के पेपर

**इंदौर.** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की एमए, एमकॉम और एमएससी पोस्ट ग्रेजुएशन थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन दिसंबर से शुरू हो रही हैं। फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं एडमिशन में देरी के कारण जनवरी में शुरू होंगी। यह परीक्षा ऑफलाइन मोड में ही ली जाएगी यानी ऑनलाइन पेपर नहीं भेजे जाएंगे।



**देवास**

### दूध लेने जा रहे दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**देवास.** कन्नौद के सतवास रोड पर शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे दूध लेने जा रहे एक मोटर वॉइंडिंग दुकान संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कन्नौद पुलिस के मुताबिक, सतवास रोड पर बिजली कंपनी कार्यालय के पास उत्कृष्ट विद्यालय के सामने निसार (45) का घर है। जब निसार दूध लेने जाने के लिए घर से बाहर आया तो किसी ने उसे गोली मार दी।

**जबलपुर**

### मशीन बेचने के नाम पर हड़पे 19 लाख

**जबलपुर.** ग्लास वॉशिंग मशीन के नाम पर कोलकाता के कारोबारी ने शहर के कारोबारी को 19.44 लाख रुपए की चपत लगा दी। गोरखपुर पुलिस ने बताया, आदर्श नगर निवासी आदित्य अग्रवाल सन टफ प्राइवेट लिमिटेड नामक टप एंड गिलास कंपनी के संचालक हैं। उन्होंने कोलकाता के व्यापारी गौतम डे से 30 लाख 97 हजार 500 रुपए में मशीन खरीदने का अनुबंध किया था।

**सतर्कता** **नीली लाइट से आंखों को बचाने के लिए लगाया जाने वाला चश्मा भी दे सकता है परेशानी**

# कम्प्यूटर, मोबाइल की नीली लाइट देती है थकान, सिरदर्द...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** डिजिटल युग में स्क्रीन का सामना करना हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। बड़े-बजुर्गों से लेकर बच्चे तक का अधिकांश समय कम्प्यूटर, मोबाइल और टेलीविजन के सामने बीत रहा है। इससे न केवल शारीरिक क्षमता, बल्कि आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। खासकर इन उपकरणों से निकलने वाली नीली लाइट से आंखों की कंट्रास्ट सेंसिटिविटी में कमी आती है, जिसकी वजह से आंखों की पुतलियों में खिंचाव उत्पन्न होता है। इसके अलावा आंखों में थकान, सिरदर्द और नींद की गड़बड़ी जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं।




### हो सकती हैं ये परेशानियां

**विशेषज्ञों** के अनुसार डिजिटल उपकरण जैसे स्मार्ट फोन, टीवी, टैबलेट, लैपटॉप इत्यादि से नीली किरणें निकलती हैं, जो कि आंखों के लिए नुकसानदायक होती हैं। इससे बचने के लिए ब्लू लेंस वाले चश्मे का इस्तेमाल किया जाता हैं। नेत्र विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आपके आंखों में पहले से चश्मा नहीं लगा है, तो इस तरह का चश्मे पहनने से बचें। इससे पलक झपकने में परेशानी हो सकती है और आंखों में स्ट्रेस बढ़ता है। साथ ही नाक और दिमाग पर भी इसका असर पड़ता है।

### ब्लू कट और ब्लू फिल्टर में अंतर

**विशेषज्ञों** के अनुसार, बिना डॉक्टर के परामर्श के चश्मा नहीं पहनना चाहिए। ब्लू फिल्टर ब्लू कट से बेहतर होता है। डॉक्टर भी उसको ही पहनने की सलाह देते हैं। ब्लू कट हर प्रकार की हानिकारक किरणों को रोक देती है, वहीं ब्लू फिल्टर से केवल नुकसानदायक रोशनी पार नहीं हो पाती है। वो आंखों के लिए भी अच्छी होती है।

### अधिक स्क्रीन टाइमिंग से बचें

**ऑप्टिकल** साइंस के विशेषज्ञ बताते हैं, नीली रोशनी से नींद के लिए जरूरी हार्मोन मेलाटोनिन प्रभावित होता है। इसलिए स्क्रीन टाइम कम करना और नाइट मोड जैसे विकल्पों का उपयोग करना चाहिए। ब्लू लाइट से बचाव के लिए चश्मे पहनना एक अस्थायी उपाय है। इसके बजाय स्क्रीन पर ब्लू रे फिल्टर का इस्तेमाल करें।

ब्लू रेज आंखों और दिमाग पर असर करती हैं। कोशिश करें जिस स्क्रीन का इस्तेमाल करें उसमें ब्लू लेंस फिल्टर लगा हो। ब्लू लेंस चश्मे से ज्यादा अच्छा स्क्रीन पर लगा फिल्टर होता है। अगर आंखों पर पहले से चश्मा नहीं चढ़ा है, तो किसी भी तरह का चश्मा पहनने से बचें।

**डॉ. भावना शर्मा,** (नेत्र रोग विशेषज्ञ) एचओडी, एम्स भोपाल

**रतलाम: जुड़वा बच्चों की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई**

# पति और सास नहीं देते थे ध्यान, मां ने ही ली थी मासूमों की जान, पति ने छिपाए साक्ष्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में 20 नवंबर को चार माह के जुड़वा बच्चों की मौत की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने जानकारी दी, बच्चे टंकी में गिरे नहीं थे, बल्कि उनकी मां मुस्कान ने ही अपने बच्चों हसन (4 माह) और फातिमा (4 माह) को पानी की टंकी में डालकर उनकी जान ले ली थी। इसकी जानकारी होने के बाद भी मासूमों के पिता आमिर ने पुलिस को गुमराह करते हुए साक्ष्य छिपाए। बच्चों की हत्या के मामले में पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है। मामला मदीना मस्जिद के पीछे वेद व्यास कॉलोनी का है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया, मुस्कान ने बताया कि उसे दोनों बच्चों को संभालने में परेशान होती थी। उसका पति और सास इसमें उसकी कोई मदद नहीं करते थे। इससे वह चिड़चिड़ी हो गई थी और इसी वजह से उसने बच्चों को एक-एक करके पानी की टंकी में डालकर उनकी हत्या कर दी।

### यह हुआ था घटना वाले दिन

मुस्कान ने पुलिस को बताया, 19 नवंबर को मोहल्ले में गमी होने से घर पर सास भी आई हुई थी। यह लोग जब जाने लगे तो मुस्कान ने पति से कहा कि कोई तो यहां रुक जाओ, क्योंकि मैं इन बच्चों को अकेली संभाल नहीं पाऊंगी। फिर भी यह लोग चले गए। मुस्कान ने बताया कि पहले भी कई बार पति से कहा कि बच्चे संभालने में परेशानी होती है, तुम मेरा सहयोग नहीं करते हो। 20 नवंबर को भी पति ने उसकी बात नहीं मानी। इससे मुस्कान बहुत चिढ़ गई थी। उसने सोचा कि दोनों बच्चों को खत्म कर देती हूं तो समस्या खत्म हो जाएगी।

हर काम को अवसर की तरह देखें



*जीवन में अधिकतर लोग अच्छे अवसर पाते-पाते चूक जाते हैं क्योंकि उन्हें यह सिर्फ एक काम नजर आता है। - थॉमस एडिसन*

अच्छी मिलेगी सैलरी, यहां तुरंत करें अप्लाई... जानने के लिए स्कैन करें

## OFFICE CULTURE

### आइडिया आए, तो जरूर शेयर करें




**1.** जिस तरह निजी जिंदगी को आसान बनाने के लिए हम नए-नए आइडिया पर काम करते हैं, वैसे ही सोच ऑफिस में रखें। लेकिन जब ऑफिस की बारी आती है, तो सोचते हैं कि क्या करना। अपना काम करो और घर जाओ।

**2.** वर्कप्लेस पर आइडिएशन को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। यह आपको दूसरों से अलग करता है। आपकी स्किल्स को बेहतर बनाता है। आपकी कॅरियर ग्रोथ का ग्राफ बढ़ाता है।

**3.** नए आइडियाज कॉन्फिडेंस बढ़ाते हैं। वर्कप्लेस से लगाव रखना सिखाते हैं। अपनी आइडिएशन स्किल्स को बढ़ाएं और खुद को साबित करें। यह आदत सफलता के नए रास्ते खोल सकती है। जिसका हमें पता नहीं होता।

## HELPING CAREER

18-30 वर्ष वालों के लिए

### कोचीन शिपयार्ड में 71 पदों पर निकली भर्ती

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने 71 पदों पर भर्ती निकाली है। इनमें 21 पद स्काफोल्डर और 50 पद सेमी स्किल्ड रीगर के लिए हैं। इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 29 नवंबर, 2024 है।




#### उम्र और योग्यता

आवेदन के लिए कैंडिडेट की उम्र 30 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। कैंडिडेट को आरक्षण के नियमों के लिए उम्र में छूट दी जाएगी। कैंडिडेट का सलेक्शन प्रैक्टिकल और फिजिकल टेस्ट में किए गए प्रदर्शन के आधार पर होगा। कैंडिडेट को हर टेस्ट में न्यूनतम 50 फीसदी अंक लाना अनिवार्य होगा। योग्यता देखने के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन देखें।

https://cochinshipyard.in/

## UCEED-2025

आइआइआटी बॉम्बे की तरफ से UCEED 19 जनवरी 2025 को होगी। जानें जरूरी बातें ...

# डिजाइन के एंट्रेंस एग्जाम की ऐसी हो रणनीति

*इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) बॉम्बे अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन फॉर डिजाइन (यूसीड) 2025 आयोजित करा रहा है। परीक्षा का आयोजन 19 जनवरी, 2025 में होगा। यह परीक्षा देश के 27 शहरों में आयोजित की जाएगी। डिजाइन में ग्रेजुएशन के लिए आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए देश के टॉप संस्थानों में बैचलर ऑफ डिजाइन में प्रवेश मिलता है। परीक्षा में करीब दो माह का समय है। जानिए तैयारी के दौरान किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है जो एंट्रेंस टेस्ट में सफलता की दर को बढ़ा देती हैं...*



### ये बातें हमेशा ध्यान रखें

**ड्रॉइंग एंड डिजाइन एप्टीट्यूड**

परीक्षा के सिलेबस में दो हिस्से काफी अहम होते हैं। पहला है ड्रॉइंग और दूसरा है डिजाइन एप्टीट्यूड। कैंडिडेट के पास प्रोडक्ट को ड्रॉ करने के अलावा ड्रॉइंग की दूसरी स्किल्स भी होनी चाहिए। इन पर अपनी पकड़ बनाएं। इसके डिजाइन एप्टीट्यूड पर फोकस करें। इसके लिए यूट्यूब चैनल्स और ऑनलाइन क्लास की मदद ली जा सकती है। पिछले साल के पेपर्स का अध्ययन करें और उसके आधार पर अपनी कमियों को दूर करें।

#### विजुअलाइजेशन स्किल बढ़ाएं

परीक्षा ऑब्जर्वेशन और विजुअलाइजेशन पर आधारित होती है। इसलिए ऑब्जेक्ट, सीन और लोगों को अलग-अलग एंगल से ड्रॉ करने की प्रैक्टिस करें। कई ऐसे यूट्यूब चैनल हैं जो इस स्किल को बढ़ाने में मदद करते हैं। उनकी मदद लें। इसके अलावा अपने फोन से अलग-अलग एंगल से किसी चीज की तस्वीरें कैप्चर करें और उनकी एनालिसिस करें। कम्पोजिशन, लाइटिंग और पर्सपेक्टिव पर खासतौर पर फोकस करेंगे तो ज्यादा बेहतर होगा।

#### फील्ड विजिट और मॉक टेस्ट जरूरी

विशेषज्ञ कहते हैं डिजाइनिंग और ड्रॉइंग की प्रैक्टिस के लिए फील्ड विजिट बेहद जरूरी है। इसके लिए म्यूजियम जाएं और प्रदर्शनी देखें। पब्लिक प्लेस पर चीजों को अच्छी तरह से ऑब्जर्व करें और उनकी डिटेल्स को समझें। लाइटिंग के असर को देखें और अलग-अलग एंगल से उनके रूप को देखें। इस तरह आप अपनी ड्रॉइंग स्किल को बेहतर बना पाएंगे। इसके साथ ही मॉक टेस्ट पेपर को हल करने की आदत डालें। बेहतर टाइम मैनेजमेंट के लिए मॉक टेस्ट पेपर से अपनी क्षमताओं को भी समझना जरूरी है।

#### कहां मिलेगा एडमिशन

अंडर ग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस फॉर डिजाइन (यूसीड) 2025 परीक्षा के जरिए आइआइटी बॉम्बे, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, रुड़की और जबलपुर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग के बीडेस (बैचलर ऑफ डिजाइन) प्रोग्राम में एडमिशन मिलेगा।

#### कॅरियर बनाने के इतने मौके

इस परीक्षा के जरिए देश के टॉप संस्थान में प्रोडक्ट डिजाइन, कम्युनिकेशन डिजाइन, इंडस्ट्रियल डिजाइन, एनिमेशन डिजाइन समेत डिजाइन से जुड़े कई तरह के विषयों में कॅरियर बनाने का मौका मिलता है। अधिक जानकारी के लिए नोटिफिकेशन देखें।

## WOMEN JOBS

महिलाओं के लिए कम नहीं हैं मौके

### एक्सेल की बारीकियां समझती हैं, तो घर से कर सकती हैं जॉब

डाटा एनालिटिक्स ऐसी स्किल है, जिसकी डिमांड भारतीय और विदेशी दोनों तरह की कंपनियों में बराबर है। लेकिन डाटा को मेंटेन रखने में एक्सेल का अहम रोल होता है। वर्तमान में कई कंपनियां एक्सेल की गहरी जानकारी रखने वाली कैंडिडेट को बेहतर सैलरी के साथ वर्क फ्रॉम ऑफर करती हैं।



#### टिप्स-ट्रिक्स

एक्सेल को छोटी-छोटी टिप्स एंड ट्रिक्स से समझा जाता है। यहां पर फॉर्मूले के साथ डाटा को मैनेज करना आना जरूरी है। इसे समझने के लिए पहले तो एक्सेल का बेसिक फंडा सीखें। इसके बाद ऑनलाइन कोर्स के जरिए अलग-अलग लेवल को क्लियर कर सकती हैं। ध्यान रखें आपको क्या करना और क्या नहीं करना यह स्पष्ट रखें। इसके अलावा लेटेस्ट ट्रेंड समझें कि कंपनी डाटा को किस रूप में रखती है।

**डाटा का इस्तेमाल करना भी अपने आपमें है एक कला**

#### जरूरत समझें

कई ऑनलाइन कोर्स भी उपलब्ध हैं, जो बताते हैं कि कंपनियां वर्तमान में क्या डिमांड कर रही हैं और उसे पूरा किया जाता है। डाटा के जरिए कई अहम जानकारियां जुटाई जाती हैं। इसलिए इसे समझना अनिवार्य है।

## JOB-HUNTING TIPS

### नौकरी के लिए वॉक-इन इंटरव्यू क्यों है जरूरी, यह जान लें

नौकरी पाने के लिए कैंडिडेट्स कई तरह के जतन करते हैं, लेकिन जब बात वॉक-इन-इंटरव्यू की आती है तो पीछे हट जाते हैं। उन्हें यह समय की बर्बादी जैसा लगता है, लेकिन इसके तरीके को समझेंगे तो जान पाएंगे कि यह मनचाही नौकरी पाने का कितना आसान तरीका है। आमतौर पर कैंडिडेट दर्जनों ईमेल लिखकर इंटरव्यू की स्टेज तक पहुंचने के लिए एचआर से बार-बार सम्पर्क करते हैं, लेकिन वॉक-इन-इंटरव्यू ऐसा मौका है, जो आपकी मेहनत को कम करता है और सीधे रिक्रूटर से मुलाकात कराता है। ऐसे इंटरव्यू में अक्सर रिजल्ट भी उसी दिन या एक-दो दिन में जारी हो जाता है और कैंडिडेट्स को लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ता।



#### सीधे रखें अपनी बात

वॉक-इन इंटरव्यू में आमतौर पर सीधे आप अपनी बात रिक्रूटर से रख सकते हैं। मसलन, आप क्या पद पाने की चाहत रखते हैं, कितनी सैलरी चाहिए और जिस प्रोफाइल के लिए हायरिंग हो रही है उसके लिए क्यों परफेक्ट हैं, ऐसी तमाम बातें बता सकते हैं और सीधे उनका रुख समझ सकते हैं। यानी हफ्तों के इंतजार से बच सकते हैं।

## CAREER TECH

### इस बैंक में नौकरी पाने के अच्छे अवसर



प्राइवेट सेक्टर के बंधन बैंक ने कई पदों पर भर्तियां निकाली हैं। इनकी जानकारी बंधन बैंक के ऑफिशियल लिंक्डइन पेज से ली जा सकती है।

#### इन पदों पर हैं नौकरियां

- ***मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम एग्जीक्यूटिव:*** यह भर्ती दिल्ली के लिए है। संबंधित फील्ड में कम से कम 6 माह अनुभव अनिवार्य है। ऐसे कैंडिडेट चाहिए तो तुरंत जॉइन कर सकें।
- ***मार्केट रिस्क मैनेजर:*** यह भर्ती कोलकाता के लिए है। कैंडिडेट को लिक्विडिटी कवरेज रेशियो को मॉनिटर करना होगा। समय से डीएसबी सबमिशन करना होगा।
- ***रिलेशनशिप मैनेजर:*** यह भर्ती कोलकाता के लिए है। कैंडिडेट के पास वैल्थ मैनेजमेंट में 3 से 5 साल का अनुभव होना चाहिए। इस पद के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक है।

## JOBS ALERT

**सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस कम्प्यूटिंग (सीडैक)**

**पद:** साइंटिस्ट-बी

**पद संख्या:** कुल 22 पद

**अंतिम तिथि:** 01 दिसंबर, 2024

https://careers.cdac.in/

**इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन**

**पद:** मल्टी टास्किंग स्टाफ, टेक्नीशियन आदि

**पद संख्या:** कुल 16 पद

**अंतिम तिथि:** 30 नवंबर, 2024

https://ifgtb.icfre.gov.in/

**स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया**

**पद:** यंग प्रोफेशनल

**पद संख्या:** कुल 50 पद

**अंतिम तिथि:** 30 नवंबर, 2024

https://sportsauthorityofindia.gov.in/

**शॉर्ट रीड** **3.30** *लाख स्टूडेंट्स ने साल 2023 में कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन किया था, लेकिन 2.88 लाख स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे।*

## EARNING APPS

### छोटी-छोटी एक्टिविटी करें और टोलोका ऐप पर पाएं रिवॉर्ड

**1.** अगर आप छोटी-छोटी एक्टिविटी में हिस्सा लेकर पैसे कमाना चाहते हैं, तो टोलोका ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। यहां पर स्पेलिंग में करेक्शन करके और फोटो को देखकर उससे जुड़े सवाल का जवाब देकर पैसे जीत सकती हैं। इस ऐप पर ऐसी कई तरह की एक्टिविटीज की जाती हैं।

**2. इस** तरह के टास्क में हिस्सा लें और ऑनलाइन मनी रिवॉर्ड्स जीत सकते हैं। इसे अपनी सुविधा के मुताबिक इस्तेमाल कर सकते हैं।

**3. इसके** बारे में चाहें तो प्ले स्टोर से भी कमेंट चेक कर सकते हैं। यहां यूजर्स ऐप की कमियों और खूबियों के बारे में खुलकर लिखते हैं।

## LEARNING TOOLS

15-40 वर्ष वालों के लिए

### प्रोजेक्ट के लिए इमेज से टेक्स्ट को ऐसे कर सकते हैं आसानी से कॉपी

स्कूल प्रोजेक्ट हो या फिर ऑफिस प्रोजेक्ट कई बार किसी तस्वीर या किताब से कुछ टेक्स्ट कॉपी करना होना है, लेकिन इसके लिए उसे देखकर उसे टाइप करना होता है। अब इसके लिए टाइपिंग की जरूरत नहीं। इसके लिए उसकी फोटो खींचें फिर गूगल क्रोम ब्राउजर पर जाएं। यहां पर दिखने वाले कैमरा के आइकन को टैप करें। इसके बाद उस तस्वीर को अपलोड करें। ऐसा करने के बाद आपको टेक्स्ट सलेक्ट करने का विकल्प मिलेगा। यहां से टेक्स्ट कॉपी करें और अपने प्रोजेक्ट में उसे पेस्ट कर दें। ऐसा हर बार कर सकते हैं।



*आपके सुझाव और जिन विषयों के बारे में पढ़ना चाहते हैं हमें बताएं। आपके सवाल हमें वाट्सऐप करें 9057531584*

## STARTUP-MANTRA

फैशन मार्केट साल दर साल बढ़ रहा है। उतनी ही बढ़ रही हैं संभावनाएं...

# अपना फैशन ब्रांड कैसे शुरू करें जो 'रॉकेट' बन जाए

**भारत का फैशन मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। विदेशी कंपनियां यहां अपना दायरा बढ़ा रही हैं। इसके अलावा छोटी और नई भारतीय कंपनियां ई-कॉमर्स के साथ इंस्टाग्राम के जरिए युवाओं तक अपनी पहुंच बढ़ा रही हैं। अगर आप भी फैशन की समझ रखते हैं, तो अपना फैशन ब्रांड लॉन्च कर सकते हैं। इसके लिए कुछ बातों को समझ लेना जरूरी है। आइए जानें कैसे फैशन ब्रांड तैयार करें और उसे आगे बढ़ाएं...**



**ये बातें ध्यान रखें**

- फैशन ब्रांड में कुछ खास बात होनी चाहिए जो दूसरों से अलग हो।
- अपने ऑडियंस को कैसे आकर्षित करना है, यह तय कर लें।
- नए ब्रांड के लिए क्वालिटी और प्राइस अहम फैक्टर है, इसे तय करें।

**रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया समझें**

**एक** बार रणनीति तैयार कर लें। उसके बाद जरूरी बात है बिजनेस का रजिस्ट्रेशन कराने की। यह तय करें कि अपने स्टार्टअप को अकेले चलाना चाहते हैं या फिर पार्टनरशिप में। रजिस्ट्रेशन के बाद लाइसेंस के लिए आवेदन करें और शुरुआत करें।

#### ट्रेंड और ऑडियंस की समझ

पहले तय करें कि फैशन ब्रांड लॉन्च करना है, तो फिर सबसे पहले मार्केट रिसर्च करें। इस दौरान सबसे पहले यह समझें कि ट्रेंड में क्या-क्या है। खासतौर पर युवाओं को क्या पसंद आ रहा है। इसके लिए इंस्टाग्राम, पिनटेरेस्ट जैसे प्लेटफॉर्म की मदद लें। इसके बाद देखें कि आपका प्रतिद्वंद्वी कौन है और वो क्या नया कर रहा है जो लोगों को पसंद आ रहा है। इस आधार पर रणनीति तय कर पाएंगे। इसके अलावा यह तय करें कि फैशन ब्रांड किस तरह की ऑडियंस के लिए लाना चाहते हैं।

#### बिजनेस प्लान में ये बातें जरूर रखें

अब अपना बिजनेस प्लान तैयार करें। इसमें बताएं कि आपका आइडिया कितना अलग है। आपका लक्ष्य क्या है। मार्केट को कितना समझ पाए हैं। उसके आधार पर क्या करना चाहते हैं। प्रतिद्वंद्वी को कैसे पीछे छोड़ने की तैयारी है। पैसा कहां से आएगा और कितनी लागत आएगी। इसके अलावा अपने ब्रांड को पॉपुलर बनाने के लिए कौन-कौन से प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करना बेहतर होगा, यह भी समझाएं।

#### डिजाइनर करें हायर

ऐसे सप्लायर को चिन्हित करें जो बेहतर और आपके बजट में कपड़ा उपलब्ध करा सकें। ट्रेड शो पर जाएं, यहां से आपको मदद मिलेगी। इसके अलावा प्राइसिंग, पेमेंट, डिलीवरी करने की शर्तें तय करें। सप्लाई को मजबूत करें। ऐसे मैन्युफैक्चरर को तलाशें जो फैशन प्रोडक्शन में बेहतर काम कर रहा है और क्वालिटी को मेंटेन रखने के साथ बड़ी तादात में कपड़े तैयार कर सके। इसके बाद डिजाइनर हायर करें ताकि वो कपड़ों को डिजाइन कर सके। प्रोटोटाइप तैयार करें। इसे आम लोगों को दिखाकर फीडबैक लें और सुधार करने के बाद मार्केट में लॉन्च करें।

## INNOVATION-NEWS

### न्यूट्रीशनिस्ट मां और सीए बेटा पोषक तत्वों से भरे स्नैक्स से कमा रहे लाखों





**कॉर्पोरेट** जॉब के वर्किंग कल्चर से तंग आकर मुंबई के रहने वाले साहिल जैन ने अपनी न्यूट्रीशनिस्ट मां मीना ने साथ ऐसे यूनीक फूड डिजाइन किए, जिनमें पोषक तत्वों के साथ कुछ नया टेस्ट हो। अपनी कोशिश को नाम दिया माइटी मिलेट्स। जिसे वो ताज और जेडब्ल्यू मैरियट जैसे 50 बड़े होटल्स तक पहुंचा रहे हैं। इससे लाखों रुपए सालाना कमा रहे हैं। फूड में वो मिलेट्स बेस्ड प्रोडक्ट बनाते हैं। जैसे- लड्डू बार्स, वेजिटेबल चिप्स, मिलेट्स नूडल्स-पास्ता आदि। साहिल कहते हैं, उनकी मां फूड सेक्टर में पहले से थीं। उन्हें हैल्दी रेसिपी की जानकारी थी। कॉर्पोरेट जॉब छोड़ने के बाद उनके साथ फूड स्टार्टअप की शुरुआत की और यह इतना सफल हो गया, जिसके बारे में सोचा भी नहीं था।

## TECH-QUESTION

### गूगल डॉक्स में कैसे मिलेगा एआइ-पावर्ड इमेज जनरेटर?

अब गूगल डॉक्स के दस्तावेज में इमेज जोड़ने के लिए एआइ की मदद से इमेज जनरेट कर सकते हैं। गूगल ने अपने डॉक्स में नया जैमिनी-पावर्ड एआइ इमेज जनरेटर लॉन्च किया है, जो आपके लिखे गए कंटेंट को सुंदर बनाने के लिए पलक झपकते ही इमेज बना सकता है। जानें कैसे करें इस्तेमाल...

#### कैसे काम करता है इमेज जनरेटर?

1. सबसे पहले गूगल डॉक्स डॉक्यूमेंट में जाएं। अब इन्सर्ट मेनू पर क्लिक करें, फिर इमेज ऑप्शन चुनें।
2. एक पैनल खुलेगा, जिसमें एक ऑप्शन मिलेगा हेल्प मी क्रिएट एन इमेज। इस पर क्लिक करें और अगले पैनल में एआइ इमेज बनाने के लिए प्रॉम्प्ट दे सकते हैं।
3. अगर चाहते हैं इमेज खास स्टाइल में हो, तो ऐड ए स्टाइल पर क्लिक करके स्टाइल चुन सकते हैं।
4. जब आप पसंद की स्टाइल चुन लें, तो क्रिएट बटन पर क्लिक करें। एआइ चंद सेकंड्स में आपकी डिमांड के हिसाब से इमेज जनरेट कर देगा।



#### डॉक में एड करें, साइज बदलें

एआइ इमेज तैयार होने पर पसंदीदा इमेज पर क्लिक करके उसे सीधे अपने डॉक्यूमेंट में डाल सकते हैं। गूगल डॉक्स इमेज के लिए अलग-अलग आकार (जैसे स्क्वायर, हॉरिजॉन्टल या वर्टिकल) चुनने की सुविधा देता है। इसे डॉक्यूमेंट लेआउट के हिसाब से कस्टमाइज कर सकते हैं। अगर पेजलेस डॉक्यूमेंट है, तो फुल-कवर इमेज भी बना सकते हैं।

*- अंजलिका पंवार*

## TECH KNOWLEDGE

कई ऐसी जगह होती हैं, जो वाइ-फाइ सिग्नल प्रभावित करती हैं...

### वाइ-फाइ राउटर की लोकेशन से जुड़े मिथक

वाइ-फाइ राउटर की स्पीड को लेकर अक्सर संशय बना रहता है। इसमें राउटर की लोकेशन भी जिम्मेदार हो सकती है। ऐसे में राउटर को खुले स्थान पर रखें। कोनों, खिड़कियों और फर्श से बचें और इसके आस-पास भारी फर्नीचर और वस्तुएं भी न रखें। लोकेशन से जुड़े कुछ मिथक पर चर्चा–

**मिथक:** राउटर को कोने में रखना अच्छा है।

**सच्चाई:** राउटर को लिविंग रूम या बेडरूम के कोने में रखने से जगह साफ-सुथरी दिख सकती है, लेकिन यह वाइ-फाइ सिग्नल को प्रभावित कर सकता है। आदर्श रूप से राउटर को केंद्रीय स्थान पर रखना चाहिए ताकि यह सभी दिशाओं में सिग्नल दे सके।

**मिथक:** राउटर को फर्श पर रखें।

**सच्चाई:** राउटर को फर्श पर रखने से



वाइ-फाइ सिग्नल का प्रसार सीमित हो सकता है। ध्यान रखें सिग्नल नीचे और बाहर की ओर भी जाते हैं। इसलिए राउटर को थोड़ी ऊंचाई पर रखें।

**मिथक:** बेहतर रेंज के लिए राउटर को खिड़की के पास रख सकते हैं।

**सच्चाई:** खिड़की का कांच वाइ-फाइ सिग्नल को बिखेर या परावर्तित कर सकता है और कनेक्टिविटी खराब हो सकती है। खिड़की खुली होने पर भी राउटर सीधे धूप के संपर्क में आकर गर्म हो सकता है, जिससे परफॉर्मेंस खराब हो सकती है।

**मिथक:** राउटर को इलेक्ट्रॉनिक्स के पास रखने से फर्क नहीं पड़ता।

**सच्चाई:** जगह बचाने के लिए राउटर को अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट के साथ रखना अच्छा हो सकता है, लेकिन यह सिग्नल प्रभावित कर सकता है। कई गैजेट, आपके वाइ-फाइ नेटवर्क के समान 2.4 गीगाहर्ट्स आवृत्ति पर काम करते हैं, वो राउटर के सिग्नल डिस्टर्ब कर सकते हैं।

**मिथक:** राउटर को फर्नीचर या चीजों के पीछे छिपा सकते हैं।

**सच्चाई:** दीवारें, खंभे और फर्नीचर सिग्नल कमजोर कर सकते हैं।

**मिथक:** राउटर को पानी के स्रोतों के पास रख सकते हैं।

**सच्चाई:** खिड़कियों की तरह पानी वाइ-फाइ सिग्नल को अवशोषित कर कमजोर करता है। इससे बचें।

*- आशीष खंडेलवाल*

दूसरों के अवसरों का भी ध्यान रखें



*अपने लिए मजबूत अवसरों की उम्मीद रखते हैं, तो ध्यान रखें इससे दूसरे लोगों के अवसर प्रभावित न हों।* - **कमला हैरिस**

**बोर्ड परीक्षा में 90% अंक वाले छात्रों को मिलेगी यह सुविधा,** स्कैन कर जानिए...

## CURRENT NEWS

# करंट अफेयर्स क्लियर करने वाले सवाल-जवाब



**Q1 नवंबर, 2024 में भारत ने महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने के लिए किस टीम को हराया?**

*__चीन__ को। 20 नवंबर, 2024 को भारत ने बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में चीन की महिला टीम को हराकर यह खिताब अपने नाम किया।*

**Q2 डोमिनिका की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किस पुरस्कार से नवाजा गया है?**

*__डोमिनिका__ अवॉर्ड ऑफ ऑनर से। 20 नवंबर, 2024 को प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिक रिपब्लिक के राजमंडल के इस सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।*

**Q3 प्रसार भारती के नए लॉन्च किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म का क्या नाम है?**

*__वेव्स__। हाल ही 20 नवंबर को प्रसार भारती ने गोवा में 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आइएफ-एफआइ) के उद्घाटन समारोह में इस ओटीटी प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया।*

**Q4 प्रतिरोधी संक्रमणों के लिए भारत में लॉन्च किए गए पहले स्वदेशी एंटीबायोटिक का क्या नाम है?**

*__नेफ्रिथ्रोमायसिन__। 20 नवंबर 2024, को केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने दवा प्रतिरोधी संक्रमणों से निपटने के लिए देश के इस पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक को लॉन्च किया।*

**Q5 2025 में प्रस्तावित 20वें जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कौनसा देश करेगा?**

*__दक्षिण__ अफ्रीका। 19 नवंबर, 2024 को 19वां जी-20 शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इसमें ब्राजील के राष्ट्रपति लुला दा सिल्वा ने द. अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को इस सम्मेलन के आगामी संस्करण की अध्यक्षता सौंपी।*

## Smart Study

**लगातार बिना ब्रेक के पढ़ाई करने से थकान भी जल्दी होती है और फोकस भी कम हो सकता है।**

# सफलता के लिए जरूरी है एक अच्छा... स्टडी Break टाइम



**लंबे समय तक बैठकर पढ़ना सभी स्टूडेंट्स के लिए प्रोडक्टिव नहीं होता। यह शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी सही नहीं होता। ऐसे में आपको पढ़ाई से ब्रेक लेने की जरूरत होती है। इस दौरान कुछ हैल्दी एक्टिविटीज करें और अपनी सफलता सुनिश्चित करें।**

**कोई एक टॉपिक पढ़ने के बाद ब्रेक लें और कुछ अच्छा सोचें। इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।**

### ऐसा इसलिए है जरूरी

कई स्टडीज के अनुसार लंबे समय तक बिना ब्रेक लिए पढ़ते रहने से फायदा नहीं होता। ऐसा इसलिए होता है कि कुछ समय के बाद तनाव बढ़ता है और एकाग्रता घटने लगती है। ध्यान भंग होने की वजह से इस दौरान पढ़ा गया भी याद नहीं रहता। इसलिए कुछ समय के अंतराल पर ब्रेक लेने से दोबारा ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। ब्रेक का समय दिमाग को तरोताजा कर फिर से काम करने के लिए तैयार करता है। वास्तव में स्टडी ब्रेक टाइम स्ट्रेस बस्टर होता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

इस बारे में कई मनोवैज्ञानिकों का कहना है 45 से 50 मिनट तक पढ़ने के बाद एकाग्रता का स्तर घटने लगता है। कई घंटे लगातार पढ़ते रहने से ऊर्जा और समय दोनों बर्बाद होते हैं। इसलिए ब्रेक जरूर लें, भले ही छोटा सा लें।

### ये हैं प्रमुख फायदे

- **ब्रेक** लेने से दिमाग को आराम मिलता है और विचारों को फिर से संयोजित करने का समय मिलता है।
- **ब्रेक** लेने से तनाव कम होता है और मूड अच्छा रहता है। आप नई और बेहतर सोच के साथ वापस लौटते हैं।
- **ब्रेक** लेने से मेमोरी रिटेंशन और समझने में भी सुधार होता है।
- **ब्रेक** लेने से जटिल समस्याओं को बेहतर तरीके से हल करने में मदद मिलती है।
- **ब्रेक** लेने से पढ़ाई के दौरान ऊर्जा और समय दोनों का सही इस्तेमाल करने में काफी मदद मिलती है।

- यह भी ध्यान रखें कि कहीं ब्रेक लेने की आदत आपका ध्यान भंग न कर दे। इसलिए समय के पाबंद रहें।
- ध्यान भंग करने वाली चीजों से दूर रहें। खासतौर से ऐसी चीजों से जिनसे समय का ध्यान नहीं रहता।

### ब्रेक लेने का तरीका

- **हर** 45 से 50 मिनट में पांच से 10 मिनट का ब्रेक लें।
- **अगर** आप एक घंटे पढ़ रहे हैं, तो 10-20 मिनट का ब्रेक लें।
- **पढ़ाई** के चार सेशन पूरा करने के बाद कम से कम आधे घंटे का ब्रेक लें।
- **ब्रेक** के दौरान ऐसी गतिविधियां करें जिनसे आपको आनंद मिले। जैसे कि पार्क में टहलना, ध्यान लगाना या कोई खेल आदि।
- **ब्रेक** के दौरान कुछ खाना-पीना भी फायदेमंद होता है।
- **60-10** का फॉर्मूला आजमाएं। एक घंटे स्टडी के बाद 10 मिनट का ब्रेक लें।



*__अजय श्रीवास्तव__*
*ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारी, आइआइआइटी भोपाल*

## PRODUCTIVE STUDY

**पसंदीदा किताबें पढ़ने से सब्जेक्ट्स पर पकड़ मजबूत होती है।**

# पढ़ाई के प्रति उत्साहित रहें, इसके ये हैं आसान तरीके

एक स्टूडेंट के लिए पढ़ाई सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण होती है। पढ़ाई के प्रति उत्साह बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन कुछ तरीके हैं, जिनसे आप अपना उत्साह बनाए रख सकते हैं।

- **प्रेरणा** के स्रोत को पहचानें। सोचें आपसे आपके परिवार की क्या उम्मीद है? इससे हर दिन प्रेरित होकर पढ़ाई करेंगे।




- **अपने** सपनों का पीछा करें। इससे हर दिन आपका उत्साह बना रहेगा।
- **आपको** जो प्रोत्साहित करें, उन लोगों से ज्यादा जुड़ाव रखें। उनसे बात करने का टॉपिक भी हर दिन सोच लें।
- **सब्जेक्ट्स** से ऊब रहे हैं, तो कोई और पसंदीदा किताब बीच-बीच में पढ़ें।

## KNOWLEDGE-CORNER

# आइआइपी को जानिए

**प्रमोद जोशी, वरिष्ठ पत्रकार**

हाल में खबर थी कि भारत का औद्योगिक उत्पादन सितंबर में 3.1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ सकारात्मक पथ पर लौट आया, जबकि अगस्त में इसमें 21 महीने में पहली बार संकुचन हुआ था। इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन या आइआइपी औद्योगिक क्षेत्र में किसी खास अवधि में उत्पादन की स्थिति बताता है। भारत में हर महीने इस सूचकांक के आंकड़े जारी होते हैं। भारत में आइआइपी 1950 से जारी किया जा रहा है। 1951 में केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन की स्थापना के बाद से यह संगठन इसे तैयार कर रहा है। सबसे पहले 1937 का आधार वर्ष मानते हुए सूचकांक शुरू किया गया था, जिसमें 15 उद्योग शामिल थे।

वर्ष 1937 के बाद 1946, 1951, 1956, 1960, 1970, 1980-81, 1993-94, 2004-05 और 2011-12 आधार वर्ष माने गए। यह



विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के उत्पादन की मात्रा के आधार पर प्रतिशत सुधार या गिरावट को दर्शाता है। इसके लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए गए हैं, उनमें विनिर्माण, खनन और ऊर्जा तीन उप-क्षेत्र हैं। इनमें भी आठ कोर उद्योगों को 40.27 प्रतिशत वेटेज दिया गया है। ये कोर उद्योग हैं बिजली, इस्पात, रिफाइनरी, खनिज तेल, कोयला, सीमेंट, प्राकृतिक गैस और उर्वरक।

## COURSE CLICK

**नर्सरी एडमिशन**

# पीएमश्री एडमिशन के लिए 27 तक करें अप्लाई

पीएमश्री स्कूलों में नर्सरी क्लास में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस हेतु राजस्थान के इच्छुक कैंडिडेट्स 27 नवंबर, 2024 तक अप्लाई कर सकते हैं।



प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय के अनुसार पीएमश्री योजना के तहत प्रथम चरण में प्रदेश के 402 स्कूलों में इसी सत्र से प्री-प्राइमरी क्लासेज का संचालन किया जाना है।

### क्लास व उम्र का निर्धारण

प्री-प्राइमरी क्लासेज के तहत प्रथम वर्ष में एडमिशन हेतु तीन साल या इससे ज्यादा उम्र के बच्चे पात्र माने जाएंगे। हर क्लास में 25 सीटों का निर्धारण किया गया है। खास बात यह है कि एडमिशन हेतु स्कूलों के आस-पड़ोस के बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### लॉटरी होगी जारी

एडमिशन के तहत जारी की जाने वाली लॉटरी के माध्यम से नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी जैसी क्लासेज में एडमिशन दिए जाएंगे। 30 नवंबर, 2024 को लॉटरी जारी की जाएगी।

pmshrischools.education.gov.in

## SELF-HELP

# ऐसा करेंगे, तो मुश्किल टॉपिक भी लगेंगे आसान



**आपकी** रचनात्मक शैली या क्षमता कितनी मजबूत है। इसका असर आपकी सभी एक्टिविटीज पर दिखाई पड़ता है। इसलिए आपको यह जान लेना चाहिए कि आप कितने रचनात्मक हैं।

- **अपनी** क्रिएटिविटी को समय दें।
- **क्रिएटिविटी** पढ़ाई में भी उतनी ही मदद करती है, जितनी अन्य एक्टिविटीज में।
- **जब** भी आप किसी मुश्किल टॉपिक को पढ़ें, तो उसे एक कहानी के रूप में बदलने की कोशिश करें।
- **पढ़ते** समय लाइट म्यूजिक सुनना प्रोडक्टिव बनाता है।
- **यदि** आप क्रिएटिव फील्ड में ही स्टडी कर रहे हैं तो बड़े फायदे की बात है।
- **स्टडी** करते समय स्टूडेंट-टीचर का खेल खेलें। इससे यह जान पाएंगे कि कितना आपको आता है।

**शॉर्ट रीड** **30** ***लाख रुपए है देश में 3 से 17 वर्ष तक एक बच्चे को निजी स्कूल में शिक्षा प्रदान करने तक का ओवरऑल खर्च।*** *(ईटी ऑनलाइन रिसर्च के अनुसार)*

## EXAM CALENDAR

# 9वीं से 12वीं तक की अर्द्ध-वार्षिक परीक्षाएं 12 दिसंबर से



**राजस्थान** में नौवीं से लेकर 12वीं क्लास तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 12 दिसंबर, 2024 से शुरू होंगी। इसके अनुसार ही टाइम टेबल बनाया जाएगा। ये परीक्षाएं सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के स्कूलों में अध्ययनरत स्टूडेंट्स के लिए आयोजित की जा रही हैं। इस परीक्षा हेतु टाइम टेबल और दिशा-निर्देश शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी जारी किए जाएंगे। अत: निर्धारित रूप से इसकी वेबसाइट विजिट करते रहें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि परीक्षा हेतु पढ़ाई में जुट जाएं और सिलेबस को समझते हुए तैयारी करें। इसके अतिरिक्त अपने टीचर्स के संपर्क में रहते हुए परीक्षा हेतु जानकारी जुटाएं।

rajeduboard.rajasthan.gov.in

## READERS REQUEST

# व्लॉग के लिए स्किल्स

**सुरुचि सामरिया, भरतपुर- वीडियो ब्लॉग (व्लॉग) के लिए कौनसी स्किल्स जरूरी हैं, कृपया मार्गदर्शन कीजिए।**

**कॅरियर काउंसलर, दीपक सक्सेना**

- वीडियो ब्लॉग यानी व्लॉग शुरू करने के लिए आपको सबसे पहले अपनी रुचि और पसंदीदा फील्ड की तलाश करनी होगी। इसके बाद इसके लिए आपको भाषा और ऑडियंस का चयन करना होगा। आपका टारगेट एज ग्रुप क्या है, यह भी ध्यान रखना होगा। इसके बाद आपको इसके कंटेंट पर काम करना होगा। तब आप इसे प्रेजेंट कर सकती हैं। कम्युनिकेशन, राइटिंग, प्रेजेंटेशन, एंकरिंग और टॉकिंग जैसी कुछ स्किल्स भी अपने अंदर विकसित करनी होंगी। इन सबके साथ आपको बिजनेस मॉड्यूल भी विकसित करना होगा। तब आप व्लॉग के लिए खुद को तैयार कर सकती हैं। साथ ही आपको इसकी लाइब्रेरी भी तैयार करनी होगी, ताकि एडवांस वर्किंग कर पाएं। हर बार अलग कंटेंट व सब्जेक्ट पर कमांड लाने के लिए आपमें रिसर्च स्किल भी होनी जरूरी है। ***आप भी भेजें अपने सवाल...***

90575 31584

# Board Education

**9वीं से 12वी तक के लिए**

**गेल इंडिया में एक लाख तक की सैलरी हेतु प्रक्रिया जानने के लिए स्कैन करें...**

## GATE EXAM 2025

**गेट स्कोर से कई फायदे स्टूडेंट्स को मिलते हैं। इसके लिए तैयारी मजबूत होनी चाहिए।**

# बेहतर तैयारी का गणित बैठाएं और खोलें... तरक्की के नए द्वार

*इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए सफलतापूर्वक अर्हता प्राप्त करने का पहला कदम परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम की जानकारी जुटाना और अपने वीक सेक्शन्स का पता करना है। कैंडिडेट्स जिन्हें यह पता होता है कि कहां ज्यादा दिक्कत है, वे उसी पर ज्यादा फोकस करते हैं।*

### तैयारी ऐसे करें

यदि आप अपनी पढ़ाई के प्रति ईमानदार हैं, तो बिना कोचिंग के भी GATE में अच्छे परिणाम लाने में सक्षम हो सकते हैं। हालांकि आपको जरूरत लगे तो विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। तैयारी जल्दी शुरू करने से आपके पास शेड्यूल तैयार करने, GATE के सिलेबस को जांचने और चीजों को ठीक से तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है।



### सिलेबस और पैटर्न समझें

पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न समझते हुए पढ़ाई में जुट जाएं। GATE 2025 के लिए आपको अपने टाइम टेबल को कुछ इस तरह बनाना है कि आप हर टॉपिक को अच्छी तरह से कवर कर पाएं। GATE 2025 का सिलेबस ठीक से देखें और फिर हर टॉपिक के लिए नोट्स तैयार करें। बहुत से स्टूडेंट नोट्स ठीक से नहीं बनाते और फिर पीछे रह जाते हैं।

### टॉपिक वेटेज को जानें

GATE 2025 के टॉपिक वेटेज को समझना आपके लिए महत्त्वपूर्ण है। GATE सिलेबस में कुछ टॉपिक्स का अक्सर प्रश्न पत्र में अधिक वेटेज होता है और अगर आप उन पर अधिक ध्यान देते हैं, तो अच्छे मार्क्स प्राप्त कर सकते हैं। वेटेज जानने के लिए पिछले GATE प्रश्न पत्रों को देखें। इस तरह से पढ़ाई करेंगे, तो सफलता के चांस ज्यादा बढ़ जाएंगे।

### स्पीड पकड़ने का समय

पढ़ाई शुरू करने के साथ ही स्पीड बढ़ाने का यही समय है। बाद में थोड़ा समय बचें तो अपना ध्यान केवल रिवीजन पर केंद्रित करें, ताकि आप परीक्षा के दौरान अपनी तैयारी की स्थिति के शीर्ष पर रहें। इसलिए पढ़ाई को कल पर न टालें और उचित मार्गदर्शन लेते हुए आगे कदम बढ़ाना प्रारंभ करें।

### फैलो व टीचर्स के संपर्क में रहें

गेट की तैयारी कर रहे आपके फैलो और आपके टीचर्स इसे फाइट करने में आपकी मदद कर सकते हैं। अत: उनके लगातार संपर्क में रहें। इससे आपको मानसिक मजबूती भी मिल पाएगी।

### टॉपिक वाइज शॉर्टलिस्टिंग करें

ज्यादा वेटेज वाले टॉपिक्स को शॉर्टलिस्ट कर आप परीक्षा के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उन्हें अधिक समय दे सकते हैं। हालांकि अन्य टॉपिक्स को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। अपना स्टडी प्रोग्राम तय करें। इसके बाद आपको एक ठीक एग्जाम फाइटिंग रणनीति बनानी चाहिए।

## STUDY ABROAD

**स्टूडेंट्स को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना फंड को लेकर करना पड़ता है। इसलिए योजना बनाएं।**

# विदेश में शिक्षा के बारे में सोच रहे हैं तो बजट प्लानिंग करें

**अगर आप विदेश में पढ़ाई का सपना देख रहे हैं, तो आपको इससे जुड़ी कुछ बातें जान लेनी अनिवार्य हैं। दरअसल विदेश में शिक्षा के लिए आपको सबसे ज्यादा जरूरत फंड्स की होती है। ऐसे में प्रॉपर प्लानिंग और बेहतर रिसर्च से आप इस चुनौती का सामना कर सकते हैं और अपना लक्ष्य साध सकते हैं।**

### प्लानिंग व रिसर्च

**अपनी** योग्यता और रुचि के अनुसार विश्वविद्यालयों को शॉर्टलिस्ट कर उनके बारे में पूरी जानकारी जुटाएं। इसके बाद आवेदन प्रक्रिया, वीजा और डॉक्यूमेंटेशन आदि को लेकर काउंसलर से चर्चा करें। सेल्फ असेसमेंट पर ध्यान दें और खुद के शैक्षणिक लक्ष्य और प्राथमिकताओं का मूल्यांकन करें।

### चुनौतियां भी

**आपके** पसंदीदा देश की संस्कृति से तालमेल बैठाना और भाषा संबंधी चुनौती से भी आपको निपटना होगा। यहां बजट का खयाल भी रखना होगा। साथ ही आपका आहार और लाइफस्टाइल जैसी बातों को भी ध्यान में रखना जरूरी है।



### खर्च की सीमा

**ट्यूशन,** आवास और रहन-सहन आदि पर आने वाले खर्च की कैलकुलेशन कर लें। करेंसी एक्सचेंज से आपके बजट पर पड़ने वाले असर का ध्यान रखें। साथ ही आप कौनसे तरीकों से अपने ऊपर से वित्तीय बोझ कम कर सकते हैं। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करें।

### मदद तलाशें

**स्टूडेंट्स** को चाहिए कि वे पहले अपनी रिसर्च व प्लानिंग करें। इस दौरान किसी भी तरह की मदद के लिए काउंसलर हेल्प लेने में संकोच न करें। अपना बजट पहले से ही ध्यान में रखें।

### एंट्रेंस एग्जाम

**अधिकतर** देशों में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट से गुजरना पड़ता है। ऐसे में अपने लिए जरूरी एंट्रेंस टेस्ट की तैयारियों में समय रहते ही जुट जाएं और उसे क्लियर करने के लिए समय का निर्धारण करें।

### ग्रांट्स पर ध्यान दें

**बहुत** से कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स को ग्रांट्स, स्कॉलरशिप आदि ऑफर करते हैं। ऐसे में आप भी उन पर ध्यान दें और अपने लिए फायदे टटोलते रहें। भारतीय स्कॉलरशिप्स भी देखते रहें।



**प्रो.अशोक कुमार**
*शिक्षाविद*

*विदेश में पढ़ने का सपना देखना बेहतर है, लेकिन इसे पूरा करने के लिए आपको वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पहले से ही बजट की प्लानिंग कर लें।*

## SCHOLARSHIP ALERT

# स्वामी दयानंद स्कॉलरशिप 2024



स्वामी दयानंद स्कॉलरशिप 2024 10वीं और 11वीं क्लास में पढ़ चुके स्टूडेंट्स के लिए ऑफर की जा रही है। निजी स्कूलों में अध्ययन करने वाले स्टूडेंट्स इसके लिए आवेदन के पात्र नहीं हैं। आवेदन से पहले नियम जान लें।

### प्रोग्राम के बारे में जानिए

- ***सरकारी*** या सहायता प्राप्त स्कूलों में 10वीं व 11वीं पढ़ चुके स्टूडेंट्स इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- ***आवेदक*** स्टूडेंट की आयु 20 वर्ष से कम होनी चाहिए।
- **एक** वर्ष गैप वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं। दो या अधिक ड्रॉपआउट हैं तो पात्र नहीं हैं।
- ***आठ*** लाख रुपए वार्षिक आय वाले स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकते हैं।
- ***ग्रेजुएशन*** प्रथम वर्ष तक के स्टूडेंट्स इस हेतु आवेदन कर सकते हैं।
- ***अंतिम*** तिथि 31 दिसंबर, 2024 है।

आवेदन करने के लिए विजिट करें - rb.gy/ursbuq

## OPEN ADMISSION

**एमजीसीयू, मोतीहारी**
**कोर्स:** पोस्ट ग्रेजुएशन
**अंतिम तिथि:** 25 नवंबर, 2024
mgcub.ac.in

**आरसीबी, फरीदाबाद**
**कोर्स:** पीजी डिप्लोमा
**अंतिम तिथि:** 25 नवंबर, 2024
rcb.res.in

**एमडीयू रोहतक**
**कोर्स:** पीएचडी
**अंतिम तिथि:** 25 नवंबर, 2024
mdu.ac.in

**आइपीएल-2025 मेगा नीलामी:** ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को पिछले सीजन कोलकाता नाइटराइडर्स ने रेकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था, 24-25 नवंबर को होने वाली नीलामी में कई रेकॉर्ड टूट सकते हैं

# टूटेगा रेकार्ड... 25 करोड़ रुपए का आंकड़ा होगा पार

# ऋषभ पंत पर लग सकता है सबसे बड़ा दांव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 के लिए 24 और 25 नवंबर को होने वाली मेगा नीलामी में अब एक ही दिन शेष बचा है। इस बार नीलामी में कई बड़े रेकॉर्ड बनने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक इस बार नीलामी में पहली बार 25 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार हो सकता है और भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पर सबसे बड़ा दांव लग सकता है। मेगा नीलामी में कुल 574 खिलाड़ियों की किस्मत का फैसला होगा।

**₹16** करोड़ में पंत दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े थे

**111** मैच आइपीएल में खेले, 3,284 रन ठोके और 01 शतक ठोका



## पंत पर आरसीबी और पंजाब की नजरें

**ऋषभ पंत** पिछले सीजन तक दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। हालांकि फ्रेंचाइजी चाहती थी कि पंत उनके साथ जुड़े रहें लेकिन ऐसा नहीं हो सका और उन्हें रिलीज कर दिया गया। दिल्ली के साथ पंत का करार 16 करोड़ रुपए का था। पंत को लेने की होड़ में सबसे आगे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम है।

## इन खिलाड़ियों पर भी रहेंगी फ्रेंचाइजी की नजरें

**लोकेश राहुल:** पिछले सीजन लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने वाले राहुल को फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया। लखनऊ टीम से उन्हें 17 करोड़ रुपए मिलते थे।

**ईशान किशन:** विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन 2018 से मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े हुए थे। उन्हें रिलीज कर दिया गया। उन्हें 15.25 करोड़ रुपए मिलते थे।

**जोस बटलर:** इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया। उन्हें 10 करोड़ रुपए मिलते थे।

**लियाम लिविंगस्टोन:** इंग्लैंड के बल्लेबाज लिविंगस्टोन पिछले सीजन तक पंजाब किंग्स टीम के लिए खेलते थे। उन्हें इस फ्रेंचाइजी से 11.50 करोड़ रुपए मिलते थे।

**574** खिलाड़ी नीलामी सूची में

## सबसे ज्यादा पर्स पंजाब किंग्स के पास

366 भारतीय खिलाड़ी 208 विदेशी खिलाड़ी




**₹120 करोड़** आइपीएल-2025 की मेगा नीलामी के लिए सभी टीमों के पास थे, लेकिन कई फ्रेंचाइजी ने काफी पैसा खिलाड़ियों को रिटेन करने में खर्च कर दिए। पंजाब किंग्स के पास सर्वाधिक 110.50 करोड़ रुपए बचे हैं जबकि राजस्थान रॉयल्स के पास सबसे कम 41 करोड़ रुपए नीलामी के लिए बचे हैं।

**टूट सकता है मिचेल स्टार्क का रेकॉर्ड**

**आइपीएल-2024** से पहले हुई नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पर कोलकाता नाइटराइडर्स ने रेकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए का दांव लगाया और वह आइपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उनका रेकॉर्ड इस बार भारत के ऋषभ पंत तोड़ सकते हैं।

**आर्चर व सौरभ नीलामी सूची में:** **इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और अमरीका के पेसर सौरभ नेत्रावालकर को आइपीएल-2025 की मेगा नीलामी की सूची में शामिल किया गया है। आर्चर इस नीलामी में शामिल होने वाले इंग्लैंड के 38वें खिलाड़ी बन गए हैं।

---

**आज का पोल**

**क्या ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में भारत के खिलाफ 200 रन बना सकती है?**

YES NO

हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

शुक्रवार का जवाब

हां 48% नहीं 52%

**पिछला सवाल:** क्या भारतीय टीम पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 300 रन से ज्यादा बना पाएगी?

---

**बॉर्डर-गावस्कर सीरीज:** भारतीय टीम 150 रन पर सिमटी, ऑस्ट्रेलिया के 67 रन पर सात विकेट

# पर्थ में पतझड़: पहले दिन गिरे 17 विकेट, बुमराह ने कराई टीम इंडिया की वापसी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पर्थ.** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम ने बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोरदार वापसी की। पर्थ टेस्ट की उछाल भरी पिच पर तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा और पहले ही दिन 17 विकेट गिर गए।

टॉस जीतने के बाद कप्तान जसप्रीत बुमराह ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और पूरी टीम 150 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारतीय टीम नौवीं बार विदेशी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज के पहले दिन ऑलआउट हुई है। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड ने सर्वाधिक चार विकेट झटके।

***गेंदबाजों ने संभाला मोर्चा:*** बुमराह की अगुआई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने मोर्चा संभाला और दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट 67 रन तक चटका दिए। स्टंप्स तक एलेक्स कैरी 19 और मिचेल स्टार्क छह रन बनाकर खेल रहे थे। कंगारू टीम अभी पहली पारी में 83 रन पीछे है।

## विराट कोहली फिर फेल, शीर्षक्रम ने किया निराश

**भारतीय** टीम के शीर्ष बल्लेबाजों का प्रदर्शन फिर निराशाजनक रहा। ओपनर यशस्वी जायसवाल और तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पेडिकल खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, खराब फॉर्म से जूझ रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पांच रन बनाकर जोश हेजलवुड की गेंद पर आउट हो गए। विराट छह पारियों में अर्धशतक नहीं लगा सके हैं।



**जोरदार अपील...**
**बुमराह ने किया स्मिथ को आउट**

**स्मिथ** के खिलाफ अपील करते हुए बुमराह।

**पहले दिन का हीरो**

***बुमराह ने सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए:*** गेंदबाजी के अलावा कप्तान की भूमिका निभा रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए। ***उन्होंने 10 ओवर में तीन मेडन फेंके और 17 रन दिए।*** मोहम्मद सिराज ने दो विकेट झटके।

**पंत-राहुल ने जज्बा दिखाया**

**रोहित शर्मा** की अनुपस्थिति में पारी की शुरुआत करने उतरे लोकेश राहुल के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने उपयोगी पारियां खेली। राहुल ने 109 गेंदों में तीन चौकों संग 26 रन बनाए। वहीं, पंत ने 78 गेंदों में तीन चौके व एक छक्के से 37 रन की पारी खेली।

***तनातनी दिखी:*** मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के लाबुशैन व मोहम्मद सिराज के बीच कहासुनी हुई। वहीं, नाथन लियोन व मार्श ने पंत को बल्लेबाजी के दौरान परेशान किया।

## पदार्पण टेस्ट में चमके हर्षित व नीतीश

**तेज गेंदबाज** हर्षित राणा और ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। हर्षित ने आठ ओवर में 33 रन देकर एक विकेट चटकाया और स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हैड को पवेलियन भेजा।

***41 रन की शानदार पारी:*** नीतिश कुमार रेड्डी को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी में जलवा दिखाया। उन्होंने सर्वाधिक 41 रन की पारी खेली। नीतीश ने 59 गेंद खेलते हुए छह चौके और एक छक्का लगाया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी 150/10**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल को मैक्स्वीनी बो स्टार्क | 00 | 08 | 00 | 00 |
| राहुल को कैरी बो स्टार्क | 26 | 74 | 03 | 00 |
| पेडिकल को कैरी बो हेजलवुड | 00 | 23 | 00 | 00 |
| विराट को ख्वाजा बो हेजलवुड | 05 | 12 | 00 | 00 |
| पंत को स्मिथ बो कमिंस | 37 | 78 | 03 | 01 |
| ध्रुव जुरेल को लाबुशाने बो मार्श | 11 | 20 | 02 | 00 |
| वाशिंगटन को कैरी बो मार्श | 04 | 15 | 00 | 00 |
| नीतीश को ख्वाजा बो कमिंस | 41 | 59 | 06 | 01 |
| हर्षित को लाबुशैन बो हेजलवुड | 07 | 05 | 01 | 00 |
| बुमराह को कैरी बो हेजलवुड | 08 | 08 | 00 | 01 |
| सिराज नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त: 11. विकेट पतन:** 1-5, 2-14, 3-32, 4-47, 5-59, 6-73, 7-121, 8-128, 9-144, 10-150. **गेंदबाजी:** मिचेल स्टार्क 11-3-14-2, हेजलवुड 13-5-29-4, पैट कमिंस 15.4-2-67-2, नाथन लियोन 5-1-23-0, मिचेल मार्श 5-1-12-2.

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी स्टंप्स तक 67/7**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ख्वाजा को कोहली बो बुमराह | 08 | 19 | 01 | 00 |
| मैक्स्वीनी एलबीडब्ल्यू बो बुमराह | 10 | 13 | 02 | 00 |
| लाबुशैन एलबीडब्ल्यू बो सिराज | 02 | 52 | 00 | 00 |
| स्मिथ एलबीडब्ल्यू बो बुमराह | 00 | 01 | 00 | 00 |
| ट्रेविस हैड बो हर्षित राणा | 11 | 13 | 02 | 00 |
| मिचेल मार्श को राहुल बो सिराज | 06 | 19 | 01 | 00 |
| एलेक्स कैरी खेल रहे हैं | 19 | 28 | 03 | 00 |
| कमिंस को पंत बो बुमराह | 03 | 05 | 00 | 00 |
| मिचेल स्टार्क खेल रहे हैं | 06 | 14 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त: 2. विकेट पतन:** 1-14, 2-19, 3-19, 4-31 5-38, 6-47, 7-59 **गेंदबाजी:** जसप्रीत बुमराह 10-3-17-4, सिराज 9-6-17-2, हर्षित राणा 8-1-33-1.

---

**जूनियर एशिया कप**

## कोच श्रीजेश के साथ टीम रवाना



पीआर श्रीजेश, भारतीय कोच।

**बेंगलूरु@ पत्रिका.** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप के लिए शुक्रवार को रवाना हुई। भारतीय जूनियर टीम के कोच दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश हैं। भारत ने 2004, 2008, 2015 और 2023 में रेकॉर्ड चार बार यह खिताब जीता है। पिछले साल भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर यह खिताब जीता था। इस बार एशिया कप में 10 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल-ए में रखा गया है। कप्तान आमिर अली की अगुवाई में भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

**डेविस कप टेनिस**

## इटली ने अंतिम-4 में बनाई जगह

**मलागा @ पत्रिका.** विश्व नंबर एक पुरुष एकल खिलाड़ी जेनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिला दी। मौजूदा चैंपियन इटली ने क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। अब उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। इससे पहले इटली के लोरेंजो मुसेटी को पहले एकल मैच में फ्रांसेसक्को कुंडोलो ने 6-4, 6-1 से हराया। इसके बाद जेनिक सिनर ने एकल में सेबेस्टियन बेज को 6-2, 6-1 से हराया। सिनर ने फिर युगल में मातेओ बेरेटिनी के साथ खेलते हुए जीत हासिल की।

---

**बेटे की शानदार पारी पर बोले वीरेंद्र सहवाग**

# ...तुमने सिर्फ 23 रन से 'फरारी' मिस कर दी

**कूच बिहार ट्रॉफी मैच में बनाए 297 रन**



आर्यवीर सहवाग

***शिलॉन्ग @ पत्रिका.*** *पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बड़े बेटे आर्यवीर ने कूच बिहार ट्रॉफी टूर्नामेंट में दिल्ली के लिए खेलते हुए मेघालय के खिलाफ 297 रन की पारी खेली। आर्यवीर ने ओपनिंग करते हुए 309 गेंदों में 51 चौके व 3 छक्के लगाते हुए यह पारी खेली। इस पारी से उनके पिता सहवाग बेहद खुश दिखे। सहवाग ने सोशल मीडिया पर बेटे को शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने लिखा कि तुमने 23 रन से फरारी मिस कर दी। सहवाग ने 2015 में आर्यवीर से वादा किया था कि वे अगर उनके 319 रन के रेकॉर्ड को तोड़ देंगे तो उन्हें फरारी कार देंगे।*

## सहवाग ने लिखा...

**तुमने** अच्छा खेला आर्यवीर, लेकिन 23 रन से तुमने फरारी मिस कर दी। मुझे उम्मीद है कि तुम भविष्य में कई शतक, दोहरा शतक और तिहरा शतक लगाओगे।

***सहवाग की श्रेष्ठ पारी से 23 रन पीछे रहे:*** सहवाग की टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ पारी 319 रन है। आर्यवीर ने मेघालय के खिलाफ 297 रन ठोके और वे 23 रन से अपने पिता के सर्वोच्च स्कोर से पीछे रह गए। अगर वे 23 रन और बना लेते तो पिता से आगे निकल जाते। आर्यवीर की पारी से दिल्ली ने 5 विकेट पर 623 रन बना अपनी पारी घोषित कर दी।

---

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी आज से**

# घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में दमखम दिखाएंगे शमी, हार्दिक और श्रेयस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का आगाज शनिवार से हो जाएगा। घरेलू लीग में इस बार हार्दिक पांड्या, श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी जैसे अंतरराष्ट्रीय स्टार क्रिकेटर भी नजर आएंगे। हार्दिक जहां बड़ौदा के लिए खेलेंगे। श्रेयस अय्यर मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं, स्पिनर युज्वेंद्र चहल हरियाणा के लिए खेलेंगे।



***शमी की फिटनेस पर नजर:*** हाल में चोट से उबरने के बाद मैदान पर वापसी करने वाले मोहम्मद शमी की फिटनेस पर सभी की नजरें होंगी। वह बंगाल के लिए खेलेंगे।

---

**चाइना मास्टर्स बैडमिंटन:** भारतीय जोड़ी ने कनाडा के किम-एंडर्स को दी मात

# सात्विक और चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शेनजेन (चीन).** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कार्प रासमुसेन की दूसरी वरीय जोड़ी को हराकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे सात्विक और चिराग ने 47 मिनट में दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर 21-16 21-19 से जीत दर्ज की।



भारत के सात्विक और चिराग शेट्टी।

***लक्ष्य सेन हारे:*** पुरुष एकल मुकाबले में भारत के लक्ष्य सेन को दुनिया के नंबर तीन खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में कड़े मुकाबले के बाद 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

---

**नई शुरुआत** // तीन बार की ओलंपिक पदक विजेता अगले साल से शुरू होने वाली एथलेटिक्स लीग में दिखाएंगी जलवा

# नीता 'ग्रैंड स्लेम ट्रैक' से जुड़ने वाली ब्रिटेन की पहली महिला धाविका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** ब्रिटेन की 28 वर्षीय अनुभवी धाविका डेरिल नीता भी 2025 से शुरू होने वाली ग्रैंड स्लेम ट्रैक एथलेटिक्स लीग में शामिल हो गई हैं। वह लीग में शामिल होने वाली ब्रिटेन की पहली महिला एथलीट हैं।

तीन बार की ओलंपिक पदक विजेता डेरिल नीता हाल ही में पेरिस ओलंपिक 2024 में चार गुणा 100 मीटर रेस में रजत पदक जीतने वाली ब्रिटिश टीम का हिस्सा थीं। नीता के अलावा ब्रिटेन के दो पुरुष एथलीट जोश केर और मैथ्यू हडसन स्मिथ ने भी नई लीग में शामिल होने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के तहत, दुनियाभर के शीर्ष एथलीट ज्यादा इनामी राशि के कारण इस लीग के प्रति आकर्षित हो रहे हैं।




एक स्पर्धा के दौरान दौड़ लगाती हुई ब्रिटेन की डेरिल नीता।

**चैंपियन को मिलेगी मोटी इनामी राशि**

**106** करोड़ रुपए
लीग की सालाना ***इनामी राशि***

**84.44** लाख रुपए
प्रत्येक इवेंट के ***चैंपियन को मिलेंगे***

**मुझे इस लीग का प्रारूप रोमांचक लगा**

**नीता** ने लीग से जुड़ने के बाद कहा, मुझे इस लीग का प्रारूप काफी रोमांचक और अच्छा लगा। मैं इस लीग में भाग लेने के लिए बेहद उत्साहित हूं। एक सप्ताह में दो बार दौड़ना सभी एथलीट के लिए बेहद शानदार अनुभव होगा। यह एक नए प्रारूप में शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का एक अद्भुत अवसर है जो खेल में बहुत सारी ऊर्जा लाएगा।

***क्या है ग्रैंड स्लेम ट्रैक लीग:*** अमरीका के पूर्व महान एथलीट माइकल जॉनसन ने इस साल जून में ग्रैंड स्लेम लीग लांच की। इस लीग का उद्देश्य दुनिया के शीर्ष एथलीटों को एक मंच पर साथ लाना है।

## दुनियाभर के एथलीट इस लीग के साथ जुड़े

**ग्रैंड स्लेम** ट्रैक में दुनियाभर के कई दिग्गज एथलीट जुड़ रहे हैं। इसमें पेरिस ओलंपिक में 400मी का रजत जीतने वाली बहरीन की साल्वा नासेर और इसी ओलंपिक में 800मी दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली केन्या की मैरी मोरा भी शामिल हैं।

## एक साल में चार बार होगा आयोजन

**ग्रैंड स्लेम** ट्रैक साल में चार बार आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन दो बार अमरीका और दो बार किसी और देश में होगा। इस लीग के लिए 48 एथलीटों संग अनुबंध किया जाएगा और इनके बीच प्रतिस्पर्धा होगी।

---

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7173...



**बाएं से दाएं...** 1. नींव, बुनियाद (3-2), 5. लोभ (3), 8. युवा, तरुण, सैनिक (3), 9. होशियार, घाघ, चंट (3), 10. आराधक, अनुयायी (3), 12. इमली (3), 14. दु:ख, शोक (2), 16. पवित्र, साफ, निर्मल (2), 17. खींचातानी (4), 18. हस्तक्षेप, बाधा, रुकावट (3), 20. मूल्य, कीमत (2), 21. पक्षाघात (3), 23. अंधेरा मिटाने वाला (4), 25. स्तुति, प्रार्थना (2), 26. वन, जंगल (3), 27. मार्ग, पथ (2), 28. हमेशा, आवाज (2), 29. नवीन, नूतन (2), 30. दया, कृपा (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. खातिरदारी, सत्कार (5), 2. चांदी (3), 3. पार्वती (2), 4. तिरस्कार, थू-थू, धिक्कार, भर्त्सना (3), 5. विवश, बेबस (3), 6. लाल, पुत्र, प्रिय, दुलारा (2), 7. आग उत्पन्न करने वाला पत्थर (4), 11. आना-जाना, आवागमन (6), 13. सहायता, सहयोग (3), 15. इज्जतदार (2-2), 16. ईश्वर, पालन-पोषण करने वाला (3), 19. अखरना, चुभना (3), 22. घटना (4), 23. उधार की रकम मांगना (3), 24. आघात करना (3), 25. प्रात:, सवेरा (3), 28. बराबर, चौरस (2)

**हल 7172**



## SUDOKU 6908...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 6 | 1 | | |
| | | | | 1 | 2 | | | 8 |
| | 4 | | | | | | | 9 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 8 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | 4 | | 2 | | | | |
| | | | | 7 | 1 | | | 3 |
| | 7 | | | | 8 | | | 5 |
| | | 1 | | 5 | | | 6 | |

**हल 6907**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 1 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

## भारत के अनोखे तोहफे: कश्मीर का गुलदान, महाराष्ट्र का सिल्वर कैंडल स्टैंड और आंध्र का रत्नजड़ित पर्स




**मेलोनी को कैंडल स्टैंड...** ब्राजील में जी-20 समिट में इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी से द्विपक्षीय वार्ता के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में बना चांदी का मोमबत्ती स्टैंड भेंट किया।




**अल्बनीज को नीलम...** पीएम ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज को नीलम भेंट किया, जिसके सिर पर ऊंट की प्रतिकृति बनी हुई थी।




**स्टार्मर को गुलदान...** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को जम्मू-कश्मीर के उपहारों में शामिल पैपरमैशे का खूबसूरत गुलदान दिया।




**लूला द सिल्वा को वर्ली पेंटिंग...** महाराष्ट्र की वर्ली जनजाति के आदिवासी कला रूप वर्ली पेंटिंग को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को दिया गया। वहीं, गुयाना में कैरीकॉम देशों के नेताओं के कस्टमाइज्ड गिफ्ट हैम्पर में भी यह पेंटिंग शामिल की गई थी।




**लूला की पत्नी के लिए पर्स...** आंध्र प्रदेश से मिले तोहफों में एक सिल्वर क्लच पर्स शामिल था, जिस पर सेमी-प्रिशियस पत्थर जड़े हुए थे। जटिल पुष्प आकृति डिजाइन वाला उपहार ब्राजील के राष्ट्रपति की पत्नी के लिए दिया गया।

**कनाडा:** एयरपोर्ट पर नहीं होगी भारतीयों की अतिरिक्त जांच

# बैकफुट पर ट्रूडो सरकार ताबड़तोड़ यू-टर्न, मानी गलती

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ओटावा.** भारत से तनाव, बढ़ते आर्थिक संकट के बीच गिरती लोकप्रियता के चलते कनाडा में जस्टिन ट्रूडो की सरकार अब बैकफुट पर नजर आ रही है। ट्रूडो सरकार ने भारत से तनाव बढ़ाने वाले दो मामलों में तेजी से यू-टर्न लिया है। इसके पहले पिछले सप्ताह भी विपक्ष के बढ़ते दबाव के बीच ट्रूडो ने कबूला था कि प्रवासी नीति में कुछ गंभीर गलतियां हुईं और कुछ अराजक तत्वों ने इसका फायदा उठाया। गौरतलब है कि भारत भी लगातार हरदीप सिंह निज्जर जैसे अपराधी और खालिस्तानी आतंकी को कनाडा की नागरिकता देने पर कनाडा की प्रवासी नीति और नियत सवाल उठाता रहा है।

अब, ट्रूडो सरकार ने भारत आने वाले यात्रियों की अतिरिक्त सुरक्षा जांच के हाल ही में लिए फैसले को वापस ले लिया है। कनाडाई परिवहन मंत्री अनीता आनंद ने कहा था कि भारत जाने वाले हर यात्री को अतिरिक्त कड़ी सुरक्षा जांच उपायों से गुजरना होगा। लेकिन सरकार की ओर से इस नए प्रोटोकॉल हटाने के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, उड़ानों पर अतिरिक्त जांच के कारण देरी हो रही थी और हवाई अड्डों पर लंबी कतारें लगने लगी थीं। दूसरी ओर निज्जर हत्याकांड जांच मामले में भी कनाडा ने नरमी के संकेत दिए हैं।



**57%** कनाडाई चाहते हैं **ट्रूडो छोड़ें पद**

ग्लोब एंड मेल अखबार द्वारा इसी सप्ताह जारी एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, ***57% कनाडाई मानते हैं कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को पद छोड़ देना चाहिए और ट्रूडो के अलावा किसी अन्य को अक्टूबर 2025 से पहले होने वाले चुनाव में लिबरल पार्टी का नेतृत्व करना चाहिए।*** सर्वेक्षण में पाया गया है कि ***41% लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ी है।*** सर्वेक्षण के अनुसार, ***41% लोगों ने विपक्षी दल कंजरवेटिव पार्टी को अपना समर्थन दिया*** है, जबकि सिर्फ ***25 फीसदी लोग ट्रूडो की लिबरल पार्टी का साथ देते नजर*** आए।

**25%** माता-पिता पेट काट कर भर रहे **बच्चों का पेट**

ट्रूडो के राज में कनाडा के लोग बड़े आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। यह संकट कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि कनाडा में रहने वाले 25% माता-पिता अपने बच्चों को पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए अपना पेट काट रहे हैं। गैर लाभकारी संगठन साल्वेशन आर्मी ने यह सर्वे किया है।

### 'निज्जर मामले से पीएम मोदी का संबंध नहीं'

कनाडा के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार नैथली जी. ड्रौइन ने उस मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया जिसमें निज्जर हत्याकांड से जुड़ी गंभीर आपराधिक गतिविधि से पीएम मोदी, जयशंकर और अजीत डोभाल का नाम जोड़ा गया था। ड्रौइन ने कहा, यह मीडिया रिपोर्ट 'अटकलबाजी पर आधारित और गलत' है। उन्हें ऐसे किसी सबूत की जानकारी नहीं है कि पीएम मोदी की इस हत्याकांड की कोई जानकारी थी।

**कर्नाटक**

### केंद्रीय मंत्री जोशी ने जस्टिस डी कुन्हा से मांगी माफी

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने जस्टिस माइकल डी कुन्हा आयोग के बारे में हालिया टिप्पणियों पर खेद व्यक्त किया है और माफी मांगी है। कोविड-19 महामारी के दौरान कथित अनियमितताओं की जांच करने वाले आयोग ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने सस्ते स्थानीय विकल्प उपलब्ध होने के बावजूद महंगे पीपीई किट खरीदे थे।

जोशी ने शिगांव में एक चुनावी रैली के दौरान रिपोर्ट की ओर इशारा करते हुए जस्टिस डी कुन्हा पर एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया था।

**हिमाचल**

### विधायकों पर अयोग्यता की कार्रवाई पर रोक

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश में संसदीय सचिव नियुक्त किए गए विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही शुरू करने के उच्च न्यायालय के हालिया निर्देश पर शुक्रवार को अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस बीच विधायकों की सचिव के रूप में कोई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने प्रतिवादियों को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और उसके बाद राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया।

**नए चरण में युद्ध:** पुतिन ने दी चेतावनी

# नई मिसाइल से डरा यूक्रेन, संसद सत्र रद्द



*रूस ने यूक्रेन को अपने नए हथियारों के लिए टेस्टिंग ग्राउंड बना लिया है।*
***वोलोदिमिर जेलेंस्की,*** *यूक्रेनी राष्ट्रपति*

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कीव. मास्को.** यूक्रेन में अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से हमला करने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने यूक्रेन और पश्चिमी देशों को चेतावनी दी है। पुतिन ने कहा है कि उनके देश ने गुरुवार को एक नई हाइपरसोनिक मिसाइल 'ओरेश्निक' का यूक्रेन में सफल परीक्षण किया है।

पुतिन ने कहा, यह रूस की अब तक की सबसे उन्नत मिसाइलों में है, जिसका वर्तमान में कोई तोड़ नहीं है, क्योंकि इसकी स्पीड 2 से 4 किमी प्रति सेकेंड है। पुतिन ने कहा, रूस इस मिसाइल के और परीक्षण करेगा। मल्टी-वारहेड वाली यह मिसाइल एक साथ कई लक्ष्यों पर निशाना साध सकती है।

### कीव में बिजली गुल

रूस ने गुरुवार को असाधारण शक्तिशाली आइसीबीएम से यूक्रेन के नेप्रोपेट्रोव्स्क शहर के औद्योगिक परिसर पर सफलतापूर्वक हमला किया था, जिससे कीव की बिजली सप्लाई गंभीर रूप से बाधित हुई है। यूक्रेनी अखबार कीव इंडिपेंडेंट के अनुसार, कीव में सरकारी इमारतों पर रूसी हमले की विश्वसनीय धमकी के कारण 22 नवंबर को निर्धारित यूक्रेनी संसद की बैठक रद्द कर दी गई है।

वहीं, हंगरी के पीएम विक्टर ओर्बन ने कहा है कि यूरोप को पुतिन की चेतावनी को गंभीरता से लेना चाहिए। दूसरी ओर वाइट हाउस प्रवक्ता ने भी इस पर चिंता जताई है।

***तीसरा विश्व युद्ध हो चुका है शुरू...*** यूक्रेन के पूर्व सैन्य प्रमुख वालेरी जालुजनी ने कहा है कि दुनिया वास्तव में तीसरे विश्व युद्ध के क्षेत्र में कदम रख चुकी है। फिलहाल ब्रिटेन में यूक्रेन के दूत के रूप में कार्य कर रहे जालुजनी ने कहा कि रूस में उत्तर कोरियाई सैनिकों की खतरनाक भागीदारी, ईरानी हथियारों का इस्तेमाल यह दर्शाता है कि यूक्रेन संघर्ष क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर गया है।

**संगठन चुनाव:** सीधे नाम देने से हिचक रहा संघ

# संघ की सहमति से जल्द तय हो सकता है भाजपा का नया अध्यक्ष

डॉ. मीना कुमारी
patrika.com

**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव खत्म होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के बारे में चर्चा शुरू हो गई है। सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों तक के चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं। नए साल में मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह नए अध्यक्ष की ताजपोशी होगी। वैसे तो पार्टी संविधान के मुताबिक अध्यक्ष का चुनाव होना है लेकिन अपने पूर्व संगठन जनसंघ के समय से ही भाजपा में अध्यक्ष के चयन की परिपाटी रही है। इस चयन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अलावा इस बार भी मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अहम भूमिका रहेगी। भाजपा हलकों में नए अध्यक्ष को लेकर नए-नए नाम सामने आ रहे हैं लेकिन संघ से तालमेल बैठा कर तथा उसका एजेंडा आगे बढ़ाने वाले नेता पर ही सहमति बनेगी।

भाजपा संगठन के जानकार सूत्रों के अनुसार नए अध्यक्ष को लेकर संघ और भाजपा में फिलहाल उलझन बनी हुई है। यह उलझन दोनों के बीच तो है ही, साथ ही दोनों संगठनों में आंतरिक तौर पर भी कोई सर्वसम्मत नाम उभर कर नहीं आ रहा। संभावित नामों की सूची बार-बार बदल रही है। सूत्र कहते हैं कि संघ सीधे तौर पर अपनी ओर से नाम देने से हिचक रहा है।

### चौहान, भूपेंद्र, धर्मेंद्र की चर्चा

**फिलहाल** भाजपा संगठन हलकों कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और वन मंत्री भूपेंद्र यादव का नाम चल रहा है। चौहान को लेकर शुरुआत में संघ की सहमति थी लेकिन माना जा रहा है कि एक वर्ग उनके प्रति आशंकित है कि वे अध्यक्ष बनने के बाद संघ की कितनी बात मानेंगे। बताया जाता है कि इसके पीछे बड़ा कारण कृषि मंत्रालय में उनके कुछ फैसले हैं जो संघ की विचारधारा से मेल नहीं खाते। प्रधान और यादव का नाम भाजपा अध्यक्ष के पिछले चुनाव में भी चला था लेकिन चयन नड्डा का हुआ। इस बार उन दोनों को संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश सोनी की पसंद माना जा रहा है।

### सुरेश सोनी हुए सक्रिय

**सूत्रों** के अनुसार संघ-भाजपा संबंधों में पिछले कुछ समय से इस रूप में बदलाव दिख रहा है कि इस मोर्चे पर वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश सोनी फिर से सक्रिय हुए हैं। सोनी संघ की ओर से विभिन्न विषयों को लेकर सरकार के साथ बातचीत करने लगे हैं। वे सरकार के साथ टकराव के पक्ष में नहीं हैं वहीं सरकार भी उनसे बातचीत करने में सहज है। उनके दिए नामों की भाजपा में ज्यादा स्वीकार्यता रही है। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उन्हीं की पसंद हैं। ऐसे में यादव और प्रधान के नाम पर हरी झंडी मिलना चौंकाएगा नहीं।

***देवेंद्र का भविष्य महाराष्ट्र के परिणामों पर...*** अध्यक्ष के लिए एक प्रमुख नाम महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का भी है लेकिन उनका भविष्य शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने आने और प्रदेश में पार्टी की आगे की रणनीति पर टिका हुआ है।

**पाकिस्तान:** हमले में मौतों का आंकड़ा 42 पहुंचा

# आक्रोशित शिया समुदाय ने दो चौकियां फूंकी, तनाव




आक्रोशित शिया समुदाय ने शुक्रवार को हमले के विरोध में रैली निकाली।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इस्लामाबाद.** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को आतंकी हमले में मौतों का आंकड़ा शुक्रवार को 42 तक पहुंच गया जबकि 30 से ज्यादा घायल हैं। गुस्साए शिया समुदाय ने शुक्रवार को कुर्रम जिले में दो चौकियों में तोड़फोड़ करके आग लगा दी। भीड़ को उग्र होता देख सेना, अर्द्धसैनिक बल और पुलिस के जवान वहां से भाग छूटे। हमले में मारे गए लोग शिया मुसलमान थे, जिनमें महिला और बच्चे भी थे। अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमले के प्रदत्क्षदर्शी मीर हुसैन ने कहा कि उन्होंने चार बंदूकधारियों को एक वाहन से निकलते और बसों और वैन पर गोलीबारी शुरू करते देखा। गोलीबारी लगभग 40 मिनट तक चलती रही। उन्होंने कहा, मैंने महिलाओं की चीखें सुनीं, लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया मुसलमान लगभग 15 फीसदी हैं, समुदायों के बीच जमीन के अलावा संप्रदाय को लेकर दुश्मनी का इतिहास है।

**पत्रिका पोल**

Q क्या भारत से पंगे लेने वाले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगले साल के आम चुनाव में विदाई तय है?

**कल का सवाल था**

विधानसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने से क्या 'आप' को फायदा होगा?

**जवाब**

52% हां — 48% नहीं

स्कैन करें...

**गोवा** पनडुब्बी-नौका टक्कर, दो मछुआरे लापता

**पणजी @ पत्रिका.** गोवा तट से लगभग 70 समुद्री मील दूर मछली पकड़ने वाली एक नौका से भारतीय नौसेना की पनडुब्बी टकराने के बाद लापता हुए दो मछुआरों की तलाश जारी है। घटना गुरुवार की है। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि नौका 'मर्थोमा' में चालक दल के 13 सदस्य थे और इनमें से 11 को तलाश एवं बचाव अभियान के दौरान बचा लिया गया। दो की तलाश की जा रही है।

**ब्राजील** मुझे जहर देने की हुई कोशिश: राष्ट्रपति

**ब्रासीलिया @ पत्रिका.** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने खुलासा किया है कि 2022 में पदभार ग्रहण करने से कुछ दिन पहले उन्हें व उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन को जहर देने की कोशिश की गई थी। राष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम में यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है जब पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो और 36 अन्य पर 2022 के चुनावों के बाद तख्तापलट की साजिश की जांच में अभियोग लगा है।

**11 घंटे यात्री परेशान**

### टाइम पूरा हुआ तो पायलट ने ड्यूटी पर आने से किया इनकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** चेन्नई एयरपोर्ट से गुरुवार रात 2.40 बजे सिंगापुर के लिए जाने वाली उड़ान 688 के यात्री 11 घंटे फंसे रहे। दरअसल, पायलट ने टाइम पूरा होने का हवाला देते हुए ड्यूटी पर आने से इनकार कर दिया। इससे विमान के 152 यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। 11 घंटे बाद उड़ान को रवाना किया गया। विमानन कंपनी ने बताया कि यात्रियों को संशोधित कार्यक्रम के बारे में सूचित कर दिया गया था, लेकिन ज्यादातर यात्री एयरपोर्ट पर पहुंच गए।

**आया क्रिसमस:** फ्रूट मैसरेशन सेरेमनी से जश्न की शुरुआत



**भोपाल.** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन में क्रिसमस से पहले केक तैयार करने के लिए फ्रूट मैसरेशन सेरेमनी में भाग लेती महिलाएं। यह सेरेमनी क्रिसमस के जश्न की शुरुआत का प्रतीक मानी जाती है।

**ट्रेंडिंग न्यूज**



**ट्रंप ने अब पॉम को एजी बनाया**

**अमरीका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मैट गेट्ज के नाम वापस लेने के बाद अब फ्लोरिडा की पूर्व अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को अमरीका के अटॉर्नी जनरल के लिए नामांकित किया है।

**नेतन्याहू ने खारिज किया आइसीसी वारंट**

**इजरायली** पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आइसीसी अरेस्ट वारंट को यहूदी विरोधी फैसला बताया है। उन्होंने फैसले की तुलना ड्रेफस मुकदमे से की है। ड्रेफस फ्रांसीसी सेना में यहूदी अधिकारी थे, जिन पर गुप्त दस्तावेज लीक का मामला साबित नहीं हो पाया था।



**टाइम ने छापी मस्क की टू-डू लिस्ट**

**टाइम** मैग्जीन ने अपनी कवर स्टोरी में अरबपति कारोबारी एलन मस्क की टू-डू लिस्ट छापी है, जिसमें ईवी, ट्विटर खरीदना, रॉकेट लॉन्च से लेकर ट्रंप को निर्वाचित करवाना शामिल है। मस्क ने इसे खारिज करते हुए पूरी तरह मनगढ़ंत बताया है।



**धर्मनिरपेक्ष-समाजवादी** मामले में फैसला 25 को

# भारत में समाजवाद का मतलब कल्याणकारी राज्य: सीजेआइ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** संविधान के 42वें संशोधन के जरिए प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ने के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला 25 नवंबर को सुनाने को कहा। भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी व अन्य की याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सीजेआइ संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की बेंच ने कहा कि 1976 में किए गए 42वें संविधान संशोधन की कई बार न्यायिक समीक्षा की गई है और वह यह नहीं कह सकता कि आपातकाल के दौरान संसद ने जो कुछ भी किया वह सब निरर्थक था। सुनवाई के दौरान बेंच ने याचिकाकर्ता की यह मांग खारिज कर दी कि मामले को बड़ी बेंच के पास भेजा जाए। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने नौ जजों की बेंच के हाल ही दिए बहुमत के फैसले में समाजवादी शब्द की व्याख्या का जिक्र किया। इस पर सीजेआइ खन्ना ने कहा कि समाजवाद शब्द का उपयोग दुनिया भर में अलग-अलग होता है। भारत में इसका मतलब है कि राज्य कल्याणकारी है। उसे लोगों के कल्याण के लिए खड़ा होना चाहिए व अवसरों की समानता देनी चाहिए। इसने निजी क्षेत्र को कभी नहीं रोका, जो अच्छी तरह से फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने 1994 के एसआर बोम्मई मामले में धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा माना था।

**जोखिम** बिना डॉक्टरी परामर्श प्रसव का खतरा उठाया

# वाट्सऐप पर मिले निर्देशों से घर पर ही कराई महिला की डिलीवरी, पुलिस कर रही जांच

**चेन्नई @ पत्रिका.** सोशल मीडिया ग्रुप में मिलने वाला ज्ञान कई बार खतरनाक हो सकता है, लेकिन चेन्नई के कुंड्रात्तूर में वाट्सऐप ग्रुप पर मिली जानकारी के आधार पर एक दंपती ने घर पर ही प्रसव का जोखिम उठाया। नंदम्बाक्कम में किराए के घर में रहने वाले मनोहरन (36) और उनकी पत्नी सुकन्या (32) की पहले दो बेटियां हैं। दंपती जिस वाट्सऐप ग्रुप से जुड़ा था, उसमें प्रसव को लेकर कई तरह की जानकारी और वीडियो शेयर किए गए थे। सुकन्या ने पूरी गर्भावस्था के दौरान कोई जांच नहीं करवाई। 17 नवंबर को जब सुकन्या को प्रसव पीड़ा हुई तो अस्पताल जाने की बजाय दंपती ने वाट्सऐप ग्रुप से मदद लेने का निर्णय किया।



***चिकित्सा सुरक्षा नियमों का उल्लंघन:*** डिलीवरी की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दंपती के खिलाफ केस दर्ज करवाया। शिकायत में कहा गया है कि मनोहरन की हरकत ने निर्धारित चिकित्सा सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया है। पूछताछ वाट्सऐप ग्रुप का पता चला।

**विशेषज्ञ की राय**

### मां-बच्चे दोनों की जान को खतरा

**लोक** स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशायल के निदेशक डॉ. टीएस सेल्वाविनायकम ने कहा, कोई भी प्रसव आपातकालीन स्थिति बन सकती है। आपातकालीन प्रसूति देखभाल नहीं मिलने पर मां और बच्चे को जान का खतरा हो सकता है।

**मणिपुर:** खरगे के पत्र पर भाजपा अध्यक्ष का जवाब

# यूपीए सरकार के गलत फैसलों को भूल गई कांग्रेस : नड्डा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** मणिपुर में बिगड़े हालात के बीच भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। हाल ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर राज्य में शांति बहाली के लिए हस्तक्षेप की मांग की थी। इस पत्र के जवाब में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने खरगे को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि जब पीएम नरेंद्र मोदी मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर संबोधित कर रहे थे, तब आप और आपकी पार्टी ने जिस गैर जिम्मेदाराना तरीके से वॉकआउट किया, उसे देखने के बाद आपका राष्ट्रपति को पत्र लिखना हैरान करने वाला है। आप और आपकी पार्टी 90 के दशक में यूपीए सरकार के गलत फैसलों को भूल रही है।

### झूठ से भरा पत्र: कांग्रेस

**कांग्रेस** नेता जयराम रमेश ने कहा, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि नड्डाजी का पत्र झूठ से भरा है। यह एक 4डी अभ्यास है, जिसमें इनकार, विकृति, व्याकुलता और मानहानि शामिल है।

"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।